माघ शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 10 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक -170, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

गामा किरण की गुत्थी सुलझाएगा आदित्य एल-1 16

मां ने मुझे थिएटर जाने को किया प्रोत्साहित 2

मुख्यमंत्री धामी पहुंचे हल्द्वानी, हिंसा में 4 गिरफ्तार

कार्यालय संवादाता, हल्द्वानी

- हल्द्वानी हिंसा: पांच हजार के खिलाफ मुकदमा दर्ज, 18 नामजद
- अर्द्धसैनिक बलों ने फ्लैग मार्च किया
- अब तक पांच मौतों की पुष्टि, इनके शव बरामद

अमृत विचार: शहर के बनभूलपुरा इलाके में गुरुवार को हुई हिंसा मामले में पुलिस ने 18 नामजद समेत पांच हजार उपद्रवियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। चार को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। इस बीच जिला प्रशासन ने 5 दंगाइयों की मौत की पुष्टि की। इनके शव भी बरामद कर लिए गए हैं। क्षेत्र में शांति-व्यवस्था कायम करने के लिए शुक्रवार को अर्द्धसैनिक बलों ने बनभूलपुरा इलाके में फ्लैग मार्च किया।

इस बीच, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी हल्द्वानी पहुंचे और घायल पुलिस, निगम के कर्मियों के साथ ही घायल पत्रकारों से भी मुलाकात की। उन्होंने हिंसा को सुनियोजित तरीके से की गई गहरी साजिश करार दिया। नुकसान की भरपाई दंगाइयों से की जाएगी।

हल्द्वानी पहुंचे मुख्यमंत्री धामी घायल पुलिसकर्मियों का हाल जानते हुए।

देवभूमि का माहौल खराब करने की साजिश, होगी कार्रवाई: धामी

हल्द्वानी। घटनास्थल पर पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्थिति का जायजा लिया और कहा कि यह देवभूमि का माहौल खराब करने की साजिश है। उपद्रवियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जिन लोगों ने कानून तोड़ा है और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है, उनके सारे वीडियो फुटेज और फुटप्रिंट उपलब्ध हैं। इस घटना में शामिल सभी उपद्रवियों को चिह्नित कर उन पर विधिसम्मत कार्रवाई की प्रक्रिया गतिमान है।

मौलाना तौकीर के भड़काऊ बयान, भीड़ ने की तोड़फोड़

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मौलाना को पुलिस ने रास्ते से लौटाया, बवाल की आशंका में तनाव में घिरा रहा शहर, स्कूलों की छुट्टी, बाजार बंद किए

अमृत विचार: आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा की जेल भरो की अपील पर शुक्रवार को भारी तनाव के माहौल में हजारों की भीड़ इकट्ठी हुई। पुलिस-प्रशासन ने मौलाना और उनके समर्थकों को सामूहिक गिरफ्तारी देने के लिए इस्लामिया ग्राउंड तो नहीं पहुंचने दिया, लेकिन उनके भड़काऊ बयानों के कारण प्रदर्शन के बाद लौटती भीड़ ने शहामतगंज में जमकर तोड़फोड़ और पथराव करने के साथ दो लोगों को पीट दिया। पुलिस ने डंडे चलाकर भीड़ को खदेड़ा। इस बीच मौलाना के आह्वान पर मुस्लिम बहुल इलाकों में बाजार पूरी तरह बंद रहा। बवाल की आशंका देखते हुए दोपहर 12 बजे सभी स्कूलों की भी छुट्टी करा दी गई।

समर्थकों के साथ गिरफ्तारी देने जा रहे मौलाना तौकीर रजा को पुलिस ने रास्ते में ही रोक दिया। ● अमृत विचार

ज्ञानवापी में पूजा की अनुमति दिए जाने और मस्जिद-मदरसों को तोड़ने का आरोप लगाते हुए मौलाना तौकीर घोषित कार्यक्रम के तहत दोपहर सवा बजे मौलाना तौकीर आला हजरत दरगाह की करोलान मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करने पहुंचे। इस बीच शहर में चौतरफा सुरक्षा इंतजामों के बावजूद उनके हजारों समर्थकों की भीड़ इकट्ठी हो चुकी थी। नमाज के बाद मौलाना समर्थकों के साथ रास्ते में लगा बैरियर तोड़ते हुए इस्लामिया ग्राउंड की ओर बढ़े, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया। करीब 15 मिनट बाद मौलाना तौकीर समर्थकों के साथ यहीं से लौट गए। डीएम रविंद्र कुमार ने बताया कि मौलाना तौकीर और उनके समर्थकों को समझाकर रास्ते से ही लौटा दिया गया। किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

मोदी-योगी होश में आओ के नारों के बीच शहामतगंज में मारपीट और पथराव

आईएमसी के प्रदर्शन के बाद शहामतगंज में बवाल होने से बच गया। इस्लामिया ग्राउंड की ओर से लौट रहे सैकड़ों लोगों ने शहामतगंज में मौलाना आजाद इंटर कॉलेज के पास जमकर नारेबाजी की। 'मोदी-योगी होश में आओ' जैसे नारे लगाते हुए तोड़फोड़ के साथ दो लोगों के साथ जमकर मारपीट की। इसके बाद पथराव भी किया। इससे यहां भगदड़ मच गई। कुछ देर बाद पहुंची पुलिस ने डंडे फटकारकर भीड़ को खदेड़ा।

एक नजर

नौकरी के बदले जमीन मामले में राबड़ी, हेमा और मीसा को जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामले में शुक्रवार को बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी बेटी मीसा भारती तथा हेमा यादव को 28 फरवरी तक अंतरिम जमानत दी। विशेष न्यायमूर्ति विशाल गोगने ने ईडी के उस दावे के बाद तीनों आरोपियों को जमानत दे दी कि उसे उनकी नियमित जमानत याचिका पर दलीलें दाखिल करने के लिए समय चाहिए। ईडी द्वारा दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने के बाद मामले में अदालत द्वारा जारी समन के अनुपालन में आरोपी अदालत में पेश हुए। अदालत ने ईडी से पूछा कि उसे आरोपियों की हिरासत की जरूरम क्यों, जबकि उसने अपनी जांच के दौरान उन्हें गिरफ्तार नहीं किया था।

बाबा सिद्दीकी एनसीपी में आज होंगे शामिल: अजित

मुंबई। महाराष्ट्र में एक दिन पहले बाबा सिद्दीकी ने कांग्रेस पार्टी छोड़ने का ऐलान किया था। अब महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को कहा कि बाबा सिद्दीकी 10 फरवरी को एनसीपी में शामिल होंगे। अजित पवार ने बताया कि 11 फरवरी को कुछ और लोग पार्टी में शामिल होंगे। हाल ही में चुनाव आयोग ने अजित पवार गुट की एनसीपी को असली एनसीपी बताया था।

चौ. चरण सिंह, नरसिम्हा राव और एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न

विभूतियों को महासम्मान

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव और देश में हरित क्रांति के जनक डॉ. एमएस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' (मरणोपरांत) से सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को खुद 'एक्स' पर पोस्ट के जरिए यह ऐलान करते हुए तीनों के योगदान की सराहना की। इस साल अब तक पांच लोगों को भारत रत्न देने की घोषणा हुई है, जो अब तक की सर्वाधिक संख्या है।

कुछ दिनों पहले ही सरकार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के लिए भारत रत्न की घोषणा की थी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट नेता और 1979-80 में प्रधानमंत्री रहे चौ. चरण सिंह ऐसे समय में कांग्रेस विरोधी राजनीति के धुरी के रूप में उभरे थे, जब देशभर में उसका वर्चस्व था। वहीं कांग्रेस नेता राव 1991-96 तक देश के प्रधानमंत्री रहे और उन्हें आर्थिक सुधारों के लिए जाना जाता है, जबकि डॉ. स्वामीनाथन दुनिया के ख्याति लब्ध कृषि वैज्ञानिक थे।

मोदी ने एक पोस्ट में कहा, 'हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है।' प्रधानमंत्री ने अलग पोस्ट कर भारत रत्न से सम्मानित होने वाली सभी विभूतियों के योगदानों का जिक्र किया।

अब तक 53 लोगों को सम्मान

करीब 68 साल पहले शुरू हुए इस सर्वोच्च सम्मान से अब तक 53 हस्तियों को सम्मानित किया जा चुका है। पहली बार साल 1954 में आजाद भारत के पहले गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राज गोपालाचारी, वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकटरमन और सर्वपल्ली राधाकृष्णन को दिया गया था।



चौ. चरण सिंह
पूर्व प्रधानमंत्री

पीवी नरसिम्हा राव
पूर्व प्रधानमंत्री

एमएस स्वामीनाथन
हरित क्रांति के जनक

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया ऐलान, इस साल अब तक पांच नामों की घोषणा

कांग्रेस ने किया स्वागत

नई दिल्ली। कांग्रेस ने 'भारत रत्न' दिए जाने की घोषणा का स्वागत करते हुए शुक्रवार को कहा कि ये तीनों 'भारत के रत्न' थे, हैं और सदैव रहेंगे। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने नरसिम्हा राव को 'भारत रत्न' देने की घोषणा के बारे में पूछे जाने पर संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, 'मैं इसका स्वागत करती हूं। क्यों नहीं?'

योगी ने सम्मान को अभिनंदनीय बताया

लखनऊ। पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव और कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित किये जाने के फैसले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया है। मुख्यमंत्री ने तीनों विभूतियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शुभकामनाएं व्यक्त की। उन्होंने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर इसे लेकर पोस्ट भी साझा किया और इसे अभिनंदनीय बताया।

कांशीराम को भी भारत रत्न मिले: मायावती

लखनऊ। बसपा प्रमुख मायावती ने एक बार फिर पार्टी संस्थापक कांशीराम को भी भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की मांग उठाई है। उन्होंने एक्स पर लिखा लिखा कि वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा जिन भी हस्तियों को भारत रत्न से सम्मानित किया गया है, उसका स्वागत है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को लंबे इंतजार के बाद वीपी सिंह की सरकार ने भारतरत्न से सम्मानित किया। उसके बाद दलित और उपेक्षितों के मसीहा कांशीराम का इनके हितों में किया गया संघर्ष कोई कम नहीं।

140 करोड़ भारतवासियों के गौरव का प्रतीक है भारतीय सेना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 'किरांति शौर्य समारोह' में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय सेना 140 करोड़ भारतवासियों के गौरव का प्रतीक है। सेना के शौर्य व पराक्रम पर कोई भी भारतीय संदेह नहीं करता। जीवन की परवाह किए बिना भारतीय जवानों ने कठिन से कठिन परिस्थितियों में दुर्गम स्थानों पर रहकर भारत की एकता-अखंडता व संप्रभुता की सदैव रक्षा की है। भारत की आजादी के बाद गठित होने वाली पहली रेजीमेंट के रूप में यह गौरव गोरखा राइफल को प्राप्त है।

योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को 11 गोरखा राइफल रेजीमेंटल सेंटर में आयोजित 'किरांति शौर्य समारोह' में ये बातें कहीं। योगी ने सैनिकों के हैरतअंगेज प्रदर्शन को भी देखा। बच्चों ने कराटे व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। आतंकियों से निपटने में सक्षम भारतीय सेना की शौर्य गाथा को भी देख दर्शकों ने तालियों से सैनिकों का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री ने वीर नारियों को सम्मानित भी किया और सेंटर के सफलतापूर्वक 75 वर्ष पूरा होने पर बधाई दी। इस दौरान सीडीएस जनरल अनिल चौहान, लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र भी मौजूद रहे।

गोरखा रेजीमेंट लखनऊ की प्रशंसा की

योगी ने कहा कि वीर व पराक्रमी जवानों की 11वीं गोरखा रेजीमेंट लखनऊ में है। अपनी स्थापना के बाद कई युद्ध लड़े हैं। साल 1983 में लखनऊ में आने के बाद इस रेजीमेंट ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। यहां के वीर जवानों ने शौर्य व पराक्रम से इतिहास के पन्नों में अपना नाम स्वर्णाक्षरों में दर्ज कराया है। इस रेजीमेंट ने देश को कैप्टन मनोज पांडेय जैसे शूरवीर दिए हैं। इस रेजीमेंट ने देश को दो सीडीएस व कई जनरलों की परंपरा दी है। यह 11 गोरखा रेजीमेंट के जवानों को याद करने का अवसर है, जिन्होंने सर्वोच्च बलिदान से मातृभूमि की रक्षा की और गोरखा रेजीमेंट का गौरव बढ़ाया है।

भाजपा के साथ जाएंगे जयंत बोले- किस मुंह से इंकार करूं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रालोद प्रमुख ने चौ. चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने पर कहा- 'दिल जीत लिया'

अमृत विचार: पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह को भारत रत्न मिलने के साथ ही भाजपा-रालोद के बीच लोकसभा चुनाव में गठबंधन पर भी मुहर लग गई है। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार प्रकट करते हुए भाजपा के साथ समझौता करने की भी पुष्टि की है। जयंत ने गठबंधन को लेकर कहा, 'क्या अब भी कोई कसर रहती है। आज मैं किस मुंह से इनकार करूं।' जयंत ने प्रधानमंत्री के संदेश पर लिखा भी, 'दिल जीत लिया।'

जयंत ने साफ तौर पर कहा कि पिता चौ. अजित सिंह का भी सपना आज पूरा हुआ। यह भावुक और यादगार पल है, पीढ़ियों तक याद रहेगा। ऐसे में संकेत यह मिले हैं कि चौ. अजित सिंह के जन्मदिवस 12 फरवरी को रालोद के राजग में शामिल होने की घोषणा हो जाए। इस बीच लोकसभा चुनाव में यूपी की सीटों पर भी समझौता फाइनल माना जा रहा है। भाजपा नेतृत्व ने जयंत चौधरी के सामने बागपत और बिजनौर लोकसभा सीट का प्रस्ताव रखा है। वहीं केंद्र में सरकार बनने पर मंत्री पद का भी प्रस्ताव रखा गया है।

जम्मू-कश्मीर: निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण का रास्ता साफ

- जम्मू-कश्मीर से संबंधित तीन महत्वपूर्ण विधेयकों को संसद की मिली मंजूरी

नई दिल्ली। संसद ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर से संबंधित तीन विधेयकों मंजूरी दे दी, जिनमें केंद्र शासित प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण देने और वाल्मीकि समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने के प्रावधान शामिल हैं। राज्यसभा में जम्मू-कश्मीर पंचायती राज विधेयक (संशोधन) विधेयक, संविधान (जम्मू कश्मीर) अनुसूचित जातियां आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 और संविधान (जम्मू कश्मीर) अनुसूचित जनजातियां आदेश (संशोधन) विधेयक पर एकसाथ चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित किया गया।

लोकसभा इन्हें पहले ही पारित कर चुकी है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार और जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने विधेयकों पर हुई चर्चा के जवाब दिए और फिर उसके बाद इन्हें उच्च सदन ने मंजूरी दी।

19 दिन में दूसरी बार पहुंचे अयोध्या

अमिताभ ने रामलला के दर्शन किए, समर्पित किया सोने का हार

अयोध्या। बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन शुक्रवार सुबह रामनगरी पहुंचे। कड़ी सुरक्षा के बीच राम जन्मभूमि परिसर में वीवीआईपी गेट से प्रवेश कराया गया। उन्होंने सबसे पहले रामलला का दर्शन-पूजन किया और उन्हें सोने का हार अर्पित किया। इस दौरान अमिताभ बच्चन करीब 20 मिनट तक प्रभु राम के दरबार में रहे और पांच मिनट तक रामलला के सामने खड़े होकर वंदना करते रहे। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य स्वामी विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य ने बताया कि अमिताभ बच्चन ने रामलला को सोने की एक माला समर्पित की है।

सैलून के अंदर घुसकर दो ग्राहकों की गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के नजफगढ़ इलाके में एक सैलून के अंदर दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक, सोनू और आशीष नाम के व्यक्तियों को अन्य ग्राहकों तथा सैलून कर्मियों के सामने कई गोली मारी गई। दोनों की उम्र 30 वर्ष के करीब है।

घटना का एक सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर आया, जिसमें एक पीड़ित को हमलावरों से गुहार लगाते देखा जा सकता है। हमलावरों ने बेहद गुस्से में उसके सिर में गोली मारी। पुलिस ने कहा कि जहां सोनू को सिर में एक गोली मारी गई, वहीं आशीष के सिर में तीन और सीने में एक गोली लगी। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया, हमले के पीछे निजी दुश्मनी होने का संदेह है, लेकिन गिरोहों के बीच लड़ाई की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। पुलिस ने बताया कि वारदात के बाद दोनों हमलावर घटना स्थल से भाग गए। घटना के तुरंत बाद इलाके में दहशत फैल गई और पुलिस को सूचना दी गई। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीम गठित की गई है।

संप्रग भ्रष्टाचारजीवी सरकार थी सोनिया थीं सुपर प्राइम मिनिस्टर

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कांग्रेस पर आर्थिक कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और घोटालों को लेकर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन' (संप्रग) सरकार एक 'आंदोलनजीवी और भ्रष्टाचारजीवी सरकार' थी, जिसने देश में 'जयंती टैक्स' को जन्म दिया।

केंद्रीय वित्तमंत्री ने 'भारतीय अर्थव्यवस्था और देश के नागरिकों पर इसके प्रभाव पर श्वेत पत्र' को लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए यह दावा भी किया कि सोनिया गांधी संप्रग सरकार में सुपर प्राइम मिनिस्टर थीं और उनकी अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय सलाहकार परिषद (एनएसी) 'किचन कैबिनेट' से भी बदतर थी, जो असंवैधानिक संस्था के रूप में कानून बनवा रही थी। वित्त मंत्री ने संप्रग सरकार पर राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ का आरोप लगाया और कहा कि उस वक्त नेतृत्व का अभाव था। उन्होंने कहा कि श्वेत पत्र एक गंभीर दस्तावेज है, जिसमें दस्तावेजी प्रमाण हैं।

- वित्तमंत्री सीतारमण ने लोकसभा में श्वेत पत्र पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कांग्रेस पर किया प्रहार

उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास रहा है कि संप्रग सरकार के 10 साल के कुप्रबंधन को दुरुस्त करना और अर्थव्यवस्था को ऐसे आगे ले जाना कि यह मजबूती के साथ बढ़े। वित्त मंत्री का कहना था कि इस दस्तावेज में कोई भी आधारहीन आरोप नहीं लगाए गए हैं और इसमें कैग की रिपोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों को उद्धृत किया गया है। उन्होंने कहा, 'इस श्वेत पत्र में की गई हर बात प्रमाण के साथ है।' सीतारमण के जवाब के बाद सरकार के श्वेतपत्र के विरोध में आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन और तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय द्वारा लाए गए स्थानापन्न प्रस्तावों को सदन ने ध्वनिमत से खारिज कर दिया।

खेती-किसानी

गन्ना शोध परिषद ने विकसित कीं 1000 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उपज देने वाली किस्में

गन्ने की चार नई प्रजातियों से सुधरेगी किसानों की आर्थिक स्थिति

श्याम मिश्र, शाहजहांपुर

अमृत विचार: गन्ने की चार नई प्रजातियां किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने में कारगर साबित होंगी। गन्ना शोध परिषद ने चार नई प्रजातियां कोशा-16233, 15233, 17231 और 13235 तैयार की हैं। औसत उपज की बात करें तो करीब एक हजार क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। इनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी अब तक प्रचलित प्रजातियों से कहीं ज्यादा है। प्रदेश भर में इन प्रजातियों के गन्ने की खूब मांग है। किसान ऑनलाइन बुक कर बीज खरीद रहे हैं।

गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर की ओर से गन्ने की ये प्रजातियां विकसित की गई हैं। प्रचलित गन्ना साढ़े आठ सौ से साढ़े नौ सौ क्विंटल प्रति हेक्टेयर उपज देता है। पुरानी प्रजातियों में लाल सड़न सहित तमाम बीमारियां भी लगती थीं, लेकिन इनमें लाल सड़न रोग लगने की आशंका बहुत कम है। गन्ना शोध परिषद के प्रसार अधिकारी एसके पाठक ने बताया कि कोशा 17231 की पैदावार प्रति हेक्टेयर 90 से 100 टन है और यह लगभग 10 महीने में तैयार हो जाती है। इसे अगेती प्रजाति कहते हैं। इसी तरह वैज्ञानिकों ने कोशा 15233 और 16233 की खोज की है। यह प्रजातियां भी लाल सड़न रोग कैंसर रोधी है।

- कोशा -16233, 15233, 17231, 13235 की बेहतर उपज ले सकेंगे किसान

> वैज्ञानिकों ने कोशा 17231, 15233, 16233 और 13235 प्रजाति के गन्ने का विकास किया है। यह प्रजातियां किसानों के लिए बहुत उपयोगी हैं। कैंसर (लाल सड़न) बीमारी का भी इन पर असर नहीं होता। – **एसके पाठक**, प्रसार अधिकारी, गन्ना शोध परिषद, शाहजहांपुर

नई प्रजाति को विकसित करने में लगते हैं दस साल: गन्ने की एक नई प्रजाति के तैयार होने में करीब 10 साल का समय लगता है। अगर अब प्रजाति खेतों तक पहुंची है तो उसको तैयार करने की प्रक्रिया 10 साल पहले शुरू हुई थी। गन्ना शोध परिषद के कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि एक नई वैरायटी तैयार करने के लिए लंबी प्रक्रिया से गुजरना होता है। पहले शोध परिषद के वैज्ञानिक कोयंबटूर जाकर मेल और फीमेल गन्ने की प्रजातियां को आपस में क्रॉस कराते हैं। कोयंबटूर जाने की मजबूरी इसलिए है, क्योंकि वहां की जलवायु इसके लिए सबसे सही है। पहली बार पौध तैयार करने पर उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता के साथ पेड़ी आदि की जांच भी की जाती है। इन सब प्रक्रिया में 10 साल का समय लगता है। तब एक प्रजाति बाहर आती है।

साढ़े छह हजार बड ऑनलाइन बुक

प्रदेश में 17231 प्रजाति के गन्ने की ऑनलाइन बुकिंग चल रही है। साढ़े छह हजार बड बीज बुक हो चुका है। पश्चिमी यूपी के किसानों को मुजफ्फरनगर, पूर्वी यूपी के किसानों को सेबरहि और मध्य यूपी के किसानों को शाहजहांपुर से बीज दिया जा रहा है। बीज देने का आरंभ शुक्रवार से शाहजहांपुर गन्ना शोध परिषद में हुआ। किसानों को मिनी बीज किट का वितरण किया जा रहा है। 15233 प्रजाति को छोड़ अन्य तीनों किस्मों के बीज का विकास शाहजहांपुर शोध परिषद के वैज्ञानिकों ने ही किया है।

ओलंपिक क्वालीफायर और एशियाई चैंपियनशिप: कुश्ती का चयन ट्रायल 10-11 मार्च को

चयनित होने को पहलवान पटियाला और सोनीपत में आजमाएंगे जोर

नई दिल्ली, एजेंसी

आगामी ओलंपिक क्वालीफायर और एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय कुश्ती टीम चुनने के लिए चयन ट्रायल का आयोजन 10 और 11 मार्च को क्रमशः पटियाला और सोनीपत में होगा। यह जानकारी इस खेल का प्रबंधन कर रही तदर्थ समिति ने शुक्रवार को दी।

इस ट्रायल की योजना शुरुआत में 27 से 29 फरवरी के लिए बनाई गई थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी में देरी के बाद इसे स्थगित कर दिया। महिला पहलवानों के लिए ट्रायल 'एनएसएनआईएस' पटियाला में होंगे जबकि ग्रीको रोमन और फ्रीस्टाइल पहलवानों के लिए ट्रायल भारतीय खेल प्राधिकरण सोनीपत में होंगे। भूपेन्द्र सिंह बाजवा की अध्यक्षता वाली तदर्थ समिति ने कहा कि आगामी ओलंपिक क्वालीफायर और एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय कुश्ती टीम के चयन के लिए तदर्थ समिति 10 और 11 मार्च को चयन ट्रायल का आयोजन करेगी। ओलंपिक भार वर्ग में ट्रायल के विजेता को आगामी ओलंपिक क्वालीफायर (19 से 21 अप्रैल तक एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर और 9 से 12 मई तक विश्व ओलंपिक क्वालीफायर) में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। अंतिम (53 किग्रा) को 2024 सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में खेलने को सीधे प्रवेश दिया जाएगा।

ट्रायल की योजना 27 से 29 फरवरी के लिए थी जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गई थी

बल्लेबाज आक्रामक-पारंपरिक शैली में संतुलन बनाएं: वॉन

इंग्लैंड एक ऐसी टीम बन सकती है, जिसे बहुत अच्छा करने के बावजूद भी ज्यादा सफलता ना मिले

लंदन, एजेंसी

पूर्व कप्तान माइकल वॉन को चिंता है कि इंग्लैंड एक ऐसी टीम बन जाएगी जो कड़ी मेहनत करने के बावजूद ज्यादा जीत हासिल करने में नाकाम रहेगी। उन्होंने भारत में टीम की बल्लेबाजी इकाई को सफल होने के लिए आक्रामक और पारंपरिक क्रिकेट की शैली के बीच संतुलन बनाने की सलाह दी।

इंग्लैंड को 'बैजबॉल' तरीका अपनाने के बाद से टेस्ट क्रिकेट में अच्छी सफलता मिली है। टीम को हालांकि इस रवैए से कुछ अहम मुकाबलों में हार का सामना भी करना पड़ा है, जिसमें एशेज श्रृंखला के मैच भी शामिल है। इंग्लैंड ने घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली एशेज श्रृंखला को 2-2 से डॉ खेला था। इंग्लैंड के लिए जैक क्राउली को छोड़कर उनके सभी बल्लेबाज बड़े स्कोर बनाने में असमर्थ रहे। वॉन ने कहा कि इंग्लैंड की टीम अगर विशाखापत्तनम जैसी बल्लेबाजी जारी रखगी तो श्रृंखला नहीं जीत पाएगा। मैं वास्तव में सोचता हूं कि बल्लेबाजों को हमारे गेंदबाजों से कुछ सीखने की जरूरत है। हमारे गेंदबाजों ने पारंपरिक और आक्रामक शैली का अच्छा मिश्रण किया है। वॉन ने टीम बल्लेबाजों से आक्रामक रूख अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जेम्स एंडरसन ने कमाल किया है। टीम को एंडरसन का साथ देने के लिए तेज गेंदबाज शायद ऑली रॉबिन्सन को मैदान पर उतारना होगा।

इंग्लैंड ऐसी टीम जिसकी बहुत आलोचना नहीं की जा सकती

वॉन ने 'द टेलीग्राफ में लिखा कि इंग्लैंड ऐसी टीम बन गई है जिसकी बहुत आलोचना नहीं की जा सकती है क्योंकि उन्हें खेलते हुए देखना अच्छा है। हम मौजूदा टीम के खेल से बहुत प्रभावित होते हैं और बेन स्टोक्स के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने बड़े पैमाने पर सुधार किया है। मुझे चिंता है कि कहीं वे ऐसी टीम न बन जाए जो इतना शानदार करने के बाद भी अधिक मैच जीतने में सफल ना रहे। जब उन्हें एशेज श्रृंखला जीतनी चाहिए थी तब वे नहीं जीत सके और अब उन्होंने भारत को श्रृंखला में वापसी का मौका दे दिया है। यह तब हुआ जब विराट कोहली समेत कई बड़े नाम मौजूद नहीं थे। इंग्लैंड ने भारत में पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त ले ली थी, लेकिन बेन स्टोक्स की टीम के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में भारत ने शानदार वापसी कर जीत दर्ज की।

खेल डायरी

विश्व कप उपविजेता फ्रांस नेशन्स लीग फुटबॉल में इटली, बेल्जियम और इजरायल के साथ एक ग्रुप में

पेरिस, एजेंसी। विश्व कप उपविजेता फ्रांस, यूरोपीय चैंपियन (2020) इटली, बेल्जियम और इजराइल को सितंबर में शुरू होने वाले पुरुषों की यूएफा नेशन्स लीग के शीर्ष स्तर के मुश्किल ग्रुप 'ए 2' में एक साथ जगह दी गई है। नेशंस लीग चैंपियन स्पेन को डेनमार्क के अलावा स्विट्जरलैंड और सर्बिया के साथ ग्रुप 'ए 4' में रखा गया था, यूरो 2024 मेजबान जर्मनी, नीदरलैंड, हंगरी और बोस्निया-हर्जेगोविना को ग्रुप 'ए 3' में जगह मिली है जबकि क्रोएशिया, पुर्तगाल, पोलैंड और स्कॉटलैंड को 'ग्रुप ए-1' में शामिल किया गया है। फीफा रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड 2022 में नेशन्स लीग के दूसरे टियर में खिसक गया था। टीम को ग्रुप 'बी-2' में फिनलैंड, यूनान और आयरलैंड के साथ रखा गया है। यह 1991 के बाद इंग्लैंड और आयरलैंड के बीच पहला प्रतिस्पर्धी मैच होगा।

जुलाई में भारतीय फुटबॉल सत्र डूरंड कप से होगा शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय फुटबॉल सत्र की शुरुआत 26 जुलाई से डूरंड कप और इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के 11के सत्र का आगाज सितंबर महीने में होगा। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) के अनुसार 2024-25 भारतीय फुटबॉल सत्र की शुरुआत 26 जुलाई से डूरंड कप से होगी तथा सितंबतर में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का आयोजन किया जाएगा। एआईएफएफ ने बताया कि इस बीच, आई-ली भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) और कलिंगा सुपर कप अक्टूबर में शुरू होंगे। आगामी सत्र में आईडब्ल्यूएल विंडो को 4 से बढ़ाकर 6 महीने किया गया है। पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप संतोष ट्रॉफी नवंबर-दिसंबर में होगी। भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम मार्च और जून महीने में फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर खेलेगी।

रग्बी प्रीमियर लीग लांच करने को तैयार इंडिया

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ (आईआरएफयू) देश में खेल की लोकप्रियता बढ़ाने के उद्देश्य पर काम करते हुए फ्रेंचाइजी आधारित रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) लांच करने के लिए तैयार है। लीग में भारत और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की भी कुछ सर्वश्रेष्ठ रग्बी प्रतिभाए हिस्सा लेंगी। यह लीग इस साल सितंबर में खेल के 'सेवंस' प्रारूप में खेली जाएगी, जिसके शुरूआती चरण में छह टीमें हिस्सा लेंगी। आईआरएफयू के अध्यक्ष ने कहा कि यह भारत के लिए और भारतीय रग्बी के लिए ऐतिहासिक पल है। रग्बी दुनिया भर के बड़े खेलों में से एक है और भारत पिछले कुछ वर्षों से इस खेल में लगातार प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि आरपीएल भारतीय रग्बी के लिए 'गेम चेंजर' साबित होगी और हमारे खिलाड़ियों को दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेलने और अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करेगी।

स्नेहा ने डब्ल्यूपीजीटी के चौथे चरण का खिताब जीता

विशाखापत्तनम, एजेंसी। स्नेहा सिंह आखिरी तीन होल में दो बोगी करने के बाद बावजूद हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के चौथे चरण को जीतने में सफल रहीं। मौजूदा सत्र में तीन चरण में भाग लेने वाली स्नेहा की यह दूसरी जीत है। उन्होंने इस चरण के चौथे दौर में ईवन पार 72 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर पांच अंडर 211 होगा। हिताशी ने चौथे दौर में बोगी रहित 69 का कार्ड खेला लेकिन यह स्नेहा के पांच शॉट की बढ़त को पाटने के लिए काफी नहीं था। मौजूदा सत्र में तीसरे चरण की विजेता हिताशी पहले, दूसरे और इस चरण में उपविजेता रही है।

फ्रांसेस टियाफो डलास ओपन के क्वार्टरफाइनल में

डलास, एजेंसी। अमेरिका के शीर्ष वरीय फ्रांसेस टियाफो ने गुरुवार रात 19 साल के हमवतन एलेक्स मिचेलसन पर 6-4, 6-3 से जीत दर्ज कर डलास ओपन के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। जापान के योशिहितो निशियोका ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया, जिससे फ्रांस के एड्रियन मानारिनो एक भी मुकाबला खेले बिना क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए। राउंड 16 के अन्य मुकाबलों में सातवें वरीय जोर्डन थाम्पसन ने अमेरिका के डेनिस कुडला पर 6-1, 6-1 से जीत हासिल की जबकि जर्मनी के आठवीं वरीयता प्राप्त डोमिनिक कोफर ने आस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाता को 6-4, 7-6 से मात दी।

कोहली के बारे में गलत जानकारी साझा कर की गलती : डिविलियर्स

भारत के दिग्गज खिलाड़ी ने निजी कारणों से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया है ब्रेक

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने कहा कि उन्होंने भारत के दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली के बारे में गलत सूचना साझा करके बहुत बड़ी गलती कर दी। कोहली ने निजी कारणों से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से ब्रेक लिया है और डिविलियर्स ने कहा कि उन्हें कोई अंदाजा नहीं है कि वहां क्या हो रहा है। डिविलियर्स ने कुछ दिन पहले अपने यूट्यूब चैनल पर दावा किया था कि कोहली पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ अपने दूसरे बच्चे के जन्म का इंतजार कर रहे हैं।

दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व दिग्गज ने एसए20 लीग के इतर बातचीत में कहा कि परिवार सबसे पहले आता है, जैसा कि मैने अपने यूट्यूब चैनल पर भी कहा था। मैने भी उस समय गलत जानकारी साझा कर के बड़ी गलती कर दी। मेरी वो बातें बिल्कुल भी सच नहीं थी। एसए20 के ब्रांड दूत डिविलियर्स ने कहा कि मैं बस यही सोचता हूं कि जो कुछ भी विराट और उनके परिवार के लिए सबसे अच्छा है उसे प्राथमिकमा मिलनी चाहिए। कोई नहीं जानता कि वहां क्या हो रहा है। मैं बस उनके लिए सब कुछ अच्छा होने की कामना कर सकता हूं। इस ब्रेक का कारण चाहे जो भी हो, मुझे वास्तव में उम्मीद है कि वह मजबूत और बेहतर तरीके से वापसी करेंगे।

एबी ने दावा किया था कि कोहली दूसरे बच्चे के जन्म का कर रहे इंतजार

टेस्ट क्रिकेट खेलना कठिन चुनौती

डिविलियर्स ने कहा कि मैं युवाओं से कहना चाहता हूं कि टेस्ट क्रिकेट खेलने से बढ़कर कुछ नहीं। यह सबसे बड़ी और सबसे कठिन चुनौती होती है। यह मेरा ही नहीं कई पूर्व खिलाड़ियों का भी मानना है। सबसे तेज वनडे अर्धशतक (16 गेंद), सबसे तेज वनडे शतक (31 गेंद) और सबसे तेज 150 वनडे रन (62 गेंद) का रिकॉर्ड बना चुके डिविलियर्स ने 114 टेस्ट में 8765 रन, 228 वनडे में 9577 और 78 टी-20 में 1672 रन बनाए हैं। उन्होंने कहा कि व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद खिलाड़ी हर प्रारूप खेल सकते हैं। खेल के बेसिक्स तो समान ही होते हैं।

आगामी टी-20 में सूर्यकुमार से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

क्रिकेट के असली 'मिस्टर 360 डिग्री' को इसके साथ ही जून में होने वाले टी-20 विश्व कप में सूर्यकुमार यादव से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। टी-20 क्रिकेट में जबर्दस्त प्रदर्शन के दम पर सूर्यकुमार को भी 'मिस्टर 360 डिग्री' की उपमा मिली जो पहले डिविलियर्स को कहा जाता था। टी-20 क्रिकेट के साथ 360 डिग्री तकनीक का ईजाद हुआ, जिसमें बल्लेबाज मैदान के चारों तरफ शॉट्स खेल सकते हैं। डिविलियर्स ने कहा कि टी-20 विश्व कप में यूं तो कई खिलाड़ियों पर नजरें होंगी लेकिन मैं स्काय (सूर्यकुमार यादव) की बल्लेबाजी देखना चाहता हूं। मैं उसका बड़ा प्रशंसक हूं और उम्मीद है कि वह अच्छा खेलेगा। उन्होंने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि भारत सबसे प्रबल दावेदारों में से होगा।

विश्वकप और आईपीएल दोनों के प्रारूप एक समान

दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में गिने जाने वाले डिविलियर्स ने कहा कि विश्व कप से ठीक पहले आईपीएल होने से खिलाड़ियों की थकान का मसला नहीं होगा क्योंकि प्रारूप समान है। उन्होंने कहा कि आईपीएल विश्व कप से ठीक पहले है लेकिन दोनों है तो टी20 प्रारूप ही। गेंदबाज को टेस्ट की तरह 15 या 20 ओवर प्रतिदिन नहीं बल्कि चार ही ओवर डालने हैं। मुझे लगता है कि वे कार्यभार प्रबंधन कर लेंगे। आईपीएल में आरसीबी के लिए 184 मैचों में 5162 रन बना चुके डिविलियर्स ने कहा कि आईपीएल के बाद छोटा ब्रेक भी है। दो ही टीमें फाइनल खेलेंगी और बाकी तो तरोताजा ही रहेंगी। खिलाड़ियों को मैचों के बीच भी आराम मिलता है। क्रिकेट प्रेमियों को लगातार काफी क्रिकेट देखने का मौका मिलेगा जो अच्छी बात है।

'ग्रोइन' और कमर में खिंचाव से अय्यर का खेलना मुश्किल

नई दिल्ली, एजेंसी

श्रेयस अय्यर के कमर और 'ग्रोइन' में खिंचाव की शिकायत के बाद उनके इंग्लैंड के खिलाफ बची हुई टेस्ट श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में चुने जाने की संभावना नहीं है। अय्यर को पीठ में लगातार परेशानी हो रही है, जिसके लिए उन्होंने पिछले साल सर्जरी भी करायी थी।

अय्यर (29 वर्ष) ने हैदराबाद और विशाखापत्तनम में पहले दो टेस्ट में 35, 13, 27 और 29 रन की पारी खेली थी। वह अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने बताया कि अय्यर ने खिंचाव और कमर में दर्द होने की शिकायत की है तथा उनके श्रृंखला के बचे हुए तीन टेस्ट मैचों में खेलने की संभावना नहीं है। भारत पहले ही अपने खिलाड़ियों को लगे चोटों की समस्या से जूझ रहा है क्योंकि उसके मुख्य खिलाड़ी केएल राहुल और रविंद्र जडेजा चोटिल हैं और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली निजी कारणों से पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाए थे और उनके राजकोट और रांची में होने वाले टेस्ट मुकाबलों के लिए भी उपलब्ध होने की संभावना कम ही है। भारतीय चयनकर्ताओं को अभी अंतिम तीन टेस्ट के लिए टीम की घोषणा करनी है और वह जडेजा की फिटनेस पर स्पष्टता के बाद ही ऐसा करेंगे। आल राउंडर जडेजा को इसके लिए बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में फिटनेस जांच में पास होना होगा। वह हैमस्ट्रिंग चोट की वजह से विशाखापत्तनम टेस्ट में नहीं खेल पाए थे जबकि राहुल ने दर्द की शिकायत की थी। अगर जडेजा और राहुल दोनों अंतिम एकादश में वापसी करते हैं तो अय्यर की चोट से रजत पाटीदार को एक और मौका मिल सकता है। पाटीदार विशाखापत्तनम में टेस्ट पदार्पण के दौरान प्रभावित नहीं कर सके थे। पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला अभी 1-1 की बराबरी पर है। भारतीय खिलाड़ी 11 फरवरी को राजकोट पहुंचेंगे और इंग्लैंड के एक दिन बाद वहां पहुंचने की उम्मीद है।

चयनकर्ताओं के सामने संकट, केएल राहुल और रविंद्र जडेजा पहले से चोटिल

पिच को गेंदबाजी के समीकरण से बुमराह ने बाहर कर दिया : स्टेन

केपटाउन, एजेंसी

महान तेज गेंदबाज डेल स्टेन का कहना है कि भारतीय स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपने अपरंपरागत गेंदबाजी एक्शन, दमदार यॉर्कर और तेज रफ्तार से पिच को गेंदबाजी के समीकरण से बाहर कर दिया है।

बुमराह ने विशाखापत्तनम में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भारत को शानदार जीत दिलाई, जिससे मेजबान टीम 5 मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर करने में सफल रही। स्टेन ने भारतीय पिचों पर भी लगातार विकेट लेने वाली यॉर्कर गेंद फेंकने की काबिलियत के लिए बुमराह की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह महानता का दर्जा हासिल करने की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इस समय कोई टेस्ट गेंदबाज है जो विकेट लेने वाले यॉर्कर डालने में सक्षम हो। सनराइजर्स ईस्टर्न केप टीम के गेंदबाजी कोच स्टेन ने केपटाउन में एसए20 खिताबी भिड़ंत की पूर्व संध्या पर कहा कि टेस्ट मैच में विकेट लेने के लिए शायद कुछेक गेंदबाज हैं जो ऐसा कर सकते हैं। ट्रेंट बोल्ट उनमें से एक थे और शायद मिचेल स्टार्क। और निश्चित रूप से बुमराह।

मेस्सी की मैच में अनुपस्थिति से बढ़ी नाराजगी

हांगकांग, एजेंसी

हांगकांग में फुटबॉल मैच के दौरान लियोनल मेस्सी के मैदान पर नहीं उतरने के बाद सरकार और खेल प्रेमियों के गुस्से का सामना करने वाले आयोजक ने शुक्रवार को कहा कि वे विश्व कप विजेता फुटबॉलर की अनुपस्थिति के लिए टिकट की 50 प्रतिशत राशि लौटने की पेशकश करेंगे।

इस हफ्ते के शुरू में स्थानीय टीम के खिलाफ हुए इस मैच में मेस्सी को भी मैदान पर खेलने उतरना था लेकिन वह 'ग्रोइन' चोट से पूरे 90 मिनट तक बेंच पर बैठे रहे। लेकिन अर्जेंटीना का यह स्टार खिलाड़ी बुधवार को इंटर मियामी के ताजा प्रदर्शनी मैच में तोक्यो में 30 मिनट तक मैदान पर उतरा थ, जिससे दो दिन से चीन में सोशल मीडिया पर लोग मेस्सी के हांगकांग में मैच नहीं खेलने पर निराशा व्यक्त कर रहे हैं। शुक्रवार को आयोजक टैटलर एशिया ने 'इंस्टाग्राम' पोस्ट पर उन लोगों से माफी मांगी जो मैच से निराश थे। उसने कहा कि मेस्सी के नहीं खेलने के बारे में जब पता चला तो उसने इंटर मियामी के प्रबंधन से अनुरोध किया था कि वह इस फुटबॉलर से दर्शकों को समझाने का आग्रह करे।

बॉलीवुड हलचल

कागज 2 का पोस्टर अनुपम ने किया साझा

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता अनुपम खेर ने फिल्म कागज 2 का पहला पोस्टर सोशल मीडया पर शेयर किया है। दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म 'कागज' वर्ष 2021 में ओटीटी प्लेटफॉर्म जी-5 पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी अहम किरदार में थे। अनुपम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर 'कागज 2' का पहला पोस्टर जारी कर दिया है। साथ ही अनुपम ने अपने दोस्त दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक के लिए भावुक पोस्ट भी लिखा। अनुपम ने कैप्शन में लिखा, सबसे प्रिय सतीश कौशिक। आपके जुनूनी प्रोजेक्ट का ट्रेलर और दुर्भाग्य से आखिरी प्रोजेक्ट 'कागज 2' कल रिलीज हो रहा है। मैं जानता हूं कि इसको बनाने के लिए आपने कितनी मेहनत की है, लेकिन अब हम सब यह सुनिश्चित करेंगे कि इस फिल्म की चमक दुनिया तक पहुंचे। आपको हमेशा प्यार।

11 अक्टूबर को रिलीज होगी शाहिद कपूर की फिल्म देवा

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की फिल्म देवा 11 अक्टूबर को रिलीज होगी। शाहिद कपूर ने अपने इंस्टाग्राम लाइव सत्र में अपनी आने वाली एक्शन थ्रिलर 'देवा' के बारे में बताया।उन्होंने कहा, मेरी अगली एक्शन थ्रिलर देवा में कई एक्शन सीक्वेंस हैं। देवा विशाल फिल्म है, और मैं इसमें एक बहुत कठिन किरदार निभा रहा हूं। देवा 11 अक्टूबर को रिलीज होगी। फिल्म देवा में शाहिद कपूर के साथ पूजा हेगड़े की अहम भूमिका है। देवा ,ज़ी स्टूडियो और सिद्धार्थ रॉय कपूर द्वारा निर्मित और रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित है। इस फिल्म में शाहिद पुलिस ऑफिसर की भूमिका में हैं।

मां ने मुझे थिएटर जाने को किया प्रोत्साहित

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता बोमन ईरानी ने बताया है कि उनकी मां ने उन्हें थिएटर जाने और सिनेमा देखने के लिए प्रोत्साहित किया है। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय, ब्रिटिश संसद और भारतीय उच्चायोग जैसे प्रतिष्ठित स्थानों पर बोमन ईरानी की उपस्थिति और प्रभावशाली शब्दों ने न केवल भारत को गौरवान्वित किया है, बल्कि कई लोगों के लिए प्रेरणा का काम भी किया है। ऑक्सफोर्ड की अपनी यात्रा के दौरान, बोमन ईरानी ने एक यादगार भाषण दिया और सिनेमा से परे उनके प्रभाव के लिए डॉ अदिति लाहिरी से प्रशंसा प्राप्त की। अपनी जीवन यात्रा पर विचार करते हुए, बोमन ईरानी ने उल्लेखनीय क्षणों को साझा किया, जिसमें बचपन के अनुभवों से लेकर अपनी मां द्वारा थिएटर के लिए प्रोत्साहन के तहत एक फोटोग्राफर के रूप में काम करने सहित अपनी विविध भूमिकाएं शामिल हैं। बोमन ईरानी ने कहा, मैं डिस्लेक्सिक था और मैं बहुत तुतलाता था और जब भी मैं बोलता था तो हर कोई हंसता था। मुझे डर रहेगा कि लोग मेरा मज़ाक उड़ाएँगे। मुझे यह समझने में कई साल लग गए कि आप डरने का जोखिम नहीं उठा सकते।एक दिन स्कूल में एक कॉन्सर्ट था और मेरी मां ने मुझे मुस्कुराते और गाते हुए देखा। तभी उन्हें एहसास हुआ कि मुझे दर्शकों के सामने मंच पर रहना पसंद है और उन्होंने मुझे प्रोत्साहित किया, भले ही मेरे अंक बहुत अच्छे नहीं थे। उन्होंने मुझे थिएटर जाने, स्पीच थेरेपिस्ट के पास जाने और हर दिन सिनेमा देखने जाने के लिए प्रोत्साहित किया क्योंकि मेरी शिक्षा सिनेमा के माध्यम से हुई थी। उसने मेरी आँखों में देखा कि मैं उस दुनिया से प्यार करता हूं।

खुशबू और माही का भोजपुरी गीत 'कीन दी क्रीम राजा जी' रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायिका खुशबू तिवारी केटी और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का भोजपुरी गीत 'कीन दी क्रीम राजा जी' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर भोजपुरी लोकगीत रिलीज हुआ है। वीडियो में दिखाया गया है कि माही श्रीवास्तव गांव से शहर अपने पति के साथ आती हैं और बड़े घर में उसे काम मिल जाता है। धूप में भी उसे काम करना पड़ता है, जिससे उसकी स्किन सांवली हो गई है। वह अपने पति से गोरा होने की क्रीम लाने की डिमांड करती है। वह कहती है कि... 'काम करे में लागल बा धूप सइयाँ, हो गईल बा सांवर गोर रूप सइयाँ, भईल चेहरा के लाईट बा डीम राजा जी, डीम राजा जी, एगो कीन दीं बढ़िया क्रीम राजा जी, गोर होखे वाला कीन दीं क्रीम राजा जी...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। गीतकार यादव राज हैं और संगीतकार अभिराम पांडेय हैं। वीडियो डायरेक्टर आर्यन देव, कोरियोग्राफर अशोक सम्राट, एडिटर मीत जी हैं। डीआई रोहित सिंह ने किया है।

डायमेंशन म्यूजिक के लिए सलमान अली और अल्तमश ने गाया गाना

मुंबई, एजेंसी। जानेमाने गायक सलमान अली और अल्तमश फरीदी ने डायमेंशन म्यूजिक के लिए गाना गाया है। फ़िल्म निर्माता लियाकत गोला की डायमेंशन म्यूजिक ने एक साथ तीन गानों को रिलीज़ किया है। इनमें खुदा हाफ़िज़, माही मेरा और मोहब्बत है। गाना मोहब्बत को सलमान अली ने गाया है, जिसके बोल अमीना इसरार से लिखे हैं और संगीत आमिर अली ने बनाया है। वीडियो निर्देशक फ़ैज़ हैं, वहीं डीओपी एवं एडिटर दित्य जांगिड़ हैं। वीडियो फीट में अरबाज़ पटेल और ईशु हैं। गाना ख़ुदा हाफ़िज़ को अल्तमश ने गाया है,जिसे मशेउद्दीन कुरैशी ने लिखा, और संगीत आमिर अली ने दिया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

एक नजर

सही समय पर एंबुलेंस पहुंची तो खिल गए चेहरे

राजपुर। राजपुर ब्लॉक क्षेत्र के खरका निवासी राजा सिंह की पत्नी लौंगश्री को शुक्रवार को पीड़ा हुई। उसके पति ने 108 एंबुलेंस को फोन लगाया। 16 मिनट में ही एंबुलेंस पहुंच गई और गर्भवती को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। समय पर एंबुलेंस पहुंचने पर राजा सिंह ने एम्बुलेंस चालक अंशुल कुमार व ईएमटी आनंद कुमार की तारीफ की।

दुष्कर्म का मामला दर्ज

पुखरायां। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने एक युवक के विरुद्ध नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली में मामला दर्ज कराते हुए बताया कि गांव के ही योगेंद्र निषाद ने उसकी 13 वर्षीय पुत्री को अपने घर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाल अंजन कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

युवती को ले जाने में रिपोर्ट

पुखरायां। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पुखरायां कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने एक युवक के विरुद्ध उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला दर्ज कराया है। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पुखरायां कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि बीती 6 फरवरी को पड़ोस का ही रहने वाला शैलेन्द्र उर्फ छोटू उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया।

लापता किशोर की हत्या, कुएं में फेंका गया शव

रूरा क्षेत्र के उलरापुर में हुई वारदात, तीन दिन से लापता था किशोर, दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही पुलिस

संवाददाता, रूरा

अमृत विचार: क्षेत्र के उलरापुर गांव से तीन दिन पहले लापता हुए किशोर का शव शुक्रवार की सुबह गांव से आधा किमी दूर एक कुएं में पड़ा मिला। उसका धारदार हथियार से गला रेता गया था। पुलिस दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार है।

अनुज कुमार।

रूरा थाना क्षेत्र के उलरापुर गांव के करन यादव का 15 वर्षीय पुत्र अनुज यादव बुधवार की शाम घर से निकला था, इसके बाद काफी खोजबीन के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका। गुरुवार की रात पिता करन यादव की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू की। छानबीन के दौरान पता चला कि अनुज गांव के आशीष के साथ खेत की ओर जाते देखा गया था। यह सुराग मिलने के बाद पुलिस ने आशीष को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि गांव के ही देवराज, संजय उर्फ मझले और बनीपारा गांव के हंसराज से अनुज का दो हजार रुपये के लेन-देन का विवाद था। उन्हीं लोगों ने मिलकर अनुज की हत्या कर दी है और शव को कुएं में फेंक दिया है।

हत्या की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल टीम को बुलाकर शव को कुएं से बाहर निकलवाया। हत्या की सूचना पर एएसपी राजेश पांडेय, सीओ तनु उपाध्याय फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। दमकल जवानों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला गया। हालात देखने से पता चला कि अनुज का धारदार हथियार से गला रेता गया था। फोरेंसिक टीम के साक्ष्य जुटाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। एएसपी ने बताया कि दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

बेटे का शव कुएं से निकलते ही बदहवाश हो गई मां

तीन दिन से बेटे अनुज के गायब रहने से बेहाल मां बबिता कुएं से शव बाहर निकलते ही बदहवाश हो गई। वह दहाड़े मारकर बिलख पड़ीं। बहन शिवानी और भाई कन्हैया भी फफक पड़े और रो-रो कर बेहाल हो गए। परिवार के लोग उन्हें ढांढस बंधाने का प्रयास करते रहे। पुलिस ने उन्हें आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया।

मौके पर छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

अनुज के परिजनों से जानकरी लेतीं सीओ तनु उपाध्याय। अमृत विचार

आरोपियों की पत्नियां पुलिस की हिरासत में

लापता अनुज का कुएं से शव बरामद होने के बाद आरोपी संजय और देवराज घरों से फरार हो गए हैं। पुलिस ने आरोपियों पर दबाव बनाने के लिए घर की महिलाओं को हिरासत में लिया है। सीओ तनु उपाध्याय ने बताया कि आरोपी संजय की पत्नी सन्नो और देवराज की पत्नी सोनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

अपहरण और हत्या में तरमीम होगा मुकदमा

एएसपी राजेश पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अपहरण और हत्या में मुकदमा तरमीम किया जाएगा। पुलिस की पहली प्राथमिकता आरोपियों की गिरफ्तारी है, जिनको पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें लगाई गई हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

तमंचा लेने के लिए दिए थे दो हजार रुपये

कुएं में अनुज का शव बरामद होने के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। कहा जा रहा है कि जिन दो हजार रुपये का विवाद बताया जा रहा है, वह तमंचा लेने के लिए दिए गए थे। हालांकि थाना प्रभारी ऐसा कोई जानकारी होने से साफ इंकार कर रहे हैं। उनका कहना है कि घटना के हर पहलुओं की बारीकी से छानबीन की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी होने के बाद ही घटना के कारणों के बारे में कुछ कहा जा सकता है।

रोते-बिलखते परिवार के लोग। अमृत विचार

हथियार रखने का शौकीन है आरोपी हंसराज

उलरापुर के अनुज की हत्या में शामिल बनीपारा गांव का रहने वाला हंसराज शुरू से ही हथियार रखने का शौकीन है। सूत्रों की माने तो उसके सिर एक राजनेता का हाथ है, जिसकी वजह से उसके खिलाफ पुलिस ने कभी कार्रवाई नहीं की। कुछ लोगों ने बताया कि वह पहले भी अपराधों में शामिल रहा है। एक वर्ष पूर्व उसने एक जेसीबी चालक के ऊपर फायर कर दिया था। अगर उस समय कार्रवाई होती तो शायद उस पर दबाव बनता।

विवाहिता ने फंदा लगाकर दी जान

रूरा: थाना क्षेत्र के अजयपुर में एक नवविवाहिता ने संदिग्ध परिस्थियों फंदा लगाकर जान दे दी जिससे परिजनो में कोहराम मच गया सूचना पर पहुची पुलिस ने प्रथमिक छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

रिंकी।

थाना क्षेत्र के अजयपुर गांव निवासी नीरज कमल ने बताया कि उसकी पत्नी रिंकी (28) ने कमरे में साड़ी से फंदा बनाकर संदिग्ध परिस्थितियों में जान दे दी है। उसने बताया कि वह राजमिस्त्री का कार्य करता है। शुक्रवार को वह गांव के ही एक घर में काम कर रहा था। उसके माता-पिता खेतों पर काम करने गए थे। घर में बच्चे और बीवी अकेली थी।

बच्चों ने मम्मी को कमरे लटकता देखा तो रोते हुए बाहर की ओर भागे। मोहल्ले वालों ने बच्चों को रोते देखा तो फौरन मौके पर पहुंचे और नीरज को सूचना दी, लेकिन तब तक जान जा चुकी थी। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी अजय पाठक ने बताया कि मौत का स्पष्ट नही हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

बलवंत हत्या: गवाह से बचाव पक्ष की जिरह पूरी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- बचाव पक्ष के वकील ने बलवंत के चाचा से दागे सवाल
- अब 14 फरवरी को अदालत में होगी मामले की सुनवाई

अमृत विचार: बलवंत हत्याकांड के मामले में अपर जिला जज पंचम की अदालत में शुक्रवार को गवाह से दो आरोपियों की ओर से बचाव पक्ष की जिरह पूरी की गई। अब अदालत में 14 फरवरी को सुनवाई होगी।

शिवली क्षेत्र के सरैंया लालपुर निवासी बलवंत सिंह की 12 दिसंबर 2022 को पुलिस की पिटाई से मौत हुई थी। इसमें तत्कालीन एसओजी प्रभारी सहित अन्य पुलिस कर्मियों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा किया गया था, जिस पर एसओजी प्रभारी सहित आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। मामले की सुनवाई अपर जिला जज पंचम की अदालत में चल रही है। गुरुवार को बलवंत सिंह के चाचा बलबीर सिंह ने अदालत में अपने बयान दर्ज कराए थे। इस मामले में आरोपी सिपाही सोनू यादव व प्रशांत पांडेय की ओर से चीफ डिफेंस काउंसिल संजय शुक्ला ने गवाह से जिरह शुरू की थी। वादी पक्ष के अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी सिपाहियों सोनू यादव व प्रशांत पांडेय की ओर से बचाव पक्ष ने शुक्रवार को गवाह से जिरह पूरी कर ली है।

खांसी, जुकाम, बुखार के मरीज बढ़े

संवाददाता, राजपुर

अमृत विचार। मौसम में तेजी से बदलाव लोगों को बीमार बना रहा है। सरकारी व निजी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ लगने लगी है। खांसी जुकाम और बुखार के मरीजों में इजाफा हुआ है। शुक्रवार को राजपुर पीएचसी में मरीजों की लंबी कतारें लगी ओपीडी में 125 मरीज बीमारी का इलाज कराने पहुंचे डाक्टरों ने मरीज को जांच के बाद दवाइयाँ दी। मौसम में बदलाव से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया।

शुक्रवार को राजपुर पीएचसी की ओपीडी में 125 मरीज इलाज कराने पहुंचे जिनमें 25 मरीज खांसी जुकाम व बुखार से संबधित रहे डाक्टर शिव विनायक त्रिपाठी ने मरीजों का उपचार कर मौसम में बदलाव पर खानपान में सावधानी बरतने के लिए परामर्श दिया। इन दिनों मौसम की तब्दीली लोगों को बीमारी की चपेट में ले रही है। मौसम का असर सबसे ज्यादा बच्चों और बुजुर्गों को चपेट में ले रहा है। बच्चों में खासी और बुजुर्गों में दमा की शिकायत हो रही है। पीएचसी की ओपीडी में करीब 20-25 मरीज रोजाना इलाज कराने पहुच रहे हैं। शुक्रवार को 25 मरीज खांसी जुकाम व बुखार के रहे। डा. शिव विनायक त्रिपाठी ने मरीजों का परीक्षण कर दवाएं दी और खानपान में सवधानी बरतने के लिए कहा। बताया कि पीएचसी की ओपीडी में औसतन 25 मरीज नियमित खांसी जुकाम व बुखार के आ रहे हैं।

अस्पताल में इलाज करते डाक्टर। अमृत विचार

घर में घुसकर बच्ची से छेड़छाड़, रिपोर्ट

कानपुर देहात। रसूलाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव के दबंग ने घर में कूदकर कर बच्ची का बुरी नीयत से गला दबा दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी सहित उसके मदद गीरों के खिलाफ पास्को सहित विभिन्न धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

तिस्ती चौकी क्षेत्र की एक महिला ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि गांव का लड़का घर में कूद गया और पुत्री को पकड़कर गला दबा दिया। उसके चिल्लाने पर आरोपी का भागते समय मोबाइल फोन वहीं गिर गया। उसने घटना की सूचना 112 नम्बर पर दी तो उसके आरोपी के परिवार के रामदेव, श्यामदेव और नीलू ने घर आकर गालियां व जान से मारने की धमकी दी।

गोवध में आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार: शिवली क्षेत्र में छह महीने पहले एक गाड़ी से बड़ी तादाद में संरक्षित पशु का मांस व उसके सिर की बरामदगी के मामले में आरोपियों की ओर से अदालत में जमानत प्रार्थना पत्र पेश किया गया था, जिसकी सुनवाई करते हुए अदालत ने जमानत प्रार्थनापत्र को खारिज कर दिया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता धनंजय पांडेय व प्रदीप कुमार पाण्डेय ने बताया कि शिवली थाना क्षेत्र की औनहा चैकी प्रभारी करवेंद्र कुमार 15 मई 2023 मय पुलिस पार्टी के क्षेत्र में गश्त कर रहे थे, उसी दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम खलकपुर के पास खेतों में खड़ी छोटा हाथी गाड़ी से छह कुंटल संरक्षित पशु का मांस व सात उसके शिरों के साथ जानवर काटने के औजारों को बरामद किया था। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए कानपुर नगर के बाबुपुरवा क्षेत्र के मुंशीलाल मोहल्ला निवासी अविनाश गुप्ता व झुग्गी झोपड़ी रामा डेंटल कल्याणपुर निवासी धरमू को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज उन्हें जेल भेज दिया था। दोनों आरोपियों की ओर से जमानत अर्जी दाखिल की गई थी। अपर जिला जज (एफटीसी द्वितीय) आंनद प्रिय गौतम ने जमानत प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया है।

हमले की आरोपी दो महिलाओं को अदालत से नहीं मिली जमानत

कार्यालय संवाददाता, कानपुरदेहात

- मंगलपुर में मार्च 2022 में रंजिश में जानलेवा हमले का मामला

अमृत विचार: मंगलपुर क्षेत्र के गांव मुंडेरा किन्नर सिंह में मार्च 2022 में रंजिश में एक व्यक्ति को घेरकर जानलेवा हमला करने के मामले में जेल में निरुद्ध दो महिला आरोपियों की जमानत अर्जी की सुनवाई करते हुए अपर जिला जज (एफटीसी द्वितीय) ने जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता धनंजय पांडेय व प्रदीप कुमार पाण्डेय ने बताया कि मंगलपुर क्षेत्र के गांव मुंडेरा किन्नर सिंह निवासी कृपाशंकर ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें बताया था कि उसके गांव के रहने वाले जगजीवनराम की पुत्री उसके भतीजे जीतू के साथ कुछ समय पहले अपनी मर्जी से चली गई थी। इसका मुकदमा जगजीवनराम ने जीतू के खिलाफ लिखाया था। इस पर उसका भाई विश्वनाथ जीतू के मुकदमे की पैरवी करता था, इससे जगजीवनराम उसके भाई से रंजिश मानता था। उसका भाई विश्वनाथ 28 मार्च 2022 की रात उसके घर आ रहा था। उसी दौरान जगजीवनराम और उसके पुत्रों कोमल, कमल, धर्मेन्द्र, शंकर, आलोक और पारिवारिक अखिलेश, संगीता व ममता ने लाठी- डंडे व कुल्हाड़ी से उसके भाई विश्वनाथ पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी ममता व संगीता की ओर से जमानत अर्जी दाखिल की गई थी, जिसकी सुनवाई करते हुए एडीजे (एफटीसी द्वितीय) आनंद प्रिय गौतम ने जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

सड़क हादसे में बाइक सवार महिला घायल

कानपुर देहात। रसूलाबाद-बिल्हौर मार्ग पर वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। शहबाजपुर निवासी गौतम अपनी पत्नी सगुना (40) के साथ बाइक से वैवाहिक समारोह में शामिल होने जा रहा था, तभी रसूलाबाद-बिल्हौर मार्ग पर वाहन की टक्कर से सगुना उछलकर दूर जा गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए, वहां डॉक्टर सादिक हुसैन ने इलाज के बाद हालत चिंताजनक देखते हुये हैलट रेफर कर दिया ।

लूट के आरोपियों को नहीं मिली राहत

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- अदालत में दाखिल की गई थी जमानत अर्जी, सुनवाई के बाद कोर्ट ने कर दिया खारिज

अमृत विचार: अलग-अलग थाना क्षेत्र में दर्ज लूट के मामलों में जेल में बंद आरोपियों की ओर से अदालत में जमानत अर्जी दाखिल की गई थी, जिसकी सुनवाई करते हुए एंटी डकैती कोर्ट ने आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

विशेष लोक अभियोजक विकास सिंह ने बताया कि रसूलाबाद क्षेत्र के गांव सवा निवादा रहीम नगर निवासी सूरज सिंह ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें बताया था कि वह 5 सितंबर 2023 की शाम ड्यूटी पर जा रहा था। रास्ते में वह खड़े होकर फोन पर बात करने लगा, तभी पीछे से बाइक सवार दो युवकों ने आकर उसके मोबाइल को छीनकर भाग निकले। पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए क्षेत्र के गांव तुलसीनगर निवासी भोलू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आरोपी की ओर से अदालत में जमानत अर्जी दाखिल की गई थी।

वहीं शिवली थाना क्षेत्र के दूसरे मामले में क्षेत्र के गांव बलुवापुर निवासी रामबाबू ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने साथी नाहर सिंह निवासी बिदारा के साथ अपने खेत बिक्री का रुपया लेने 13 जून 2023 को कानपुर नगर गया था, वहां से एक लाख 80 हजार रुपए अपने बैग में रख कर मोटर साइकिल से घर जा रहा था, तभी रास्ते में शाहपुर बलूवापुर के बीच बाइक सवार तीन युवकों ने पीछे से आकर उसका बैग छीन कर भाग निकले।

पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए औरैया जिले के भट्टा दिबियापुर निवासी रहीश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले में आरोपी की ओर से अदालत में जमानत अर्जी दाखिल की गई थी। दोनों मामलों की सुनवाई करते हुए एंटी डकैती कोर्ट अमित मालवीय की अदालत ने आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

जहर गटकने से हालत बिगड़ी

कानपुर देहात। रसूलाबाद थाना क्षेत्र के अमरोहिया गांव निवासी राजेश कुमार की पत्नी पूजा (30) ने आए दिन होने वाली पारिवारिक कलह से ऊबकर गुरुवार की रात पति से झगड़ने के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी ले गए, वहां डॉक्टर सादिक हुसैन ने इलाज के बाद हालत चिंताजनक देखते हुये हैलट रेफर कर दिया।

शराब के साथ एक बंदी: कहिंजरी चौकी इंचार्ज अनिलेश यादव ने गश्त के दौरान कन्नौज के तिर्वा ऐमा निवासी कृष्ण पाल सिंह को 20 क्वार्टर अवैध देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

परेशानी | आठ साल से जलभराव की समस्या से जूझ रहे कौरवा गांव के ग्रामीण, कहीं नहीं हो रही सुनवाई

तालाबों की भूमि पर कब्जा, रास्तों पर जलभराव

संवाददाता, राजपुर

अमृत विचार: ग्रामीण आंचलों में चारों ओर कभी पानी निकासी के लिए तालाब थे, लेकिन कई लोगों ने तालाब की भूमि पर कब्जा करके निर्माण कर लिया है, जिसके कारण गांवों में जलभराव की समस्या से लोग परेशान हैं। हालात यह है कि गांव से रास्तों पर पानी भर रहा है, जिससे लोगों को घरों से आने-जाने में दिक्कतें हो रही हैं।

संदलपुर ब्लॉक क्षेत्र के कौरवा गांव में सड़क किनारे नाली निर्माण नहीं होने से गांव में जलभराव की समस्या है। आलम यह है कि गांव के मुख्य रास्ते पर बनाई गई आरसीसी सड़क पर भी जलभराव ने कीचड़ का रूप ले लिया है। हद है कि करीब आठ साल से जलभराव की समस्या का निस्तारण नहीं किया गया है, जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। कौरवा गांव की आबादी लगभग पांच हजार है। यहां वर्ष 2015 में गांव को जाने वाली मुख्य सड़क को जिला पंचायत की ओर से आरसीसी कर दिया गया था। सड़क तो बनाई गई, लेकिन सड़क के दोनों ओर नाली का निर्माण नहीं कराया गया। जलनिकासी का प्रबंध नहीं होने से सड़क पर जलभराव की समस्या है।

सड़कों पर फैला पड़ा कीचड़। अमृत विचार

ग्रामीणों का कहना है कि लगभग आठ साल से सड़क के 200 मीटर परिधि में पूरे साल जलभराव की समस्या रहती है। बारिश में जलभराव से कीचड़ की समस्या हो जाती है। ऐसे में सड़क से निकलने वाले लोग आए दिन गिरकर चोटिल हो जाते हैं। गांव के मझले, अनवार, इमरान, अवधेश पाल, सरमन, गोविन्द, बाबूलाल, बच्चन, महेश, गंगाराम ने बताया कि डेढ़ दशक पहले जिला पंचायत निधि से गांव में आरसीसी सड़क बनवाई गई थी। सड़क के दोनों ओर नालियां नहीं बनवाई गई, जिससे लोगों के घरों और बरसात का पानी सड़क पर भरा होने से जलभराव की समस्या है।

वर्षों पहले तीन तालाबों में गांव का पानी जाता था। कुछ साल पहले ग्रामीणों ने तालाबों पर अतिक्रमण कर कब्जा कर निर्माण करा लिया, जिससे जलनिकासी की समस्या हो गई। तालाब को कब्जा मुक्त कराने के लिए पूर्व में भी कई बार प्रयास किया गया, लेकिन तालाब कब्जा मुक्त नहीं हो पाए। कई बार शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि मोहन के घर से इस्लाम के दरवाजे तक लगभग 200 मीटर के दायरे में पूरे साल जलभराव की समस्या रहती है।

सफाई करने कभी नहीं जाता कर्मचारी

कौरवा गांव में पंचायत राज विभाग की ओर से तैनात सफाई कर्मचारी शैलेन्द्र सिंह महीनों सफाई करने नहीं आता है, जिससे गंदगी और कीचड़ से ग्रामीणों को जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से जलनिकासी और सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। मामले में संदलपुर ब्लॉक के एडीओ पंचायत अश्वनी कुमार ने बताया कि जलभराव की समस्या की जानकारी मिली है। गांव में रोस्टर लगाकर सफाई कार्य कराया जायेगा।

भाकियू ने उठाया गोवंश का मुद्दा

संवाददाता, रसूलाबाद

अमृत विचार: क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायत की समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के तहसील अध्यक्ष पीयूष निकेतन कठेरिया व ब्लॉक अध्यक्ष रणवीर सिंह यादव ने मासिक पंचायत ब्लॉक में बैठक की, जिसमें आवारा गोवंश का मुद्दा उठाया गया।

बैठक में उन्होंने ब्लॉक के ठेकेदारों पर आरोप लगाते हुए बताया कि कसमड़ा, लक्ष्मीपुर, अलीपुर रामहार, रसूलपुर, मित्रसेनपुर, कहिंजरी ग्रामसभाओं में इंटरलॉकिंग की समस्या में घटिया सामग्री उपयोग करने पर शिकायत करने पर अधिकारी व ठेकेदार मुकदमे में फंसा देने को लेकर धमकी देते हैं। उन्होंने विभिन्न ग्राम पंचायत में नाली व टूटी सड़कों को लेकर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन लिखा और कहा कि दिव्यांग आवासों को वितरण कराया जाए। आयुष्मान कार्ड का ग्राम सभाओं में कैंप लगाया जाए, ताकि सभी ग्रामवासियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा सके।


बैठक करते भानु गुट के कार्यकर्ता। अमृत विचार

- समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन की पंचायत

पंचायत के दौरान उन्होंने आवारा गोवंश को लेकर लिखा, जिसमें कहा गया कि आवारा घूम रहे गोवंश को फसल को रखवाली को लेकर किसान परेशान हैं, जिससे गोवंश फसल को नष्ट व बर्बाद कर देते हैं। उनको पकड़कर गौशाला में बंद कराया जाए। इस मौके प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष रणवीर सिंह यादव, तहसील अध्यक्ष पीयूष निकेतन कठेरिया, परशुराम, रघुवीर सिंह, मनोज कुमार, बलराम, हेतराम, गोविंद, सुरेश चंद्र, शंकरलाल, कमल, गोलू सिंह, मोहित राठौर, पुष्पेंद्र सिंह यादव आदि भाकियू के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रेहड़ी-पटरी वालों का भी सम्मेलन करेगी भाजपा

❍ भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के रेहड़ी पटरी प्रकोष्ठ की बैठक ❍ 25 फरवरी से 5 मार्च के मध्य सभी 17 जिलों में होंगे सम्मेलन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के 17 जिलों में रेहड़ी पटरी प्रकोष्ठ का सम्मेलन आयोजित करेगी। क्षेत्रीय मुख्यालय पर क्षेत्रीय संयोजक, प्रेमनाथ विश्नोई की अध्यक्षता में हुई बैठक में रेहड़ी पटरी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अजीत प्रताप सिंह ने हुए कहा कि क्षेत्र के सभी जिलों मे रेहड़ी पटरी प्रकोष्ठ के सम्मेलन 25 फरवरी से 5 मार्च के बीच होंगे जिसमे प्रदेश के पदाधिकारी व सरकार के मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

रेहड़ी पटरी प्रकोष्ठ कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी 254 मंडलों में संयोजक, सह संयोजक बनाएगी जो रेहड़ी पटरी दुकानदार साथियों से संपर्क संवाद करके उनको सूचीबद्ध करेंगे। सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वनिधि योजना कि जानकारी देते हुए कहा कि उनको ऋण उपलब्ध होने कि जानकारी देंगे जिससे वह अपने व्यापार को और अधिक प्रभावी कर सकें। बड़े सम्मेलनों के लिये संयोजक बना दिये गये हैं। प्रकोष्ठ की क्षेत्रीय प्रभारी अनिता गुप्ता ने कहा कि 12 फरवरी तक सभी जिला संयोजक, मंडल संयोजक बना कर उसकी सूची क्षेत्रीय कार्यालय पर उपलब्ध करा दें। बैठक का संचालन क्षेत्रीय सह संयोजक शिव शंकर सैनी ने किया। इस दौरान क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी, महेश मिश्र, राजेश सिंह सेंगर, महेन्द्र तिवारी, पिंकी श्रीवास्तव, शैलू तिवारी सहित सभी जिलों के संयोजक सह संयोजक उपस्थित रहे।

भारत रत्न देने पर बांटी गई मिठाई

कानपुर। पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह और डॉ. एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने पर पार्टी कार्यालय नवीन मार्केट में मिठाई बांटी गई। उत्तर के जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने सभी पदाधिकारियों को मिष्ठान खिलाकर पीएम का आभार ज्ञापित किया।

सम्मेलन 12 को

कानपुर। जिला कार्यालय नवीन मार्केट में जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा सरोज सिंह की अध्यक्षता में शक्ति वंदन कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में अध्यक्ष दीपू पांडे, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा रीता शास्त्री, संयोजिका पुष्पा तिवारी, जयंती वर्मा कहा कि हम चुनाव के लिए तैयार हैं। स्मार्ट सिटी सम्मेलन 12 फरवरी को आयोजित किया जाएगा।



राहुल गांधी का पुतला फूंकते भाजपाई। अमृत विचार

किसान मोर्चा की बैठक में दी गई जानकारी। अमृत विचार

भाजपाइयों ने राहुल गांधी का पुतला फूंका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दी चेतावनी, प्रधानमंत्री पर सोच समझ कर टिप्पणी करें

अमृत विचार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जाति को लेकर राहुल गांधी की ओर से दिए गए बयान को विरोध शुरू हो गया है। शुक्रवार को परेड चौराहा के पास भाजपाइयों ने राहुल गांधी का पुतला फूंका। पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष अनुभव कटियार ने चेतावनी देते हुए कहा कि पीएम पर सोच समझ कर टिप्पणी करें, अन्यथा ईंट का जवाब पत्थर से मिलेगा।

पुतला दहन करते हुए भाजपाइयों ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी को केंद्रित कर ओबीसी समाज के ऊपर दिया गया बयान बेहद शर्मनाक और अभद्र है। पिछड़े वर्ग का समाज आपको इस टिप्पणी के लिए कभी माफ नहीं करेगा। जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय ने कहा कि राहुल गांधी किसी भी तरह से मोदी की बराबरी नहीं कर पाते हैं तो अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। कार्यक्रम में कपिल गुप्ता, शिवम कुशवाहा, उपेंद्र शुक्ला, अजय शर्मा, पुष्पांक यादव, स्वामी नाथ गिरी, प्रभात पाल, शिव साहू, अमित गुप्ता, शालिनी सचान, संध्या कटियार समेत अन्य मौजूद रहे।

12 मार्च तक प्रत्येक गांव पहुंचेगी भाजपा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- किसान मोर्चा ने चुनाव से पहले कसी कमर
- प्रत्येक मंडल के गांवों तक जाने की योजना

अमृत विचार। भाजपा किसान मोर्चा ने 12 फरवरी से 12 मार्च तक प्रत्येक मंडल में गांव तक जाने की योजना बनाई है। भाजपा उत्तर जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने कहा कि इस दौरान केंद्र सरकार की ओर से किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसानों द्वारा जो भी फसलों का उत्पादन किया जाएगा उसमें सभी फसलों का बीमा भी किया जाएगा। उन्होंने कहाकि कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ावा देने के साथ-साथ किसानों के लिए नीम कोटेड यूरिया को डीएपी को सरकार ले आई है। उर्वरक क्षमता बढ़ाने के लिए भी सरकार प्रतिबद्ध है। किसानों का हित सबसे ऊपर है। इस दौरान जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा अनुज दिक्षित, रवि सिंह, राघव तिवारी, सुनील महिवाल, अंकुर शुक्ला, अन्नू गुप्ता, सत्य प्रकाश रहे।

तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक की मौत

संवाददाता सिकंदरा

- कानपुर-इटावा हाईवे पर पिंडाथू के पास हुआ हादसा
- बाजार से सामान खरीदकर घर जा रहा था युवक

जांच करती पुलिस। अमृत विचार

अमृत विचार। विक्की से बजार से सामान लेकर वापस जा रहे एक युवक को कानपुर ईटावा हाईवे पर पिंडाथू बंबे के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने ईलाज के लिए सीएचसी सिंकदरा भेजा जहां मौजूद ईएमओ ने युवक को मृत घोषित कर दिया जिससे परिजनो में कोहराम मच गया पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है।

थाना क्षेत्र के खोजाफूल गांव निवासी राघव दीक्षित(25) दिल्ली मे रहकर प्राईवेट नौकरी करता था। हाल ही में वह अपने घर आया था।शुक्रवार की शाम को सिकंदरा बाजार में सामान लेने अपनी विक्की से गया था ।वहा से वापस आते समय कानपुर ईटावा हाईवे पर पिंडाथूं बंबे के पास किसी अज्ञात वहान ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुची पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए सिंकदरा सीएचसी भेजा जहां मौजूद ईएमओ पूजा गोयल ने राघव को मृत घोषित कर दिया। हादसे में पति की मौत की खबर घर पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया। मौत की खबर से पत्नी शिवानी, बेटी रुद्राक्षी और मां पूनम दीक्षित का रो-रो कर बुरा हाल है। घर में कोहराम मचा रहा। कोतवाल दिलीप बिंद ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फरार वाहन की तलाश की जा रही है। तहरीर मिलने रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

राघव दीक्षित।

सड़क हादसों में पांच की मौत, चार घायल

- अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए हादसे, परिवारों में कोहराम मचा

एक बार फिर रफ्तार की मार लोगों के लिए काल बन गई। अलग-अलग थानाक्षेत्रों सड़क हादसों में पांच लोगों की मौत हो गई वहीं चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिवारों में कोहराम मच गया। हादसों के दौरान बाइक सवार हेलमेट लगाए थे, लेकिन वह चकनाचूर हो गये।

अजय कुमार।

घायल भाई विजय।

निखिल तिवारी।

केस 01 ट्रक ने सगे भाइयों को घसीटा, एक की मौत

रनिया थानाक्षेत्र के भगवनपुर निवासी 35 वर्षीय अजय कुमार अपने छोटे भाई विजय कुमार के साथ फैक्ट्री से बाइक से घर लौट रहे थे। बाइक विजय चला रहा था। सचेंडी थानाक्षेत्र के भौंती बाईपास के पास ट्रकों ने ओवरटेक करने के चक्कर में सीधे बाइक में टक्कर मार दी। इससे अजय के पीठ में टंगा पिट्ठू बैग ट्रक में फंस गया और वह घिसटते चला गया। अजय कुमार की कुचलकर मौत हो गई। वहीं भाई विजय घायल हो गया। घटना के बाद अजय की पत्नी अनीता और बच्चे 15 वर्षीय विकास व 10 वर्षीय मन्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

पोस्टमार्टम हाउस के बाहर लगी परिवारीजनों की भीड़। अमृत विचार

बाइक सवार युवक को ट्रक ने कुचला, मौत

केस 02 बारादेवी जूही गढा निवासी प्रेमनारायण तिवारी का 22 वर्षीय पुत्र निखिल तिवारी पशु आहार में जॉब करता था। पिता ने बताया कि रात्रि ड्यूटी करके शुक्रवार सुबह नौ बजे घर लौट रहा था। बर्रा थानाक्षेत्र के बाईपास पर तेज रफ्तार ट्रक ने उसे कुचल दिया। हेलमेट चकनाचूर हो गया। आरोप है कि पुलिस उसे अस्पताल नहीं ले गई और एंबुलेंस आने का इन्तजार करती रही। जिसके उसकी सांसें थम गईं। परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया।

दो बाइकें टकराईं, एक सवार की मौत

केस 03 महाराजपुर थानाक्षेत्र के हांथीगांव के रहने वाले 39 वर्षीय राजेश कुमार दो दिन पूर्व बाइक से अपने भतीजे सौरभ के साथ घर जा रहे थे। नवरल मोड़ के पास सामने से तेज रफ्तार बाइक उनकी बाइक में टकरा गई। राजेश और उसके भतीजे को लोगों ने हैलट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चाचा राजेश की गुरुवार देर रात मौत हो गई। वहीं भतीजे का इलाज अस्पताल में चल रहा है। मृतक की पत्नी नीलम, बच्चे नितिन, खुशी और मां शिवदेवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

ट्रैक्टर के पलटने से दबा चालक, मौत

केस 04 चौबेपुर थानाक्षेत्र के तातियागंज इलाके का 19 वर्षीय मिथुन कमल भट्ठे में काम करता था। गुरुवार शाम वह ट्रॉली में सामान लादकर गंगाबैराज पर किसी साइट में गया था। जहां माल उतारते वक्त ट्रॉली पलट गई। जिसकी चपेट में आने से मिथुन दब गया। जान बचाने के लिए काफी देर तक चीखता चिल्लाता रहा। आसपास के लोगों ने ट्रॉली उठवाई। हैलट में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

कार से टकराकर पलटी बाइक, महिला की मौत

केस 05 बिधनू थानाक्षेत्र के कठेरुआ गांव के रहने वाले दीनदयाल की 40 वर्षीय पत्नी माया देवी अपने बेटे रवि के साथ बाइक से बुधवार रात अकबरपुर से लौट रही थी। कृपालपुर के पास तेज रफ्तार कार ओवरटेक करने के दौरान बाइक में रगड़ती हुई निकल गई। जिससे बाइक बेकाबू होकर पलट गई। इससे पीछे बैठीं माया के सड़क पर गिरने से सिर में चोट लग गई। उन्हें हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

भूख हड़ताल पर बैठा बंगाली परिवार

संवाददाता, रसूलाबाद

अमृत विचार: तहसील क्षेत्र के भैसाया में पुनर्वास की जमीन के मामले में तहसील प्रशासन की ओर से परेशान किए जाने पर एक बंगाली परिवार शुक्रवार को भूख हड़ताल पर बैठ गया। जानकारी होने पर तहसीलदार पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और उनकी बात सुनी।

कस्बे के केशव नगर निवासी कालीदास गोलदार ने शुक्रवार को जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि भैसाया के गाटा संख्या-1704 रकबा 0.205 हेक्टेयर भूमि भारत सरकार की ओर से वर्ष 1984 में पुनर्वास योजना के तहत मिली थी, जिस पर वह काबिज है। भूख हड़ताल पर बैठे कालिदास गोलदार ने बताया कि उसकी भूमि पर तहसील प्रशासन द्वारा मनमानी पैमाइश करके बाउंड्री का निर्माण कराकर कब्जा करवाने का प्रयास किया जा रहा है।

तहसील प्रशासन उसकी जमीन पर आए दिन पैमाइश करके अनावश्यक रूप से परेशान कर रहा है, जिससे कारण वह भूख हड़ताल पर बैठने को मजबूर हो गया है। दंपति के भूख हड़ताल पर बैठे होने की जानकारी मिलने पर तहसीलदार सुभाष चन्द्र यादव और कोतवाल मुकेश कुमार सोलंकी मौके पर पहुंचे। उन्होंने समस्या का जल्द निस्तारण कराने का आश्वासन दिया, लेकिन कालीदास गोलदार समस्या का निस्तारण नहीं होने तक भूख हड़ताल पर बैठे रहने की जिद पर अड़ा रहा। हालांकि पुलिस प्रशासन ने दबाव डालकर भूख हड़ताल खत्म कराने का काफी प्रयास किया।

भूख हड़ताल पर बैठे परिवार को समझाते हुए तहसीलदार सुभाष यादव।

परिषदीय स्कूल में स्लोगन प्रतियोगिता, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- प्रतियोगिता में स्थान पाने वाले बच्चों को दिया गया पुरस्कार

अमृत विचार: मतदाताओं के जागरूकता हेतु चुनाव आयोग के स्वीप कार्यक्रम के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालय तोड़ा मोहम्मदपुर अकबरपुर कानपुर देहात में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ शुक्रवार को स्लोगन बनाओं प्रतियोगिता हुई।

स्लोगन प्रतियोगिता में आम जन को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। उत्कृष्ट स्लोगन लेखन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नायाब तहसीलदार रवीन्द्र कुमार मिश्रा, खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार पटेल एवं लेखपाल अजय प्रताप उपस्थित रहे।

मतदाताओं को जागरूक करते हुए भारत देश महान है, करते सब मतदान है, आओ मिलकर अलख जगाये, शत-प्रतिशत मतदान कराएं, जन-जन की यही पुकार, वोट डालना अबकी बार, निर्भय होकर मतदान करेंगे देश का हम सम्मान करेंगे आदि स्लोगन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया। कक्षा 8 के छात्र मयंक पाल एवं कक्षा 6 के छात्र हर्षित यादव ने खंड शिक्षा अधिकारी का छाया प्रतिबिंब बनाकर प्रेषित किया जिसे नायब तहसीलदार द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी को भेंट किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने छात्रों को प्रोत्साहित एवं जागरुक किया। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वह अपने मत का प्रयोग स्वयं करें और दूसरों को भी अपने मत के प्रयोग के लिए प्रेरित करें। मतदान का प्रयोग पूर्ण रूप से निर्भय होकर करें ताकि अपने देश के लिए एक महान और सदाचारी श्रेष्ठ व्यक्ति का चुनाव कर सकें। स्लोगन प्रतियोगिता में कक्षा 8 की छात्रा राधा यादव को प्रथम, कक्षा 7 के शालू यादव को द्वितीय एवं कक्षा 6 की छात्रा राधा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

परिषदीय स्कूल में स्लोगन प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। अमृत विचार

दो हत्यारोपी गिरफ्तार कर भेजे गए जेल

रूरा। थाना क्षेत्र के कुरियनपुरवा में 26 जनवरी की रात्रि में राम प्रकाश उर्फ मंगली की अज्ञात हमलावरों द्वारा ईंट से कुचल कर हत्या कर दी गई थी, जिसमे लगातार पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। गांव के आशीष उर्फ राजा ठाकुर और अनीस उर्फ अन्नू का नाम प्रकाश में आया था। रूरा पुलिस व सर्विलांस टीम ने तिंगई गांव के बंबा के पास शुक्रवार की रात्रि दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

पहले मेरा नाम ABRAR AHMAD था अब मैने बदलकर अपना नाम HAFIZ ABRAR AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: MURAD ALI R/O 319-A,TARINPUR, POST SITAPUR PS -KOTWALI CITY, SITAPUR**

सूचना

पहले मेरा नाम JAHIR AHMAD था अब मैने बदलकर अपना नाम ZAHEER AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: MOHD SHAMIM R/O: 1183, HANSWAR POST HANSWAR, AMBEDKAR NAGAR**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित हो कि मैं **मो. इसरार पुत्र मो. आरिफ नि. ग्राम जेठू मवई पो. धनीजलालपुर थाना व तह. गौरीगंज जनपद अमेठी** का निवासी हूं मेरे पिता मो. आरिफ पुत्र वली मोहम्मद 21.5. 2015 को बहराइच मेले से गायब हो गए थे काफी खोजबीन के बाद भी उनका आज तक कहीं पता नहीं चल सका है।

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपना नाम नवेन्दु कुमार से बदलकर नवेन्दु कुमार शुक्ला रख लिया है। भविष्य में मुझे नवेन्दु कुमार शुक्ला के नाम से जाना जाये। **—नवेन्दु कुमार शुक्ला पुत्र स्व0 गणेश शुक्ला, निवासी ओ—116 केशवपुरम आवास विकास—1, कल्यानपुर कानपुर नगर उत्तर प्रदेश—208017**

सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री दिनेश चंद्र वैश्य पुत्र लालता प्रसाद वैश्य निवासी 3/300 विशाल खंड, गोमतीनगर लखनऊ ने मूल दस्तावेज यानी आवंटन पत्र और फ्री होल्ड डीड दिनांक 19/08/1997, पुस्तक संख्या 1, जिल्द संख्या 1816, पृष्ठ 71/82 क्रमांक 7318/97 सब रजिस्ट्रार लखनऊ में पंजीकृत जो कि खो गयी है। यह दस्तावेज़ 3/300 विशाल खंड गोमतीनगर लखनऊ के घर का है, यह संपत्ति वर्तमान में विशेष रूप से मेरे ग्राहक के स्वामित्व में है, यदि किसी व्यक्ति के पास किसी भी प्रकार का अधिकार, शीर्षक, ब्याज का दावा, शेयर आदि है तो कृपया 7 दिनों के भीतर इसे सूचित करें। **सी.के. लीगल एसोसिएट्स लखनऊ** 0522—4077776 **पर या एक्सिस बैंक लिमिटेड** पर संपर्क करें अन्यथा इसे अमान्य माना जाएगा।

सूचना

मैंने अपना नाम जिन्नत बीबी से बदलकर जिन्नत रख लिया है। अब मुझे जिन्नत के नाम से जाना पहचाना जाते। **जिन्नत पत्नी निजामुद्दीन निवासी ग्राम पोस्ट – क्रिया, तहसील मौदहा, जिला हमीरपुर।**

आवश्यकता है

ज्वाला देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रेताही मानिकपुर, प्रतापगढ़ (उ.प्र.)
(सम्बद्ध प्रो.राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ.प्र.)
में बी.काम में अध्यापन हेतु 03 शिक्षकों की आवश्यकता है।
योग्यता– उपरोक्त पदों पर यू.जी.सी./उ.प्र.शासन द्वारा निर्धारित योग्यतानुसार।
नोट– इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त पत्रावली के साथ विज्ञापन तिथि से 15 दिनों के अन्दर सम्पर्क कर सकते हैं।
वेतनमान – उ.प्र.शासन/यूजीसी के मानकानुसार देय होगा।
प्राचार्य- 8765312453,9532071072

आवश्यकता है

1– प्राचार्य 15 वर्ष शिक्षण अवधि व पीएचडी उपाधि, 2– विज्ञान संकाय गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान एंव पर्यावरण विज्ञान मे 2–2 प्रवक्ता, 3– कला संकाय हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, भूगोल, गृह विज्ञान, चित्रकला, उर्दू, मध्यकालीन इतिहास, सैन्य विज्ञान, दर्शन विज्ञान एंव व्यवसायिक शिक्षा (कौशल विकास) व शारीरिक शिक्षा के 2–2 प्रवक्ता, 4– स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिये हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, गृह विज्ञान, भूगोल एंव शिक्षाशास्त्र मे 3–3 प्रवक्ता, 5– यह रिक्ति स्वावित्त योजना के अंतर्गत स्नातक एंव स्नातकोत्तर कक्षाओं मे पढ़ाने के लिये यूजीसी मानक के अनुसार प्रवक्ता पद के लिये पीएचडी व नेट उत्तीर्ण अर्ह अभ्यर्थी, 6– एक योग्य पुस्तकालयाध्यक्ष, 5 लिपिक, 1 कम्प्यूटर ऑपरेटर स्नातक, 5 चपरासी व कक्षा 8 पास सफाई कर्मी। नोटः– इच्छुक अभ्यर्थी सूचना प्रकाशन के 15 दिनो के भीतर पंजीकृत डाक अथवा वाहक द्वारा शैक्षिक प्रमाण पत्र महाविद्यालय मे करा सकते हैं। साक्षात्कार की तिथि अभ्यर्थी को सूचित की जायेगी।
प्रबंधकः– श्रीमती सरोज बुधनी देवी स्मारक महाविद्यालय शास्त्रीनगर रिसिया बहराइच 271875 मो. नं. 9919751551, 8004972161

अमावस्या पर पूजन | करौली शंकर महादेव धाम में पूर्वज मुक्ति यज्ञ का आयोजन, हजारों भक्तों ने पूर्वजों की मुक्ति कामना की और आहुति प्रदान की

पूर्वजों की मुक्ति से मिट जाते हैं सारे कष्ट – संकट : करौली शंकर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। करौली शंकर महादेव धाम करौली में माघ मास की अमावस्या पर पूर्वज मुक्ति महायज्ञ का आयोजन किया गया। देश विदेश से आए भक्तों ने यज्ञ में आहुति प्रदान की और पूर्वजों की मुक्ति की कामना की। करौली शंकर महादेव महाराज ने उन्हें पूर्वजों की मुक्ति न होने से मिलने वाले कष्ट और मुक्ति के लाभ से अवगत कराया। कहा कि पूर्वजों की मुक्ति से ही सारे कष्ट मिट जाते हैं। अमावस्या के दिन पितृदोष और पितृ की मुक्ति के लिए किए गए उपायों का दोगुना फल मिलता है। मौनी अमावस्या पर महोदय योग, कला योग, सर्वार्थ सिद्धि योग जैसे महत्वपूर्ण योग में पूर्वजों की मुक्ति के लिए यज्ञ किया गया। करौली शंकर महादेव ने कहा कि गुरु की कृपा से पूर्वजों की मुक्ति के इस महायज्ञ में शामिल प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में जो भी दुख हैं उनका अंत होना निश्चित है। उन्होंने कहाकि यदि पूर्वजों की मुक्ति नहीं हुई है तो जीवन में तमाम तरह के कष्ट बने रहेंगे। गृह क्लेश होगा, नौकरी, व्यापार आदि में बाधा आती है। बनते हुए काम बिगड़ जाते हैं और रोग, दुख से व्यक्ति परेशान रहना पड़ता है। करौली शंकर महादेव ने कहा कि पूर्वजों के प्रति किया गया कर्म पूरी श्रद्धा के साथ किया जाना चाहिए। मन और कर्म को समर्पित करके गुरु के सानिध्य में किया गया यह यज्ञ पूर्वजों की मुक्ति कराएगा।

हवन करते करौली शंकर सरकार। अमृत विचार

अमावस्या पर करौली धाम में हजारों भक्त जुटे। अमृत विचार

मौसम के बदलते मिजाज से बढ़े रोग, मरीजों की लगी भीड़

जिला अस्पताल की ओपीडी में फिर लगने लगी मरीजों की लंबी लाइन, रोजाना की ओपीडी हुई एक हजार मरीज के पार

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। बदलते मौसम में लापरवाही भारी पड़ सकती है। इस मौसम में बच्चों के साथ-साथ वृद्ध लोगों का विशेष ध्यान रखने की सलाह डाक्टरों ने दी है। जैसे सुबह व रात में सर्दी हो रही है और दिन में धूप संग सर्द हवाएं चल रही हैं। खानपान से गर्म कपड़ों के पहनने में लापरवाही किसी को भी बीमार कर सकती है।

मौसम बदलने के साथ ही सर्दी जुकाम बुखार सांस के साथ थ्रोट इंफेक्शन कान के बहने व स्किन के मरीज बढ़ने लगे हैं । अभी तक जिला अस्पताल में जहां मरीजों की संख्या कम थी। वहीं अब ओपीडी में मरीजों का मेला सा लगने लगा है। जिले में चार दिन पहले हुई बारिश के बाद फिर से मौसम में बदलाव हुआ है। बारिश से पहले बिल्कुल ऐसा लगने लगा था जैसे गर्मी आ गई हो लेकिन बारिश के बाद मौसम में बदलाव हुआ है । जहां सुबह-शाम सर्द हवाएं चल रही है वहीं दोपहर में तेज धूप भी निकल रही है। तेज धूप निकलने पर लोग लापरवाही भी बरतने लगे हैं । एक सप्ताह पूर्व तक जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या में काफी कमी आ गई थी लेकिन फिर से मरीजों की संख्या में इजाफा होने लगा है। रजिस्ट्रेशन काउंटर से ओपीडी में मरीजों की भरमार होने लगी है। जनरल फिजिशियन से लेकर बाल रोग विशेषज्ञ ईएनटी सर्जन के पास इस समय सबसे ज्यादा मरीज पहुंच रहे हैं। रजिस्ट्रेशन काउंटर पर जहां 600 से 700 तक पर्चे बना रहे थे अब इन पर्चो की संख्या एक हजार के पार पहुंच गई है।

ओपीडी कक्ष के बाहर लगी रही मरीजों की भीड़। अमृत विचार

- डॉक्टरों ने कहा, गर्म कपड़ों के पहनने में लापरवाही किसी को भी बीमार कर सकती

नवजात से लेकर सभी बच्चों का रखें ध्यान

जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डा मूलचन्द्रा का कहना है कि नवजात बच्चों का विशेष ध्यान रखने की जररूत है। इन बच्चों की सांस की नली पतली होती है व संक्रमण का जल्दी शिकार होते हैं। ओपीडी में जुकाम बुखार खांसी के साथ कोल्ड डायरिया के मरीज भी आ रहे हैं हालांकि कोल्ड डायरिया के मरीजों को भर्ती करने की आवश्यकता नहीं हो रही है । बच्चों को इस मौसम में घर से बाहर न निकालें और उन्हें पूरी तरह से गर्म कपड़े पहना कर रखें ठंडा खाना व बाहर की चीज बच्चों को कतई न दें। इसके अलावा बच्चों को स्वच्छ व गुनगुना पानी ही पिलाएं।

थ्रोट इंफेक्शन के आ रहे 50 से 60 मरीज

ईएनटी सर्जन का कहना है कि बदलता मौसम शरीर को कमजोर कर देता है जिससे बीमारियां बढ़ती हैं। इस समय उनके पास 50 से 60 थ्रोट इंफेक्शन के मरीज आ रहे हैं। मरीजों को खांसी के साथ गले में दर्द तथा खाना निगलने में भी दिक्कत हो रही है । वहीं कान में दर्द, भारीपन व कान बहने के मरीज भी सामने आ रहे हैं। ऐसे मरीजों को इस मौसम में काफी बचाव करने की जरूरत है। गर्मी से सर्दी और सर्दी से गर्मी में जाने से बचना चाहिए साथ ही ठंडी चीजों का पूरी तरह से परहेज करना चाहिए ।

जोड़ों व घुटने दर्द के मरीज बरतें सावधानी

जिला अस्पताल के आर्थोपेडिक सर्जन डा जीपी शर्मा का कहना है कि सर्दी में मांसपेशियां जकड़ जाती हैं जिसके कारण कमर दर्द जोड़ों का दर्द घुटने का दर्द कंधे के दर्द की समस्या लोगों में अधिक बढ़ जाती है। उनके पास इन्हीं समस्याओं के मरीज इस समय ज्यादा आ रहे हैं। बुजुर्ग लोग इस समस्या से सबसे ज्यादा परेशान होते हैं। इसलिए सर्दी से बचने के लिए जहां गर्म कपड़े पहने वही घुटनों में नी कैप भी पहननी चाहिए। बदलते मौसम में बुजुर्ग लोगों को ज्यादा ध्यान रखने की जरूरत है। बुजुर्ग लोग गर्म कपड़े पहनकर ही घर से बाहर निकले। होली तक विशेष सावधानी वरतने की आवश्यकता है।

हृदय रोगी दवा लेने में न करें कोई लापरवाही

जिला अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डा राजीव तिवारी का कहना है कि इस मौसम में हृदय रोगियों को विशेष सावधानी की आवश्यकता है। दवा में लापरवाही न बरतें और बीपी लेते रहें। नमक भी कम मात्रा में लें क्योंकि सर्दी में बीपी काफी तेजी से बढ़ता है। सांस व बीपी के मरीज इस मौसम में सुबह व शाम बिल्कुल न टहलें और खानपान का विशेष ध्यान रखें खास तौर पर बुजुर्ग लोगों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। लोगों को चाहिए कि बदलते मौसम में वह बुजुर्गों का खास ख्याल रखें। जुकाम बुखार खांसी व सांस के मरीज भी काफी संख्या में आ रहे है।

टीबीमुक्त गांवों के सत्यापन के लिए गांव-गांव जाएंगी टीमें

संवाददाता फतेहपुर

- क्षय रोग दिवस में ऐसी ग्राम पंचायतों को दिया जाएगा अवार्ड

अमृत विचार। टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाई जाने के लिए भौतिक सत्यापन एवं प्रशिक्षण के लिए पंचायतों में गांव-गांव जाकर गठित तीन स्वास्थ्य टीम व अन्य विभागों की टीम के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जमीनी हकीकत को परखेंगी।

सीएमओ डा. अशोक कुमार ने बताया कि पोर्टल पर टीबी रोगियों की एंट्री ट्रीटमेंट रजिस्टर से मिलान और स्थलीय सत्यापन में टीबी मुक्त रोगी से बातचीत करने के बाद टीम स्थानीय आशा, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, और ग्राम प्रधान से समन्वय स्थापित करते हुए सारी जानकारी की रिपोर्ट बनाकर सौंपी जाएगी । इसके बाद राज्य स्तरीय कमेटी सत्यापन करेगी और फिर सेंट्रल टीबी डिवीजन के सत्यापन के बाद रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। उसके बाद जिलाधिकारी की ओर से ग्राम को टीबी मुक्त घोषित किया जाएगा। जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर ने बताया कि प्रति 1000 की आबादी पर 30 जांचों के सापेक्ष एक या एक से कम होने एवं उनकी नोटीफिकेशन ,यूडीएसटी,डीबीटी व पोषण पोटली वितरण आदि इंडीकेटर देखे जाएंगे। जो ग्राम पंचायत सभी इडीकेटर पूर्ण करेंगे, उन्हें टीबी मुक्त ग्राम पंचायत की घोषणा के लिए जिलाधिकारी को भेजा जाएगा। विश्व क्षय रोग दिवस 24 मार्च को उन पंचायत को कांस्य पदक के रूप में प्रमाण पत्र व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया जाएगा। यदि लगातार दूसरे वर्ष यही पंचायत टीबी मुक्त रहती है तो सिल्वर पुरस्कार और तीसरे वर्ष रहने पर गोल्डन पुरस्कार दिया जाएगा। सत्यापन कमेटी के भौतिक निरीक्षण में टीयू स्तर के अधीक्षक व एनटीईपी के कर्मचारी सहयोग करेंगे।

मौनी अमावस्या पर गंगा तट पर आरती

ओमघाट पर आयोजित गंगा आरती में भारी संख्या में जुटे भक्त। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- दीपदान के बाद गंगा भक्तों ने की गंगा मइया की स्तुति
- गंगा को स्वच्छ एवं अविरल बनाए रखने का लिया संकल्प

अमृत विचार। मौनी अमावस्या के अवसर पर शुक्रवार की देरशाम ओमघाट भिटौरा में गंगा आरती का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने पहले दीपदान किया उसके बाद गंगा मइया की स्तुति की। आयोजकों ने मौजूद लोगों को गंगा को साफ स्वच्छ बनाए रखने के लिए संकल्प दिलाया गया।

गंगा बचाओ सेवा समिति एवं नमामि गंगे द्वारा अमावस्या पर ओमघाट में गंगा आरती का आयोजन किया गया। गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिंपल द्वारा आयोजित गंगा आरती में भक्तों ने दीपदान किया। गंगा आरती के दौरान गायत्री परिवार के रविंद्र सिंह ने कहा कि हम सब का कर्तव्य है कि मां गंगा को स्वच्छ रखें। गंगा नदी में किसी प्रकार का कूड़ा न डाले और जल को गंदा ना करें। गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र शरन सिम्पल द्वारा अमावस्या पर आयोजित गंगा आरती में शामिल होने पहुंचे गंगा भक्तों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया गया। गायत्री परिवार के जिला समन्वयक राजदीश यादव, आचार्य रामजी, राम आसरे यादव, मनोज सोनी, रामस्वरूप गुप्ता, वीरेंद्र साहू, गायत्री देवी, आशीष अग्रहरि, लक्ष्मी सिंह, आशा, वंदना, राजेंद्र कुमार बीरेंद, भागवत सिंह, आचार्य अखिलेश तिवारी समेत अन्य गंगा भक्त मौजूद रहे।

लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए दिलाई गई शपथ

संवाददाता, बिंदकी फतेहपुर

अमृत विचार। तहसील परिसर में शुक्रवार को एसडीएम ने अधिवक्ताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए शपथ दिलाई।

एसडीएम अनिल कुमार यादव व नायब तहसीलदार रवि ने अधिवक्ताओं व लोकतंत्र के महापर्व को मजबूत कराने की शपथ दिलाते हुए लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान में भागीदारी निभाने को लेकर अपील किया। मौजूद लोगों ने लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा बनाए रखने तथा निर्भीक होकरअपने मत का प्रयोग करने की शपथ ली। बार एसोसिएशन अध्यक्ष, सुशील बाजपाई, महामंत्री सत्यार्थ सिंह, उपाध्यक्ष प्रेमबाबू ओमर, लोकेंद्र निषाद, कमल, कृष्ण गोपाल वर्मा, सुनील तिवारी, अनूप अवस्थी आदि अधिवक्ता रहे।

मतदान के प्रति शपथ लेते अधिवक्ता। अमृत विचार

हल्द्वानी में हुए बवाल पर दोआबा में अलर्ट

संवाददाता फतेहपुर

- जुमे की नमाज को लेकर पुलिस रही सतर्क
- डीएम-एसपी ने पुलिस बल के साथ किया फ्लैग मार्च

अमृत विचार। हल्द्वानी में हुए बावल के बाद जिला प्रशासन ने जुमे के नमाज को लेकर सतर्क रहा। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस और पीएसी बल संवेदनशील और अतिसंवेदनशील जगह पर पुलिस के अधिकारी गस्त करते रहे। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक पीएसी व पुलिस बल के साथ शहर के मस्जिद और अतिसंवेदनशील जगह पर फ्लैग मार्च करते रहे। किसी भी तरह के बावल की आशंका पर जगह जगह पुलिस बल तैनात किया गया था।

दोपहर को जुमे की नमाज को लेकर जिलाधिकारी सी इंदुमती और पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह पीएसी और पुलिस बल के साथ शहर के संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मस्जिदों का निरीक्षण किया। जुमे के नमाज बाद बवाल की आशंका पर जगह जगह पुलिस और पीएसी बल तैनात किया गया था। जिलाधिकारी सी इंदुमती ने बताया कि जुमा की नमाज को लेकर खागा बिंदकी और सदर तहसील के एसडीएम को डीएसपी के साथ अपने अपने क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश दिया गया था। शहर के लाला बाजार, सैयद बाड़ा, पीरनपुर सहित संवेदनशील और अतिसंवेदनशील जगह पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बताया कि जुमा की नमाज बाद कही भी भीड़ के रूप में लोग इकट्ठा न हों, इसके लिए सभी थाना पुलिस को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया था। आम जनमानस से शान्ति व्यवस्था बनाये रखने की अपील भी की गयी है। शहर में डीएसपी वीर सिंह सरकारी बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सहित प्रमुख स्थानों पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

सड़क पर उतरकर जायजा लेते डीएम और एसपी। अमृत विचार

पुलिस के साथ युवक ने की मारपीट, वीडियो वायरल

संवाददाता फतेहपुर

- तोड़फोड़ की सूचना पर पहुंची थी पुलिस, मामला शहर के पत्थरकटा चौराहे का

अमृत विचार। मामा की सराफे की दुकान में तोड़फोड़ के दौरान पहुंची पुलिस के साथ युवक ने हाथापाई की। पुलिसकर्मी का कॉलर पकड़ कर लात घूसों से हमला कर दिया। किसी तरह पुलिस उस पर काबू पा सकी। इसका वीडियो भी वायरल हुआ है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार आने के बाद पुलिस ने उसे घर छोड़ा।

शहर के पत्थरकटा चौराहे के पास मुराइनटोला मार्ग पर श्यामू सोनी की सराफे की दुकान व घर हैं। दुकान पर श्यामू का रिश्ते में राधानगर निवासी भांजा छोटू पहुंचा। दुकान में तोड़फोड़ कर काउंटर तोड़ डाला। आसपास के दुकानदारों ने पुलिस को खबर दी। चौकी के पुलिसकर्मी पहुंचे। पुलिस कर्मियों के साथ भी मारपीट की। कर्मियों ने चौकी में खबर दी। चौकी प्रभारी अनुज यादव समेत कई पुलिसकर्मी पहुंचे। पुलिस कर्मियों से छोटू ने मारपीट की। एक पुलिस कर्मी की गिरेबां तक पकड़ ली। लात घूसों से हमला किया। पुलिस कर्मियों ने किसी तरह छोटू पर काबू पाया और उसे अस्पताल ले गए। दुकानदार श्यामू ने बताया कि भांजा रिक्शा चालक है। उसकी अचानक मानसिक हालत बिगड़ जाती है। कोतवाल एसबी सिंह ने बताया कि युवक की मानसिक हालत ठीक नहीं है। इलाज के बाद उसे घर छोड़ दिया गया है।

अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर किया ब्लैकमेल

फतेहपुर। अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर सगे भाइयों ने युवती को ब्लैकमेल किया। विरोध करने पर आरोपियों ने गालीगलौज कर मारापीटा। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की हैं।

राधानगर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने बताया कि गांव के गोविन्द और केले ने एडिट कर उसकी अश्लील फोटो बनाई हैं। बुधवार को आरोपियों ने उसे बुलाया और बात न मानने पर उसकी अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी दी। विरोध करने पर आरोपियों ने गालीगलौज कर मारपीट करने लगे। शोर शराबा सुनकर आस पास के लोग आ गए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

किसानों से सीधा संवाद करेगी भाजपा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- 12 फरवरी से भाजपा करेगी ग्राम परिक्रमा यात्रा की शुरुआत
- ग्राम परिक्रमा कार्यक्रम को लेकर पदाधिकारियों ने की मंत्रणा

अमृत विचार। भाजपा किसान मोर्चा द्वारा जिले में ग्राम परिक्रमा यात्रा की शुरूआत करेगा। जिसके तहत पार्टी पदाधिकारी किसानों से सीधा संवाद करेंगे। शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह गौतम ने बताया कि पार्टी 12 फरवरी से ग्राम परिक्रमा यात्रा की शुरुआत करेगी।

यह यात्रा पूरे देश के सवा दो लाख और प्रदेश के 50 हजार गांवों में जाएगी। जिलाध्यक्ष ने यात्रा के बारे में मीडिया से बताया कि यात्रा एक माह तक चलेगी। गांव गांव जाकर ट्रैक्टर, गाय और देवी देवताओं का पूजन किया जायेगा। गांव की परिक्रमा कर किसानों से सीधा संवाद किया जायेगा। किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा कर उनसे सुझाव लिया जायेगा। इन सुझावों को पार्टी के प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर को भेजा जायेगा। जिलाध्यक्ष विजय प्रताप ने कहा कि अधिकतर किसान संगठन परिवार वादी राजनीति कर रहे हैं। कोई भी किसान हित में कार्य नहीं कर रहा है।

केन्द्र सरकार ने किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन दिया है। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार में किसान समृद्ध हो रहा है और ग्रामीण भारत सशक्त भारत बन रहा है। इस मौके पर पुष्पराज पटेल, अपर्णा सिंह गौतम, जयदेव सिंह, प्रदीप पांडेय समेत कई लोग मौजूद रहे।

पार्टी कार्यालय में परिक्रमा यात्रा को लेकर दी गई जानकारी। अमृत विचार

सार-संक्षेप

जान जोखिम में डाल कर पार करते हैं बंद रेलवे क्रॉसिंग

फतेहपुर। लोगों में जल्दबाजी इतनी है कि जान की परवाह तक नहीं करते हैं। शहर स्थित शादीपुर रेलवे फाटक संख्या 49ए के बंद होने का संकेतक हूटर की आवाज सुनने के बावजूद वाहन सवार वहां से निकलने की जल्दबाजी करते हैं। कई बार वाहन बंद फाटक में फंस भी चुके हैं। वैसे तो रेलवे द्वारा बंद फाटक पार करने के दौरान बकायदे कार्यवाही किए जाने का नियम हैं। इसके बावजूद वाहन सवार बंद रेलवे फाटक को पार करने से बाज नहीं आते। जब ट्रेन आने के समय फाटक को बंद किया जाता है उस दौरान या फिर बंद क्रासिंग को पार करने की होड़ जैसी दिखती है। इस दौरान कई बाइक सवार घायल भी हो चुके हैं। बावजूद इसके रेलवे कर्मी के साथ अभद्रता भी की जाती है। कई बार ऐसा होता है कि वाहन सवार द्वारा रेलवे कर्मचारी के साथ निकलने को लेकर गाली गलौज तक कर डाली जाती है। रेलवे का एडवांस व होम सिग्नल पर ट्रेन के आने पर ऑटोमेटिक सिग्नल प्रणाली होने से फाटक खुला होने पर सिग्नल लाल हो जाता है। जिससे ट्रेन की लेटलतीफी की संभावनाएं भी बनी रहती हैं।

कार्ड बांटने जा रहे दो भाई हादसे में घायल

औंग। थाना क्षेत्र के कस्बे स्थित पंजाब नेशनल बैंक के पास सर्विस लेन में बाईक से जा रहे दो चचेरे भाई सड़क हादसे का शिकार हो गए। घायलों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां एक हालत नाजुक बताई जा रही है। कस्बे के रहने वाले नितेश कुमार पुत्र राकेश व शुभम पुत्र विमल अपनी बहन की शादी का कार्ड बांटने शुक्रवार को बाइक से बड़ौरी जा रहे थे। दोपहर बाद औंग कस्बे स्थित पीएनबी के पास सर्विस लेन में पहुंचते ही आगे जा रही बाइक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। जिससे दोनों बाइक से गिरकर घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को कस्बे स्थित नर्सिंग होम में भर्ती कराया है। जहां पर उनका इलाज चल रहा है। बता दें कि सर्विस लेन संकरा होने के कारण यहां पर आयदिन हादसे होते रहते हैं।

ई-रिक्शा से बैटरी, चार्जर व तीन पहिए चोरी

बिंदकी। गुरूवार की रात चोरों ने एक घर के बाहर खड़े ई-रिक्शा से उसके कई पार्ट्स चोरी कर लिए। सुबह ई-रिक्शा मलिक ने पुलिस को मामले की तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र के पारादान गांव निवासी अनिल कुमार का ई-रिक्शा गुरुवार की रात को उसके घर के बाहर खड़ा था। रात में चोर ई-रिक्शा को गांव के किनारे एक तालाब के पास ले गए और ई-रिक्शा को खड़ा कर उसकी चार बैटरी, चार्जर व तीन पहिए निकाल चोरी कर ले गए। शुक्रवार की सुबह चोरी की जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। ई-रिक्शा मालिक अनिल कुमार ने मामले की जानकारी देते हुए पुलिस को तहरीर दी है। वहीं पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

वैलंटाइन वीक | शहर के चौराहों पर सजी कई किस्म के गुलाब के फूलों की दुकानें

चाकलेट देकर किया मोहब्बत का इजहार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। फरवरी माह में प्यार के इजहार के लिए मशहूर वेलेंटाइन सप्ताह की शुरुआत बीती 7 फरवरी को रोज डे के साथ हो चुकी है। एक दिन पूर्व गुरुवार को प्रपोज डे मनाया गया। तो शुक्रवार को युवाओं में चॉकलेट डे का शुरुर चढ़ा नजर आया।

गुरुवार को युवा एक-दूसरे को गुलाब देकर प्रेम का इजहार करते दिखे। ग्राहकों को रिझाने के लिए फूल विक्रेताओं के यहां कई किस्म के गुलाब नजर आये। उपहार गैलरियां भी ग्राहकों को खींचने के लिए तैयार हैं। शहर के बाजारों में सबसे ज्यादा भीड़ रही। पार्कों के अलावा रेस्टोरेंट व होटल भी भरे दिखे। युवाओं के दिलों में धड़कने वाले इस सप्ताह को कारोबारी भी भुनाने की तैयारी में जुट गए हैं। शहर की बाजारों में बनी उपहार गैलरियों के साथ ऑनलाइन शॉपिंग की सभी वेबसाइट पर सिर्फ वेलेंटाइन स्पेशल ऑफर दिखाई दे रहे हैं। कुछ स्थानीय गिफ्ट गैलरियों पर कांबो पैक की भी बिक्री की जा रही है। शादीपुर चौराहे स्थित एक उपहार गैलरी के दुकान संचालक मुकेश सिंह ने बताया कि पहले दिन रोज डे से लेकर अंतिम दिन वेलेंटाइन डे के लिए हर एक दिन का विशेष उपहार पैक में उपलब्ध हैं। इस सप्ताह बिक्री में इजाफा रहेगा। फ़ोटो फ्रेमिंग वाले उपहार लोगों की पहली पसंद बन रहे हैं। वहीं युवा शुक्रवार को चॉकलेट डे मनाया।

जगह-जगह पर लगी गुलाब के फूलों की दुकान। अमृत विचार

- शहर के पार्कों में सुबह-शाम रही भीड़, दिखे युवा जोड़े

खूब चढ़ गए गुलाब के फूलों के दाम

वैलेंटाइन सप्ताह आते ही गुलाब की कीमतें आसमान छूने लगती हैं। 10 रुपए में बिकने वाला एक गुलाब इन दिनों कहीं 60 रुपए तो कहीं 100 रुपए में बिक रहा है। सड़क पर 10 रुपए में गुलाब बेचने वाले वैलेंटाइन डे पर खूब मनमानी कर रहे है। दुकानों के बाहर ग्राहकों की भीड़ रही।

खिली धूप से मिली राहत चलती रहीं बर्फीली हवाएं

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। कई दिनों के बाद शुक्रवार को खिली धूप निकली तो लोगों को चेहरे खिले नजर आए। हालांकि सर्द हवाएं हल्की गलन का एहसास कराती रहीं। अब मौसम अब साफ हो रहा है। शुक्रवार को शहर सहित बाकी ग्रामीण इलाकों में भी धूप खिली रही। पहाड़ों पर हुई बर्फबारी की वजह से ठंडी हवाएं सर्दी का एहसास कराती रहीं। मौसम विभाग के अनुसार अब आने वाले दिनों में मौसम ऐसा ही बना रहेगा। दिन के तापमान में बढ़ोतरी होगी।

फरवरी माह के पहले सप्ताह से मौसम खुलना शुरू हो गया था। दिन और रात के पारे में भी वृद्धि शुरू हो गई। रात का पारा तो ज्यादातर इलाकों में सामान्य से अधिक हो गया है। अधिकतम तापमान बढ़ तो रहा है, पर ये अभी भी सामान्य से कम है। मौसम विभाग का कहना है एक सप्ताह तक मौसम ऐसा ही रहने के आसार हैं। 14 फरवरी के आसपास फिर बूंदाबांदी के आसार हैं। शुक्रवार को 22 डिग्री के के साथ न्यूनतम तापमान सात डिग्री दर्ज हुआ। शाम पहर सर्दी बढ़ गई।

बारिश हुई तो होगा नुकसान

जैसा कि मौसम एक बार फिर बारिश होने की आशंका जता रहे हैं, उस पर किसानों ने बताया कि बारिश से फूल वाली फसलों को काफी नुकसान पहले भी हो चुका है। दलहनी फसलों को भी नुकसान है। गेहूं की उन फसलों को लाभ हुआ है जिनकी लेट बुवाई की गई थीं। यदि फिर बारिश हुई तो दलहन-तिलहन समेत अन्य फसलों को तगड़ा झटका लग सकता है।

कार्यालय ग्राम पंचायत नसेनिया, विकास खंड-अमौली, फतेहपुर

पत्रांकः मेमो / ग्राम पंचायत/सामग्री आपूर्ति-2023-2024/ दिनांकः 08/02/2024

निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा साफ्ट में पंजीकृत फर्मो का निर्माण सामग्री आपूर्तिदाताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नसेनियॉ में मनरेगा अन्तर्गत सी0सी0 रोड का निर्माण होना है। जिसमें ईट, रोडी, गिट्टी,सीमेन्ट मौरंग सरिया व अन्य समान की आपूर्ति होना है। आपूर्ति हेतु टेण्डर आमंन्त्रित की जाती है। आपूर्ति की शर्ते व टेण्डर फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से 200 नगद जमा किये जायेगे टेण्डर फार्म 10.02.2024 से 17.02.2024 तक प्राप्त व जमा किये जा सकते है। प्रकाशन के सात दिन के बाद टेण्डर दाताओं के समक्ष टेण्डर खोले जायेगे।

क्र0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत
01	राम प्रताप के दरवाजे से जगदीश वर्मा के दरवाजे तक नाली व सी0सी0 निर्माण	6.3 लाख
02	राकेश के घर से जमील के घर तक नाली व सी0सी0 निर्माण	5.26 लाख
03	महेश चमार के घर से लक्ष्मी के घर तक नाली व सी0सी0 निर्माण	2.81 लाख

मीरा देवी
प्रधान
ग्राम पंचायत नसेनियॉ ,
विकासखण्ड अमौली, फतेहपुर

विजय कुमार
सचिव
ग्राम पंचायत नसेनियॉ ,
विकासखण्ड अमौली, फतेहपुर

कड़ी सुरक्षा के बीच 21 केंद्रों में होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- शुचितापूर्ण परीक्षा के लिए पुलिस कप्तान ने ली बैठक
- 17, 18 फरवरी को प्रस्तावित हैं पुलिस भर्ती परीक्षा

अमृत विचार। जिले में होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर शुक्रवार को पुलिस कप्तान ने सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें जरूरी दिशा निर्देश दिए गए।

उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा जिले में 17 एवं 18 फरवरी को निष्पक्ष एवं पक्षपात रहित सूचितापूर्ण सम्पन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बताया गया कि परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। जनपद में 21 परीक्षा केंद्रों में प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपराह्न 03 बजे से 05 बजे तक होगी। सेक्टर मजिस्ट्रेट व स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। जिन परीक्षा केंद्रों में 504 परीक्षार्थी से अधिक होंगे वहा एक अतिरिक्त स्टैटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई जाएगी एवं कक्ष निरीक्षकों व सह केंद्र व्यवस्थापक की ड्यूटी बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार लगाई जाएगी।

कलेक्ट्रेट सभागार में दिशा निर्देश देते एसपी। अमृत विचार

इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, मोबाइल नहीं ले जा सकेंगे

परीक्षार्थियों की प्रवेश द्वार पर गहनता से तलाशी कराई जाएगी। जिससे कोई भी परीक्षार्थी अनुचित सामग्री परीक्षा कक्ष में न ले जा सके। परीक्षा कक्ष में किसी भी हाल में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, मोबाइल, डिजिटल घड़ी, कैलकुलेटर आदि पूर्णतया प्रतिबंधित हैं।

संवेदनशीलता के साथ निभाएं दायित्व

पुलिस कप्तान ने सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि बोर्ड द्वारा निर्धारित दायित्वों का निर्वहन पूरी संवेदनशीलता के साथ करते हुए परीक्षा संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि अधिकारी बोर्ड द्वारा दिए गए निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर लें। बोर्ड द्वारा कार्यदाई संस्था (गोपनीय), कार्यदाई संस्था (सुरक्षा), कार्यदाई संस्था (जैसमेर) की ड्यूटी लगाई जाएगी जो परीक्षा केंद्रों में एक दिन पूर्व बैठक कर परीक्षा के संबंध में पूरी तैयारी कर जानकारी साझा करेंगे।

केंद्र व्यवस्थापकों की भी जिम्मेदारी तय

पुलिस कप्तान ने नामित मजिस्ट्रेटों के साथ साथ केंद्र व्यवस्थापकों को भी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाए, शौचालय, पेय जल, सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, प्रकाश व्यवस्था, फर्नीचर आदि को देख लें और केन्द्र परीक्षा केंद्रों की साफ सफाई कराकर केंद्र द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार सिटिंग प्लान, मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त करा लें।

- प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक, द्वितीय पाली दोपहर 3 बजे से 05 बजे तक

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अविनाश त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी बिंदकी, खागा, सदर, अपर उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, केन्द्र व्यवस्थापक सहित संबंधित उपस्थित रहे।

अभद्र टिप्पणी पर राहुल का पुतला फूंका

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर किये गए अभद्र टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शहर के पटेल नगर चौराहा पर पुतला फूंका। राहुल गांधी का पुतला फूंकने के बाद भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

राहुल गांधी ने एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अभद्र टिप्पणी की थी, जिसको लेकर भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जनसेवक राजेश सिंह के नेतृत्व में पटेल नगर चौराहा पर राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका गया। जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देश के प्रधानमंत्री पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया। राहुल गांधी इसके पहले भी गलत भाषा का इस्तेमाल करते रहे। राहुल गांधी की प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी से भाजपा कार्यकर्ता आक्रोशित हैं। हम सरकार से राहुल गांधी पर रिपोर्ट दर्ज करने मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि 70 साल तक कांग्रेस ने देश में राज किया। जब से केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है, कांग्रेस के काले कारनामे खुलकर सामने आ गए हैं, जो काम 70 साल में नहीं हुआ, वह काम दस साल में हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेतृत्व में भारत देश का नाम विश्व स्तर पर लिया जाता है। राहुल गांधी का पुतला फूंकने वाले लोगों में बैजनाथ वर्मा, जनसेवक राजेश सिंह, पंकज राजपूत, संतराम फौजी, महेंद्र सिंह, अनु सविता, आचार्य कमलेश योगी, मनोज प्रधान, अमित शर्मा, अमित राजपूत, हरिओम राजपूत, अंकित गौतम, अभिजीत पटेल आदि रहे।

पटेल नगर चौराहे पर राहुल का पुतला फूंकते लोग। अमृत विचार

एक नजर

हादसे में बाइक सवार घायल, हालत नाजुक

खागा। धाता थाना क्षेत्र के डेंडासई गांव निवासी संतोष कुमार पुत्र मुंशीलाल शुक्रवार शाम गांव से बाइक से किशनपुर थाना क्षेत्र के गाजीपुर गांव जाने के लिए निकला था। तभी वह खखरेरू थाना क्षेत्र के कुल्ली गांव के पास स्थित ससुर खदेरी नदी के पास पहुंचा था कि तभी तेज रफ्तार एक लोडर उसे टक्कर मारते हुए निकल गया। हादसे की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल युवक को खखरेरू सीएचसी पहुंचाया, जहां से हालत नाजुक देख उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

एसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह द्वारा शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में परेड सलामी ली। इसके बाद उन्होंने आरक्षी बैरक आवास, एमटी शाखा, भोजनालय, लाइन परिसर भ्रमण, क्वार्टर गार्ड रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने सम्बन्धित को साफ-सफाई संबंधी निर्देश दिए।

56 वाहनों का हुआ चालान

फतेहपुर। एसपी के निर्देश पर शुक्रवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 56 वाहनों का चालान कर एक वाहन सीज कर दिया। वहीं एक वाहन से 15 सौ रुपये का शमन शुल्क वसूलते हुए तीन लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई की है।

महिला ने जहर खाकर की आत्महत्या

फतेहपुर। एक महिला ने अज्ञात कारणों से गुरूवार की शाम जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। धाता थाना क्षेत्र के चरखी गांव निवासी सनी की पत्नी ललिता देवी ने गुरूवार की शाम जहर खाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के चचेरे भाई विजय ने बताया कि उसने अपनी बहन की शादी 2018 में की थी। इससे पूर्व उसकी पहली पत्नी की मौत हो गई थी, ललिता उसकी दूसरी पत्नी थी। उसका बहनोई पंजाब में नौकरी करता है और वहां तीसरा विवाह कर लिया है। जिसको लेकर उसकी बहन मानसिक तनाव में रहती थी और उसने गुरूवार शाम जहर खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

24 घंटे कंट्रोल रूम से रहेगी बोर्ड परीक्षा केंद्रों पर सीधी 'नजर'

परीक्षा में गड़बड़ी पर कंट्रोल रूम करेगा अफसरों को अलर्ट, तीन पालियों में लगेगी ड्यूटी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। यूपी बोर्ड परीक्षाओं को पूरी तरह से नकलविहीन कराने के लिए पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। ऑनलाइन 24 घंटे कंट्रोल रूम से नजर रखी जाएगी। यहां दिन-रात तीन पालियों में प्रभारी सीसीटीवी और वॉइस रिकॉर्डर के साथ परीक्षा केंद्र में कोई भी अनियमितता मिलने पर उच्च अधिकारियों को सूचना देंगे। जीआईसी में स्थापित कंट्रोल रूम में सिस्टम प्रभारी 15 परीक्षा केंद्र की पल-पल की गतिविधियों पर नजर रखेगा।

22 फरवरी से शुरू हो रही यूपी बोर्ड 10वीं, 12वीं की परीक्षाओं को लेकर जिला प्रशासन और माध्यमिक शिक्षा विभाग तैयारी में जुटा है। 115 परीक्षा केंद्रों पर 67,631 परीक्षार्थी 10वीं और 12वीं की परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं। परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन समस्त गतिविधियों की मॉनिटरिंग के लिए जनपद स्तरीय प्रकोष्ठ मॉनिटरिंग सेल की स्थापना राजकीय इंटर कॉलेज में की गई है। कंट्रोल रूम से 24 घंटे एग्जाम सेंटर पर नजर रखने के लिए शिक्षा विभाग के एक दर्जन से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

इसमें प्रथम पाली में सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक 9 प्रभारी तथा दोपहर एक बजे से रात्रि 9 बजे तक 9 प्रभारी कंट्रोल रूम में रहेंगे। जबकि रात्रि 9 बजे से सुबह 6 बजे तक तीन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कंट्रोल रूम प्रभारी ने बताया कि कंट्रोल रूम से 24 घंटे सीसीटीवी वॉइस रिकॉर्डर के साथ सभी परीक्षा केंद्रों की कड़ी निगरानी की जाएगी। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी समाज आने पर तत्काल उच्च अधिकारियों को सूचना भेजी जाएगी।

कंट्रोल रूम में हेल्प डेस्क

यूपी बोर्ड परीक्षाओं में पर्यवेक्षक, जन सामान्य एवं छात्र-छात्राओं की शिकायतों, समस्याओं के समाधान के लिए हेल्प डेस्क की स्थिति एवं परिषद को भेजने जाने वाली सूचनाओं को प्रतिदिन पंजिका पर अंकित की जाएंगी। कंट्रोल रूम में लगाए गए अधिकारियों, कर्मचारियों की पाली समाप्त होने के बाद अगली पाली में साथियों के आने के उपरांत ही कंट्रोल रूम छोड़ छोड़ सकेंगे।

> कंट्रोल रूम में लगाए गए अधिकारी कर्मचारी परीक्षा केंद्रों के ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरे आदि की क्रियाशीलता का परीक्षण करेंगे। समस्त परीक्षा केंद्रों का लगातार अवलोकन करते हुए परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनुचित स्थिति अथवा सीसीटीवी कैमरे आदि सही ढंग से कार्य ना करने पर तत्काल सूचना देंगे।
>
> -शिवपूजन द्विवेदी, डीआईओएस

किराना की दुकान से चोरों ने लाखों का सामान किया पार

थरियांव। चोरों ने गुरूवार की रात किराने की एक दुकान को अपना निशाना बना लिया। दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने हजारों की नगदी और लाखों का सामान पार कर दिया। सुबह हुई घटना की जानकारी पर हड़कंप मच गया। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की है।

थरियांव थाना क्षेत्र के चकबरारी बिलंदा गांव निवासी राजन दीक्षित ने बताया कि वह बिलंदा चौराहे में किराना की थोक दुकान चलाते है। गुरूवार की रात वह दुकान बंद कर रोज की तरह घर चला गया था। शुक्रवार सुबह जब दुकान पहुंचा तो देखा तो दुकान का ताला टूटा हुआ दरवाजे में लगा था। दुकान खोल कर अंदर देखा तो सारा सामान फैला पड़ा था और दुकान में चोरी हो चुकी थी। बताया कि दुकान की गुल्लक में रखी हजारों की नगदी व लाखों का सामान चोरी हो गया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

सार-संक्षेप

एटीएम कार्ड बदलकर शातिर ने खाते से उड़ाए डेढ़ लाख

फतेहपुर। एटीएम कार्ड बदलकर शातिर ने खाते से लगभग डेढ़ लाख की रकम पार कर दी। जानकारी होने पर पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। धाता थाना क्षेत्र के बछरौली निवासी सुनील यादव 31 जनवरी को धाता कस्बा में स्थित एटीएम बूथ पर रुपये निकालने गए थे। बूथ पर भीड़ होने के चलते उसने लोगों से आवश्यकता बता कर जल्दी से रकम निकाल लेने को बोला। तभी वहां पर मौजूद एक युवक ने मदद करने के लिए उनसे एटीएम ले लिया। युवक ने 12 हजार रूपये निकाल कर दे दिया। इसी दौरान शातिर ने उन्हें दूसरा एटीएम कार्ड वापस कर दिया। वह जल्दबाजी में बिना चेक किए कार्ड और रुपया लेकर घर आ गए। इधर शातिर ने 15 बार में 1 लाख 46 हजार 600 रुपया एटीएम से निकाल लिया। मोबाईल चार्ज न होने से उन्हें पता नहीं चला।देर शाम को जब मोबाईल चार्ज करने को लगाया तो मोबाईल पर कई मैसेज आए तब जाकर घटना की जानकारी हुई। पीड़ित ने तत्काल मामले की शिकायत पुलिस से की। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई हैं।

किसान के घर देशी गाय ने दिया दो बछड़ों को जन्म

औंग। तहसील बिन्दकी के गलाथा गांव में रात एक किसान के घर देशी गाय ने दो बछड़ों को जन्म दिया है। जिसमें एक बछिया और एक बछड़ा है। दोनों स्वस्थ्य हैं, इस अजब-गजब की घटना को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो रहे हैं। इतना ही नहीं आसपास के लोग भी इन्हें देखने पहुंच रहे हैं। गलाथा गांव निवासी अरविन्द सिंह परिहार गांव में खेती किसानी करते हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें देशी गाय पालने का शौक शुरू से था जो अब भी बरकरार है। उनके पिता भारतीय सेना में सिपाही थे। उन्होंने गांव में देशी गाय पाल रखी है। किसान के पास दो बीघा जमीन है, जिसमें गाय का चारा व अपने जीविकोपार्जन के लिए फसल का उत्पादन करते हैं। ऊपरी खर्च गाय के दूध की बिक्री से चलाते हैं। रात में उनकी खुशी देखने लायक थी। रात में गाय ने दो बछड़ों को जन्म दिया है। गोपालक किसान अरविन्द सिंह परिहार से जब आवारा मवेशियों की दुर्दशा पर बात की गई तो उन्होंने बताया है कि इस दुर्दशा के जिम्मेदार आज का मशीनरी युग है। खेतों की जुताई में बैल की जरूरत को खत्म कर दिया, फिर यह समाज जिसमें भगवान कृष्ण या राम के प्रति भक्ति भाव नहीं रहा तो भला कृष्ण की गाय के प्रति भक्ति कैसे रहेगी। लोगों ने इसे दूध प्राप्त करने का एक साधन समझा और जब से बन्द पैकेट में केमिकल वाले दूध आने लगे तो इस गोवंश को समाज के अत्याचार सहने के लिए छोड़ दिया गया।

कार्य व्यवहार के आधार पर बढ़ेगा कर्मियों का सेवा अनुबंध

फतेहपुर। दोआबा के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में तैनात शिक्षिकाओं और कर्मचारियों को सेवा अनुबंध उनके कार्य व्यवहार एवं शैक्षिक प्रगति के वार्षिक मूल्यांकन के बाद बढ़ाया जाएगा। सेवा अनुबंध की कार्यवाही 15 फरवरी तक पूरी की जानी है। इसको लेकर बीएसए ने सभी कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन को दिशा निर्देश जारी किए हैं। राज्य परियोजना निदेशक द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में शैक्षिक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के नवीन चयन, पद स्थापना और संविदा के संबंध में आदेश जारी किया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव ने सभी ब्लॉकों के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन को निर्देश जारी करते हुए बताया कि शैक्षिक शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के कार्य व्यवहार एवं शैक्षिक प्रगति का वार्षिक मूल्यांकन किया जाएगा। इसके बाद सेवा अनुबंध की कार्यवाही 15 फरवरी तक पूरी की जानी है। सेवा अनुबंध की कार्यवाही निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराते हुए सूचना राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। सभी वार्डन अपने अपने विद्यालय के शैक्षिक व शिक्षणेत्तर कर्मियों के परफॉर्मेंस इंडिकेटर फॉर्मेट पर सर्पोटिंग डॉक्युमेंट्स संलग्न करते हुए 10 फरवरी तक बीएसए कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश हैं।

किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

फतेहपुर। एक युवती ने अज्ञात कारणों से शुक्रवार को फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। खेत से लौटे परिजनों को जानकारी हुई तो कोहराम मच गया। वहीं पुलिस ने पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।असोथर थाना क्षेत्र के घाटमपुर गांव निवासी रामस्वरूप अपने परिवार के साथ खेतों में काम करने चला गया था। इस दौरान घर पर उसकी बेटी रूबी अकेली थी। जब परिवार के लोग घर पहुंचे तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक बुलाने और दरवाजा खटखटाने पर भी जब दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों ने किसी तरह से दरवाजा खोला और अंदर पहुंचे। अंदर जाकर देखा तो उसका शव फांसी के फंदे से लटक रहा था। यह देख परिजनों की चीख निकल गई। बेटी का शव देखकर कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

समस्याओं पर भड़की भाकियू जल्द निस्तारण करने की मांग

एसडीओ को ज्ञापन सौंपते हुए भाकियू पदाधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, असोथर फतेहपुर

अमृत विचार। भाकियू के बैनर तले शुक्रवार को ब्लॉक अध्यक्ष सोनू सिंह गौतम की अध्यक्षता में किसानों ने नगर के विद्युत उपकेंद्र में बैठक कर समस्याओं पर चर्चा की। चार समस्याओं को हर हाल में निस्तारित करने पर जोर देते हुए कहाकि विद्युत कटौती बंद हो, रोस्टर का समय निर्धारित करें। 22 फरवरी से शुरु हो रही बोर्ड परीक्षाओं में पूरी रात निर्वाध विद्युत आपूर्ति जारी रहे। असोथर की सप्ताहिक बाजार में बड़े वाहनों का प्रवेश वर्जित किया जाये।

बताया कि सुजानपुर रजबहा में कई क्षतिग्रस्त पुलों का निर्माण कराया जाए। साथ ही सुजानपुर रजबहा की दोनों पटरियों कि मरम्मत कराई जाय। भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि यदि सभी समस्याओं का निदान न किया गया तो धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। दिनेश प्रताप सिंह, रविदेव सिंह, कैलाश चंद्र शुक्ल, विमल अग्रहरि, अजय सिंह आदि रहे।

अनियंत्रित वाहन की टक्कर से विक्षिप्त की मौत

फतेहपुर। हथगाम थाना के अहिंदा मोड़ के पास भोर पहर करीब सात बजे एक अर्धविक्षिप्त को बेकाबू वाहन ने टक्कर मार दी। हादसा देख स्थानीय लोग दौड़कर मदद के लिए मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

हथगाम थाना क्षेत्र में 58 वर्षीय अर्धविक्षिप्त व्यक्ति अक्सर इधर-उधर घूमता रहता था। शुक्रवार की सुबह वह अहिंदा मोड़ के पास टहल रहा था, उसी समय एक बेकाबू वाहन की चपेट में आ जाने से वह वहीं घायल होकर गिर गया। यह देख लोग मदद के लिए दौड़े लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। लोगों ने घटना की जानकारी छिवलहा थाना प्रभारी को सूचना दी। मामले में चौकी इंचार्ज विनोद सिंह ने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाया जा रहा है।

कम्पोजिट विद्यालय में निपुण हो चुके बच्चों को पुरस्कार

निपुण हो चुके बच्चों को किया गया पुरस्कृत। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। तेलियानी विकास खण्ड के कम्पोजिट विद्यालय ढोंड़ियाही में शुक्रवार को निपुण हो चुके बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए उन्हें पुरस्कृत किया गया।

मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में निपुण बच्चों को सम्मानित कर अभिवभावकों का उत्साह वर्धन किया। बच्चों के निपुणता के बारें में श्री कटियार ने विद्यालय की प्रधानाध्यापिका साधना सचान को धन्यवाद दिया। विद्यालय के एसएमसी अध्यक्ष के द्वारा अन्य निपुण बच्चों को भी सम्मानित किया गया। वहीं बच्चों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। अध्यक्ष लाल देवेंद्र प्रताप सिंह, योगेंद्र सचान, संतराज, बीना देवी, असद, रश्मि अग्निहोत्री, ग्राम प्रधान सहित अन्य तमाम अभिभावक मौजूद रहे।

प्रशिक्षण जीवन प्रथम एक हजार दिनों के तहत हुआ कार्यक्रम, आकांक्षी जिला होने के कारण आयोजित हो रहे कार्यक्रम

गूगल रीड एलांग एप से दक्ष की गईं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। आकांक्षी जनपद फतेहपुर में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के द्वारा पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से जिला कार्यक्रम अधिकारी साहब यादव के नेतृत्व में आईसीडीएस शहरी परियोजना की 150 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को गूगल रीड एलांग एप के माध्यम से पूर्व प्राथमिक शिक्षा के क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षित किया गया।

इस प्रशिक्षण में पीरामल फाउंडेशन की ओर से जिला समन्वयक रोहिणी राय द्वारा स्कूल पूर्व शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए एप के बारे में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं आंगनवाड़ी सुपरवाइजर को मोबाइल आधारित पूर्व प्राथमिक शिक्षा की तकनीक से विस्तृत रूप से सभी का परिचय कराते हुए प्रशिक्षित किया गया। सभी आंगनबाड़ी को बेहतर तरीके से बच्चों की भाषा कौशल को बेहतर बनाने के प्रयास करने के लिए ऐप में 9 भाषाओं में हजारों कहानियां के माध्यम से पढ़ कर सुन कर देख कर बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र और घर पर बेहतर शिक्षा देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य बच्चों को उम्र के अनुसार बेहतर शिक्षा के लिए निपुण किया जाना है।

कार्यक्रम में प्रशिक्षण लेती आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। अमृत विचार

पोषण को लेकर दी गई जानकारी

पीरामल फाउंडेशन के कार्यक्रम समन्वयक अनवर खान ने गर्भावस्था से लेकर 6 वर्ष की आयु तक बेहतर स्वास्थ्य व पोषण को इस उम्र की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। उन्होंने एनीमिया जैसी गंभीर बीमारी के रोकथाम के लिए विस्तार पूर्वक चर्चा की। साथ ही एनीमिया से बचाव के तरीके भी बताए।

- बच्चों को उम्र के अनुसार बेहतर शिक्षा के लिए निपुण करने का उद्देश्य

2900 कार्यकत्रियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

प्रशिक्षण में सहयोगी संस्था वैन लीर फाउंडेशन के जिला समन्वयक अनुभव गर्ग द्वारा जीवन प्रथम 1000 दिनों के दौरान संवेदनशील परवरिश का महत्व बताते हुए बताया कि भारत की नई पीढ़ी का बेहतर बौद्धिक एवं मानसिक विकास जीवन के प्रथम 1000 दिनों में की गई बेहतर संवेदन शील परवरिश से ही संभव है। आकांक्षी जनपद के 14 बाल विकास परियोजनाओं के 101 सेक्टर में लगभग 2900 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 14 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित किये जाने का लक्ष्य रखा गया है।

वार्षिकोत्सव में परिषदीय विद्यालय के बच्चे जमकर झूमे, पाया ईनाम

संवाददाता बहुआ

अमृत विचार। कंपोजिट विद्यालय मेवली बहुआ में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित किया गया। जहां खंड शिक्षा अधिकारी हौसला प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और प्रतियोगिताओं में विजेता हुए छात्रों को पुरस्कृत किए।

कक्षा 1 से 8 तक के ऐसे बच्चों जो अपनी कक्षा में अर्धवार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वतीय एवं तृतीय श्रेणी प्राप्त की। अविभावकों को माला पहना कर सम्मानित किया, इस अवसर पर उन्होंने अपने उद्बोधन में अविभावकों को स्कूल के नियम कानून मानने तथा प्रतिदिन बच्चों को स्कूल भेजने पर बल दिया। प्रधान प्रतिनिधि प्रेमप्रकाश गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में पधार कर बच्चो एवं अविभावकों को बताया कि अध्यापक ,बच्चे एवं माता_पिता की सामूहिक शक्ति अगर विद्यार्थियों के साथ लग जाए तो बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। इस दौरान मंच संचालक दिलीप कुमार (अनुदेशक) का माल्यार्पण कर उनका हौसला बढ़ाया। बताया कि गांव का सौभाग्य है की आप जैसे अध्यापक मिले। कार्यक्रम में डम्बल, लेजियम से पीटी, जूडो-कराटे एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों को 50 मीटर दौड़, झंडी दौड़ और लेखन तथा कला प्रतियोगिता कराई गई। उन्हें पुरस्कार प्रदान किया गया। इस दौरान एसएमसी अध्यक्ष सुरेश कुमार, प्रधानाध्यापिका अनीता देवी, भूतपूर्व प्रधान राम आसरे समेत पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

विजेता छात्रों को किया गया पुरस्कृत। अमृत विचार

हल्द्वानी में बवाल के बाद जिले में जुमे पर पुलिस रही अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। हल्द्वानी में बवाल के बाद जिले की पुलिस अलर्ट दिखी। पुलिस ने पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिया। मुस्लिम बाहुल्य और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में ड्रोन की मदद से विशेष सतर्कता बरती गई। कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण तरीके से जुमे की नमाज अदा कराई गई। एसपी सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी करा रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आंनद ने शुक्रवार को जुमे की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये पुलिस बल के साथ संवेदनशील इलाकों में रूट मार्च किया। सभी थाना प्रभारियों को नमाज के दौरान फोर्स के साथ मौजूद रहने के निर्देश दिए। एसपी भी क्षेत्र में भ्रमण कर अधिकारियों से पल-पल की खबर लेते रहे। सुबह से ही पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्र में मस्जिदों का जायजा लिया। मस्जिदों के आस-पास और सार्वजनिक स्थलों पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी। एसपी ने बताया कि शांति व्यवस्था कायम करने के पर्याप्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था की गई है। अतिरिक्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था रिजर्व रखी गई है। मुस्लिम बाहुल्य और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में ड्रोन की मदद से विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इसके अलावा पुलिस की एक विशेष टीम सोशल मीडिया की भी निगरानी कर रही है। शहर के सभी चौराहा के समीप क्यूआरटी और पीएसी तैनात कर दी गई है।

शहर में निगरानी कराते सीओ सदर कमलेश कुमार व अन्य। अमृत विचार

- थाना कोतवाली पुलिस ने किया रूट मार्च, ड्रोन कैमरे से कराई निगरानी

रूटमार्च करते आईजी जोगेंद्र कुमार व अन्य पुलिस अधिकारी।

आईजी ने पैदल रूट मार्च कर जांची कानून व्यवस्था

कन्नौज/गुरसहायगंज। पुलिस उप महानिरिक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर जोगेंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आंनद ने पुलिस बल के साथ रूटमार्च किया। एसओजी, सर्विलांस व कोतवाली सदर पुलिस के साथ वह शहर के लाखन तिराहा पर पहुंचे। यहां से रूटमार्च कर पाटा नाला तक गये। इसके बाद मकरंदनगर तक पैदल मार्च किया। पाल चौराहा पर लगे बैरियर पर चेकिंग तेज करने को कहा। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी विष्णु कांत तिवारी, सीओ सदर कमलेश कुमार मौजूद रहे। इसके बाद कोतवाली गुरसहायगंज जाकर अभिलेखों की जांच की। कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न हो। महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त शिकायतों की स्थिति, उत्पीड़न से संबंधित दर्ज मुकदमों की स्थिति एवं माल निस्तारण के संबंध में समीक्षा कर कोतवाली प्रभारी जेपी शर्मा को निर्देश दिये।

कस्बों में भी चौकन्नी रही पुलिस मस्जिदों के बाहर कड़ी चौकसी

गुरसहायगंज/छिबरामऊ

अमृत विचार। यूसीसी, ज्ञानव्यापी सहित हल्द्वानी में हुई हिंसा को लेकर कस्बों में भी पुलिस चौकन्नी रही जबकि मस्जिदों के बाहर खासी चौकसी बरती गई। शुक्रवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कोतवाल जय प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में नगर के तिराहा, चौराहा, गांधी नगर, डुंडवाबुर्जुग, मझपुर्वा, समधन आदि स्थानों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। पुलिस टीम ने भ्रमण कर शांति व सुरक्षा का संदेश दिया। दोपहर बाद कोतवाल सहित कस्बा प्रभारी रॉबिन सिंह, समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह, मझपुर्वा चौकी प्रभारी विनय कुमार शर्मा तिराहा स्थित जामा मस्जिद, तिर्वा रोड, गांधी नगर सहित समधन, डुंडवाबुर्जुग, मझपुर्वा, सफीपुरजप्ती, इस्माइलपुर आदि मस्जिदों पर तैनात रहे। कड़ी सुरक्षा में जुमा की नमाज अदा कराई गई। छिबरामऊ में भी अराजकतत्वों पर पैनी निगाह रखने के लिए ड्रोन कैमरे का इस्तेमाल किया गया। सबसे बड़ी जामा मस्जिद के बाहर भारी पुलिस बल के साथ ड्रोन कैमरे की निगरानी में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराई गई।

गुरसहायगंज में ड्रोन कैमरे से निगरानी कराते कोतवाल जेपी शर्मा। अमृत विचार

छिबरामऊ में कैमरे की नजर में शहर की जामा मस्जिद। अमृत विचार

एआरटीओ दफ्तर में दलालों के प्रवेश पर लगी रोक

खबर प्रकाशित होने के बाद बदला सा नजर आया कार्यालय, बाबुओं की पटल खिड़कियों पर रहा सन्नाटा

खबर का असर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। एआरटीओ दफ्तर में व्याप्त अराजकता को लेकर अमृत विचार दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का असर शुक्रवार को ही देखने को मिला। कार्यालय काफी कुछ बदला सा नजर आया। यहां एआरटीओ के आदेश से दलालों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई। इससे बाबू के पटल की खिड़की पर सन्नाटा दिखाई दिया। हिम्मत जुटा कर कुछ दलाल फाइल लेकर पहुंचे तो बाबुओं ने उनको भगा दिया।

बता दें कि एआरटीओ कार्यालय के बाहर दलालों की दुकानें सजी रहतीं हैं। यह दलाल लोगों को जल्द से जल्द काम कराने का भरोसा देने के बाद रुपये लेकर काम कराते हैं। इन लोगों ने इसकी बाकायदा दरें भी तय कर रखीं हैं। इस संबंध में अमृत विचार ने शुक्रवार के अंक में प्रमुखता से खबर का प्रकाशन किया। इसका असर यह हुआ कि एआरटीओ इज्या तिवारी दफ्तर पहुंचीं और सबसे पहले कार्यालय में घुसे दलालों को बाहर निकलवाया। इसके बाद सभी बाबुओं को कड़े निर्देश दिये कि वे दलालों के माध्यम से आने वाली फाइलों को पास नहीं करेंगे। यदि किसी बाबू के पास फाइल लेकर दलाल दिखते हैं तो संबंधित पर कार्रवाई की जायेगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे तक कार्यालय परिसर में एक भी दलाल ने प्रवेश नहीं किया। इसके बाद एआरटीओ लंच पर गईं तो कुछ दलाल कार्यालय के अंदर फाइल लेकर चहलकदमी करते दिखे। हालांकि एआरटीओ के खौफ से बाबू उनसे कार्यालय के बाहर निकलने की बात कहते रहे। कुछ दलालों ने अपनी फाइलें विंडों से पटल के बाबू को सौंपीं। एआरटीओ की नाराजगी के चलते कार्यालय में प्रतिदिन की तरह भीड़ नहीं दिखी। इक्का-दुक्का लोग ही काम लेकर बाबू के पटल खिड़की के सामने दिखाई दिये। कुछ दलाल कहते सुने गए कि 'यह एआरटीओ का दफ्तर है। यहां उनके बगैर कोई काम होना संभव नहीं है। हर व्यक्ति के पास समय नहीं होता कि वह कई दिनों तक दफ्तर के चक्कर लगाए। इसीलिये वह फाइल व काम के अनुसार बताये गये रुपये थमा कर चले जाते हैं। इससे दलाल, बाबू व जिस व्यक्ति का काम है वह खुश रहता है।' यहां बता दें कि पूर्व में भी यहां सख्ती की जाती रही लेकिन कुछ दिन सब ठीक रहने बाद पुराना ढर्रा लौट आता रहा है।

एआरटीओ कार्यालय परिसर में खड़े वाहन। अमृत विचार

- हिम्मत जुटाकर कुछेक दलाल पहुंचे तो बाबुओं ने भगा दिया
- एआरटीओ ने दलालों को बाहर का रास्ता दिखाया

बाबू की अलमारी में मिली वाहनों की चेसिस नंबर कटिंग
दलाल को रकम देकर चटपट काम
नौ फरवरी को प्रकाशित खबर।

एआरटीओ दफ्तर में बाबू के पटल खिड़कियों पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

ब्लैकमेलिंग से तंग आ ले ली थी फोटोग्राफर की जान

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार। प्रेमिका के साथ अश्लील फोटो व वीडियो बनाने के बाद इसे वायरल करने की धमकी देकर धन उगाही से परेशान होकर असिस्टेंट ने ही फोटोग्राफर की ईंट से कुचलकर हत्या की थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त ईंट बरामद की है।

बुधवार की रात कस्बे के इंद्रानगर मोहल्ला निवासी शकील उर्फ मुन्ना की ईंट से कूंचकर उस समय हत्या कर दी गई थी जब वह सो रहा था। मामले में घटना की सूचना देने वाले हत्या के आरोपी डम्मरपुर गांव निवासी अमित गौतम पुत्र लक्ष्मीनारायण को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। इसके खिलाफ मृतक के भाई ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को पूछताछ में उसने बताया कि वह शकील के साथ ही फोटोग्राफी का काम करता था। दो माह पहले वह अपनी प्रेमिका को लेकर उसके घर पर रुका। तब शकील ने उसके साथ प्रेमिका का अश्लील फोटो व वीडियो बना लिया।

हत्यारोपी व बरामद ईंट।

शकील इसे वायरल करने धमकी देकर लगातार धन उगाही कर रहा था। इसके चलते उसे अपनी बाइक भी बेचनी पड़ी थी। घटना की रात शकील ने उसे बुलाकर पैसे मांगे अन्यथा फोटो वायरल करने की धमकी दी। इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई तो शकील ने उसे डंडा मार दिया। उसने बचाव करते हुए पास में पड़ी ईंट उठाकर शकील के सिर में मार दी तथा वह कैमरा वाला बैग लेकर छत के रास्ते उतरकर थाने गया। पुलिस को हत्या करने की जानकारी देते हुए गुमराह करने का प्रयास किया किंतु असफल रहा। प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि हत्या में प्रयुक्त ईंट व बैग बरामद कर लिया गया है। हत्यारोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

डीआईओएस ने बोर्ड की तैयारियां परखीं

गुरसहायगंज। इस महीने से शुरू होने वाली माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की हाई स्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर डीआईओएस ने केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधानाचार्यों को परीक्षा से दो दिन पहले व्यवस्थाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया।

शुक्रवार को जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पूरन सिंह ने तिर्वा रोड स्थित सरोजनी देवी आर्य बालिका इंटर कॉलेज, मोहल्ला रामगंज स्थित गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज, गांधी नगर स्थित मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज, विजय इंद्र सिंह इंटर कॉलेज लाड़पुर, गीता इंटर कॉलेज, जाकिर हुसैन इंटर कॉलेज पहुंचकर बोर्ड परीक्षा की तैयारी देखी। वाई-फाई कनेक्शन, स्ट्रांग रूम, कंट्रोलरूम, परीक्षा कक्ष, सीटिंग प्लान, फर्नीचर, प्रकाश, पेयजल व्यवस्था को जांचा। प्रधानाचार्यों को निष्पक्ष परीक्षा कराने सहित व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रधानाचार्य शैलेश गुप्ता, पूजा वर्मा, प्रबल प्रताप यादव, अंकित यादव, मसरूर अहमद आदि रहे।

बिना शिक्षा के कोई समाज उन्नति नहीं कर सकता

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। तेराजाकेट स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद इंटर कॉलेज में शुक्रवार को शर्मा विश्वकर्मा मैथिली समाज का महासम्मेलन आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा व पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा जिलाध्यक्ष अरूण शर्मा सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने 51 किलो की माला पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया।

पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि समाज के लोग एकजुट होकर खुद को मजबूत करें। बिना शिक्षा के कोई भी समाज आगे नहीं बढ़ सकता है। इस लिए समाज के लोगों को शिक्षित होना चाहिए। भाजपा देश में धर्म और संप्रदाय की राजनीति को बढ़ावा दे रही है। सपा ने विश्वकर्मा समाज को हक व सम्मान दिलाया है। पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में विश्वकर्मा समाज को शोषण हो रहा है। सपा शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष अमित यादव ने शिक्षकों के साथ पूर्व मंत्री को आंबेडकर का चित्र भेंट किया।

इस दौरान राम सेवक वाथम, डॉ. रविदत्त यादव, ललित मोहन सिंह, शंकर शर्मा उर्फ बंटी, चेयरमैन जानू खान, अमित यादव, अरूण शर्मा रंजीत शर्मा, अरविंद शुक्ला, योगेश शर्मा, गौरव शर्मा, मनी गुप्ता, गोपाल शर्मा, नीरज शर्मा, मनीष शर्मा, दिनेश शर्मा, अंकुर सिंह यादव, अमन खान, मोहित पाठक, अंकित यादव, टिल्लू यादव आदि मौजूद रहे।

- शर्मा विश्वकर्मा मैथिली समाज का महासम्मेलन हुआ संपन्न
- वक्ताओं ने भाजपा पर लगाए धर्म और संप्रदाय की राजनीति करने के आरोप


पूर्व मंत्री को प्रतीक चिन्ह भेंट करते अमित यादव व शिक्षक। अमृत विचार

रोजगार मेला में 393 युवाओं ने लिया भाग

जलालाबाद, कन्नौज। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उत्तर प्रदेश के कौशल विकास मिशन एवं सेवा योजना विभाग द्वारा शुक्रवार को संयुक्त रूप से दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत ब्लॉक मुख्यालय पर विकास खंड स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया।

ब्लॉक प्रमुख प्रतिभा दोहरे ने दीप प्रज्ज्वलित कर मेला का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य संजीव कुमार पाल ने मुख्य अतिथि को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिभा दोहरे व बीडीओ सोनिया श्रीवास्तव ने 135 युवाओं को स्मार्टफोन का भी वितरण किया। रोजगार मेला में लगभग 393 युवाओं ने प्रतिभाग किया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वाद निस्तारित होंगे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जनपद के सभी न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च को किया जाएगा, जिसमें इस बार अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण की रूपरेखा तैयार की जा रही है। जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं अपर जिला जज लवली जायसवाल ने बताया कि सभी प्रकार के वादों का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा।

शुक्रवार को उन्होंने बताया कि प्रभारी जिला जज लोकेश वरुण के आदेश पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च को जिला एवं सत्र न्यायालय तथा सभी तहसीलों में किया जाएगा। इसमें यातायात, लघु आपराधिक प्रकरण, नगर पालिका एवं बैंक मामले, सिविल, भूमि अधिग्रहण, मोटर दुर्घटना प्रतिकर मामले, पारिवारिक वादी, उपभोक्ता फोरम, श्रम प्रकरणों को पक्षकारों की सहमति से लिया जा सकता है। विद्युत अधिनियम के अन्तर्गत सुलह योग्य वाद, उत्तराधिकार संबंधी, आयुध अधिनियम, बीमा संबंधी प्रकरण, वन अधिनियम, मोटरयान अधिनियम के अन्तर्गत ई-चालान, वाणिज्य अधिनियम के अंतर्गत चालान, आबकारी अधिनियम, जुआ अधिनियम, मोबाइल फोन, मनरेगा, शिक्षा का अधिकार, राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड, जाति एवं आय प्रमाण पत्र के मामलों का सुलह-समझौते व अर्थदंड लगाकर निस्तारित किया जाएगा।

- 9 मार्च को सभी न्यायालयों में आयोजित की जाएगी
- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने किया जागरूक

अपर जिला जज लवली जायसवाल।

तिर्वा में शिविर लगाकर दी गई जानकारी

कन्नौज। शुक्रवार को तिर्वा तहसील में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में पराविधिक स्वयंसेवक नितिन सक्सेना, आशीष सक्सेना व जगदीश यादव ने लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे जानकारी दी। इस दौरान स्वयंसेवकों ने लोगों को बताया कि वे किस तरह अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रह सकते हैं और सरकार से विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

उल्लास — सुमन पाल की टीम को पहला, छाया को दूसरा और सपना को मिला तीसरा पुरस्कार

ज्वार की खीर, बाजरा के पुआ व कचौड़ी बनाकर जीते पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। छात्र-छात्राओं को भी मोटे अनाज की खासियतें बताई जा रहीं हैं। हर घर की रसोई में इसका प्रयोग अधिक से अधिक हो इस वजह से अधिकारी विद्यार्थियों के बीच पहुंच रहे हैं। साथ ही तरह-तरह के व्यंजन बनवाकर पुरस्कृत भी कर रहे हैं। विनीता देवी महाविद्यालय में बाजरा की कचौड़ी व पुआ बनाने वाली सुमन पाल की टीम को पहला पुरस्कार दिया गया। सपना पाल की टीम ने बाजरा की कचौड़ी बनाने के बाद दूसरा व छाया पाल की टीम ने ज्वार की खीर बनाने के बाद तीसरा इनाम झटका।

डीडी कृषि प्रमोद सिरोही ने बताया कि उत्तर प्रदेश मिलेट्स (मोटा अनाज) योजना के तहत मिलेट्स रेसिपी विकास कार्यक्रम तिर्वा-कन्नौज मार्ग किनारे स्थित वैसापुर पट्टी के महाविद्यालय में हुई। कृषि वैज्ञानिक डॉ. अरविंद यादव, डॉ. चंद्रकला ने छात्राओं को मिलेट्स की मानव जीवन में महत्ता बताई। मिलेट्स से खाद्य पदार्थ बनाने की भी जानकारी दी। सांवा, कोदो, रागी व मडुआ का भी प्रदर्शन किया गया। जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह ने कहा कि मिलेट्स फसलों को रोजमर्रा की जिंदगी में शामिल करके स्वास्थ्य को बेहतर किया जा सकता है। साथ ही फसलों की पैदावार के बाद अच्छा मुनाफा भी मिल सकता है। वैज्ञानिकों ने बताया गया कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2023 को मिलेट्स वर्ष घोषित किया है। पूर्वज मोटे अनाज का प्रयोग काफी करते रहे। फाइवर, विटामिन व प्रोटीन के बारे में भी बताया गया। रेसिपी प्रतियोगिता में छह टोलियां बनीं। उसमें से तीन को पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर आने के बाद सम्मानित किया गया। प्रबंधक अशोक दुबे ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस मौके पर प्राचार्य विपिन यादव, प्रवक्ता कंचन पांडेय मौजूद रहीं।

- विनीता देवी महाविद्यालय में छात्राओं को बताई गईं मोटे अनाज की खासियतें

छात्रा को प्रमाण पत्र देते जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह और प्रबंधक अशोक दुबे।

कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं व अन्य लोग। अमृत विचार

कार्यालय नगर पालिका परिषद छिबरामऊ जनपद कन्नौज

पत्रांक– 1384/न0पा0प0छि0/टेण्डर/निर्माण/2023–24 दिनांक– 09 फरवरी, 2024

(निविदा सूचना)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद छिबरामऊ द्वारा स्वीकृत 5TPD wet waste processing unit हेतु ग्राम कमालपुर में समतल बेस हेतु मिट्टी भराव का कार्य एवं कार्यालय की पुताई कराना चाहती है। जिसके लिए ठेकेदारों/फर्मो से निम्नलिखित कार्य हेतु मोहर बन्द निविदाएँ दिनांक–20.02.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। टेण्डर फार्म के साथ संलग्न नियम व शर्तो के अनुसार ही निविदायें मान्य होंगी। प्राप्त निविदाएँ उसी दिन अथवा अन्य किसी दिन ठेकेदारों/पंजीकृत फर्मो की उपस्थिति /अनुपस्थिति में अध्यक्ष महोदय के समक्ष खोली जायेंगी। प्राप्त निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष महोदय में सन्निहित होगा। बिना कारण बताएं आमन्त्रित निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सन्निहित होगा। निविदा की विक्री कार्यालय कार्य दिवस में की जायेगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	आगणन की धनराशि	2% धरोहर धनराशि	निविदा प्रपत्र मूल्य + GST + प्रोसेसिंग फीस	कार्य का समय
1	नगर पालिका परिषद छिबरामऊ में 5TPD wet waste processing unit के अधिष्ठापन हेतु ग्राम कमालपुर में समतल बेस हेतु मिट्टी भराव व बेस में चुनाई का कार्य।	270000	5400	351 + 63 + 100 = 514	20 दिन
2	नगर पालिका परिषद छिबरामऊ कार्यालय में पुताई का कार्य।	166000	3320	216 + 39 + 100 = 355	20 दिन

अधिशासी अधिकारी
न.पा.प. छिबरामऊ, जनपद–कन्नौज।

अध्यक्ष
न.पा.प. छिबरामऊ, जनपद–कन्नौज।

निराश्रित गोवंशों को पुराने स्कूल में बंद किया

सोशल मीडिया पर वीडियो प्रसारित होने पर कटरी अमीनाबाद के भिम्मापुर्वा पहुंचे अधिकारी-कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जनपद में निराश्रित गोवंशों को पकड़ने का अभियान समय-समय पर चलता रहता है। अधिकारी आंकड़ों में सैकड़ों मवेशी पकड़ने का दावा भी करते हैं, लेकिन गांव व सड़कों पर इससे निजात नहीं मिलती है। इससे परेशान भिम्मापुर्वा के किसानों ने कई मवेशियों को पुराने स्कूल में बंद कर दिया। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया गया। उसके बाद अफसर-कर्मी गांव पहुंचे और पशुओं को संरक्षित कराया।

ब्लॉक सदर कन्नौज क्षेत्र की ग्राम पंचायत कटरी अमीनाबाद के मजरा भिम्मापुर्वा में उच्च प्राथमिक स्कूल था। भवन जर्जर होने से कमरे गिरा दिए गए। वर्तमान में वहां चहारदीवारी बनी है और स्कूल के नाम वाला बोर्ड लगा है। ग्रामीणों ने अन्ना मवेशियों को पकड़-पकड़कर उसमें बंद कर दिया। आरोप है कि सड़कों व गांव में घूमने वाले मवेशी पकड़े नहीं जाते हैं। इससे फसलों को काफी नुकसान होता है। कभी-कभी सड़कों पर हादसे में लोगों की जान तक चली जाती है। मवेशियों से लोगों के घायल होने के मामले तो आए दिन ही आते हैं। दूसरी ओर जानकारी होने पर कई अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। इस बाबत ग्राम पंचायत सचिव विमल दुबे का कहना है कि बच्चे करीब एक महीने से दूसरे स्कूल में पढ़ रहे हैं। जर्जर होने से भवन टूट रहा है। अभियान के तहत मवेशी कैटल कैचर से पकड़े लिए गए हैं।

यूपीएस भिम्मापुर्वा की चहारदीवारी के अंदर बंद अन्ना मवेशी। अमृत विचार

> स्कूल में छात्र-छात्राएं नहीं पढ़ते हैं। बच्चों की कक्षाएं निकट स्थित दूसरे विद्यालय में कई दिनों से संचालित हैं। इस वजह से सभी लोग सुरक्षित हैं। भवन गिराकर नया बनाने की प्रक्रिया चल रही है।
>
> -उपासना रानी वर्मा बीएसए

> वर्तमान में भिम्मापुर्वा स्कूल की चहारदीवारी ही बची है। अंदर कमरे नहीं हैं और न ही कक्षाएं लगतीं हैं। गांव के लोगों ने मवेशियों को पकड़ा। अब उनको संरक्षित करा दिया गया है। बैठक में होने से मवेशियों की संख्या बताना अभी मुश्किल है।
>
> -डॉ. कर्णवीर सिंह, सीवीओ

कैटल कैचर से गोवंश पकड़ते कर्मचारी। अमृत विचार

जिले में दो दिन पकड़े गए 267 गोवंश

कन्नौज। जनपद में समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के निर्देश पर आठ फरवरी से 22 तारीख तक विशेष गोसंरक्षण अभियान चल रहा है।

पहले दिन 163 व दूसरे दिन शुक्रवार को 104 कुल 267 निराश्रित गोवंशों को पकड़कर गोशालाओं में संरक्षित किया गया। जारी विज्ञप्ति के मुताबिक कैटल कैचर टीम अपने-अपने क्षेत्र में जाकर निराश्रित गोवंशों को पकड़कर गौशाला में संरक्षित कर रही है।

सदर विकास खंड कन्नौज इलाके से 22 गोवंश व उमर्दा में 21 मवेशी पकड़े गए। विकास खंड छिबरामऊ में आठ, तालग्राम में छह, सौरिख में 25, जलालाबाद में छह, गुगरापुर में चार और हसेरन में 10 गोवंश पकड़े गए। इसी तरह नगर पालिका परिषद छिबरामऊ और गुरसहायगंज क्षेत्र में एक-एक गोवंश को पकड़कर गोवंश आश्रय स्थल में भेजा गया है।

जर्जर भवन में कार्य करते पशु चिकित्सालय में कार्यरत कर्मी। अमृत विचार

जर्जर भवन में चल रहा है राजकीय पशु चिकित्सालय

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। लगभग 79 लाख रुपये की लागत से बनकर तैयार हुआ राजकीय पशु चिकित्सालय का नवीन भवन ठेकेदार की मनमानी और लापरवाही से विभाग को हैंडओवर नहीं किया जा सका। बाउंड्रीवाल सहित नवीन भवन में अभी तमाम कार्य अधूरे हैं। इस कारण चिकित्सालय का संचालन पुराने व जर्जर भवन में हो रहा है।

मोहल्ला गांधी नगर में राजकीय पशु चिकित्सालय का नया भवन बन गया है। भवन विभाग को हैंडओवर न होने से कर्मी जर्जर भवन में ही अस्पताल का संचालन कर रहे हैं। डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि छह महीने से ठेकेदार ने कार्य बंद कर दिया है। भवन तैयार है, रंग रोगन भी हो चुका है। लाइट की फिटिंग, बाउंड्री सहित अन्य कार्य होना बाकी है। भवन का कार्य मार्च 2023 में पूर्ण होना था। अब तक पूर्ण न होने के कारण जर्जर भवन में अस्पताल का संचालन करना पड़ रहा है।

इससे पशु पालकों व कर्मियों को खतरा बना हुआ है। पूर्व सभासद प्रतिनिधि मो. नफीस का कहना है कि नया भवन ठेकेदार की लापरवाही से बेमतलब साबित हो रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ला से कार्य पूर्ण कराकर नवीन भवन में अस्पताल के संचालन की मांग की है।

टीम गठित कर कब्जे हटाने के आदेश

सौरिख, कन्नौज। इलाके के गांव में ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों सहित तालाब व खाद के गड्ढों की जमीन पर अवैध कब्जा कर कमरे व शौचालय का निर्माण करा दिया। उपजिलाधिकारी ने तहसीलदार को टीम गठित कर तत्काल अवैध कब्जे हटाने का निर्देश दिया है।

विकास खंड की ग्रामसभा शंकरपुर में ग्राम समाज की गाटा संख्या 43 व 45 राजस्व अभिलेखों में तालाब तथा गाटा संख्या 65,175,197 खाद के गड्ढों में दर्ज है। वर्तमान प्रधान और ग्रामीणों ने तालाब की जमीन पर कब्जा कर उस पर पक्का निर्माण कर दिया था। ग्रामीणों ने जब प्रधान की कार्यशैली का विरोध किया तो उसने अंजाम भुगतने की धमकी दे डाली। गांव के लोगों ने 27 दिसम्बर 22 को मामले की शिकायत तत्कालीन उपजिलाधिकारी से की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इस पर मुख्यमंत्री पोर्टल के अलावा जिलाधिकारी से भी की। फिर भी सुनवाई नहीं होने पर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। 11 अप्रैल 23 को उच्च न्यायालय ने प्रशासन को 6 माह के अंदर अवैध कब्जे खाली कराने के आदेश दिए।

एक नजर

नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष का किया स्वागत

छिबरामऊ, कन्नौज। नगर के अस्पताल रोड स्थित अल्ट्रासाउंड सेंटर पर भाजपा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष आलोक गुप्ता तथा उनकी पूरी टीम का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का सम्मान उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। महामंत्री संजीव चौहान के संचालन में हुए कार्यक्रम में पंकज दुबे, मनोज मिश्रा, गोरेलाल, अमित दुबे, उत्तम गुप्ता, विजय सिंह चौहान, अमित शर्मा, रॉबिन, संजीव चौहान, उमाशंकर, राजेश व मोहित कुशवाह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

छात्रों को दी मानसिक रोगों की जानकारी

तालग्राम, कन्नौज। शुक्रवार को बृजभूषण हजेला भारतीय इंटर कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत सफल प्रतिभागियों को मनपरी व मनदूत के रूप में चयनित किया गया, जिन्हे ट्रॉफी व प्रमाण पत्र दिया गया। प्रधानाचार्य राकेश कुमार सरोज, नोडल अध्यापक सुनील कुमार, नोडल अधिकारी डॉ. ओपी गौतम, जिला मानसिक स्वास्थ्य टीम से सृष्टि नंदा नैदानिक, मनोवैज्ञानिक निकिता तंवर सोशल साइकाइट्रिक वर्कर, अभिषेक कुमार साइट्रिक नर्स के द्वारा बच्चों को मानसिक रोगों के विषय में जानकारी दी तथा बचाव के बारे में भी बताया।

बाइक चोरी

तिसौली, कन्नौज। ग्राम तिसौली निवासी करन सिंह ने बताया कि उसका भतीजा आदेश गुरुवार को बाइक लेकर तालग्राम दवा लेने गया था। जहां उसने बाइक तालग्राम चौराहा स्थित छिबरामऊ रोड पर खड़ी कर दी और दवा लेने चला गया। जब वापस लौटा तो बाइक मौके पर नहीं थी। पीड़ित ने थाना तालग्राम पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

युवक की गुमशुदगी दर्ज

तालग्राम, कन्नौज। कस्बा के मोहल्ला टिकुरियन निवासी मोहनलाल शाक्य की पत्नी रूपरानी ने बताया कि उनका बेटा आशिक (21) करीब 20 दिन पहले घर से लापता हो गया। बताया कि वह बचपन से मंदबुद्धि है। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं लग सका। थाना पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

औद्योगिक कॉरीडोर के लिए होगा भूमि का सीमांकन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के किनारे बनेगा इंडस्ट्रियल कॉरीडोर
- डीएम ने बैठक कर दिए निर्देश एक सप्ताह में होगा प्रकाशन

अमृत विचार। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के किनारे बनने वाले इंडस्ट्रियल कॉरीडोर के लिए चयनित भूमि का जल्द ही सीमांकन किया जाएगा। इसके बाद भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में यह जानकारी डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने दी।

जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा संचालित इंडस्ट्रियल कॉरीडोर योजना विकसित किए जाने के लिए जनपद के चार गांव ठठिया, अलीपुर अहाना, भुन्ना व चंदौली प्रस्तावित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि ठठिया में 105.93 हेक्टेयर व अलीपुर अहाना में 144.82 हेक्टेयर भूमि का चिन्हांकन किया गया है, उसमें वास्तविक रूप से आवंटित पट्टे वाली जमीनों का वेरीफिकेशन किया जाए तथा ग्राम समाज भूमि का चिन्हांकन कर सूची तैयार की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जो भूमि जल प्रणाली में दर्ज है वह भूमिधर में तो नही आती है इसलिए चकबन्दी के अनुसार खतौनी को क्लीन कर लिया जाए।

सभी प्रक्रिया एक सप्ताह में पूर्ण कर प्रकाशन की कार्रवाई की जाए। किसी भी किसान के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, चकबंदी अधिकारी समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

महिलाओं की जांच कर बांटी गई दवा

जलालाबाद। सीएचसी पर सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें गर्भवती को संस्थागत प्रसव के बारे में जानकारी दी गई तथा गर्भावस्था के दौरान सावधानियां बरतने की सलाह दी गई। इस दौरान महिलाओं की जांच कर उन्हें दवा वितरित की गई। शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने महिलाओं को जागरूक किया। भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष गीता पाठक ने महिलाओं को फल वितरित किए। डॉ. रेनू ने बताया कि प्रतिमाह सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन 9 तारीख को होता है, जिसमें महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान खानपान व सावधानियों के बारे में बताया जाता है। इस दौरान डॉ. पूनम कुशवाहा, फार्मासिस्ट शशांक कटियार, वीसीपीएम हुकुम सिंह, नेहा यादव, प्रेरणा वर्मा रहे।

गैर इरादतन हत्या में पिता व तीन बेटों को सजा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। विवाद के दौरान युवक की हत्या में नामजद पिता व उसके तीन बेटों को कोर्ट ने दोष सिद्ध करते हुए कठोर सजा सुनाई है। इसमे एक बेटे को गैर इरादतन हत्या में सात साल का कठोर कारावास व दस हजार रुपये अर्थदंड तथा पिता व दो अन्य बेटों को छह-छह माह का कठोर कारावास तथा एक-एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। सजा सुनाए जाने के बाद दोषियों को न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार भेज दिया गया।

शासकीय अधिवक्ता संत कुमार दुबे ने बताया कि तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम किनौरा निवासी रामबाबू पुत्र कामता प्रसाद ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 10 दिसंबर 2014 को शाम पांच बजे गांव के जगदीश ने ट्रैक्टर से पुआल लाकर दरवाजे पर डाल दिया, जिसे उनके छोटे भाई रमेश उर्फ पप्पू की पड़िया (भैंस का बच्चा) खाने लगी। जगदीश पड़िया को मारने लगा, जिसका रमेश ने विरोध किया। इस पर जगदीश और उनके बेटे गुड्डन, संजय उर्फ कल्लू व रजनीकांत रमेश को पीटने लगे। रजनीकांत से बेल्ट का फंदा रमेश के गले में फंसा दिया और जमीन पर गिरा दिया, जिससे वह तड़पने लगा। उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था।

सजा सुनाए जाने के दौरान कटघरे में खड़े दोषी। अमृत विचार

- एक बेटे को सात साल का सश्रम कारावास व दस हजार रुपये अर्थदंड
- अपर सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट-द्वितीय) ने सुनाया निर्णय

पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। अभियोजन पक्ष की तरफ से आठ गवाह पेश किए गए। शुक्रवार को अपर सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट-द्वितीय) हरेंद्रनाथ ने पिता व तीनों बेटों को दोषी करार दिया और मुख्य अभियुक्त रजनीकांत को हत्या का दोषी मानते हुए सात साल कठोर कारावास व दस हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। जुर्माने की धनराशि जमा न करने पर उसे छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वहीं, जगदीश, गुड्डन व संजय उर्फ कल्लू को मारपीट में छह-छह माह का कठोर कारावास व एक-एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर एक-एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। कोर्ट ने इन तीनों गैर इरादतन हत्या व अपशब्द के आरोप से दोषमुक्त किया है।

वारंटी को भेजा जेल

गुरसहायगंज, कन्नौज। उप निरीक्षक नीरज कुमार शर्मा व कांस्टेबल राहुल कुमार ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की। पुलिस ने विभिन्न आपराधिक मामलों में संलिप्त नीरज पुत्र भगवान दास निवासी ग्राम मुर्रा को घर से दबोच लिया। पुलिस ने वारंटी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

11 महीने में पांच एएमए, अब जगप्रसाद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिला पंचायत में चहेते अधिकारी की ताजपोशी को चलती रहती राजनीति
- फर्रुखाबाद के एएमए शिशुपाल शर्मा के पास एक महीने ही रहा अतिरिक्त प्रभार

अमृत विचार। जिला पंचायत में करीब 11 महीने में पांच अपर मुख्य अधिकारी (एएमए) बदले हैं। शुक्रवार को नए एएमए ने योगदान आख्या दे दी। इसके बाद वह कर्मचारियों के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य से मिलने छिबरामऊ आवास की ओर निकल गए। बताया गया कि नए अधिकारी का रिटायरमेंट होने में डेढ़ साल का समय ही शेष है। 29 मार्च 2023 से नौ फरवरी 2024 तक अफसरों का जल्द तबादला चर्चा का विषय बना है। कहा जा रहा है कि मनमाफिक अधिकारी की तैनाती को लेकर उठापटक चलती रहती है।

जगप्रसाद मौर्य।

जौनपुर से आए जगप्रसाद मौर्य को जिला पंचायत का एएमए बनाया गया है। बताया गया है कि कार्यालय में कागजी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद वह जिला पंचायत अध्यक्ष और उनके प्रतिनिधि ओमकार शाक्य से मिलने छिबरामऊ की ओर निकल गए। कहा जाता है कि जिला पंचायत में राजनीति का अखाड़ा है। मनचाहे अधिकारी की तैनाती को लेकर पिछले महीनों तनातनी चली है। इससे भी जल्दी-जल्दी अधिकारियों का तबादला होता रहा। चार्ज देने को लेकर भी यहां खींचतान चली। जिला पंचायत के 24वें एएमए ज्योति दीक्षित ने ही 22 दिसंबर 2016 का कार्यभार ग्रहण करने के बाद करीब चार साल की लंबी पारी खेली थी। वह एक जुलाई 2022 तक यहां डटे रहे।

इस तरह जिला पंचायत में तैनात रहे अधिकारी। अमृत विचार

इनका हुआ जल्दी-जल्दी तबादला: एएमए सुरेंद्र कुमार वर्मा दो जुलाई 2022 से 29 मार्च 2023 तक ही रहे। कार्यधिकारी/प्रभारी एएमए विनोद कुशवाहा ने 30 मई 2023 से 18 अगस्त 2023 तक कार्यभार संभाला। अरविंद कुमार आनंद 22 अगस्त से 25 नवंबर 2023 तक रहे, हालांकि उनको काफी दिनों तक एएमए पद के चार्ज के लिए भटकना पड़ा। एक महीने से अधिक पद खाली रहने के बाद में फर्रुखाबाद के एएमए शिशुपाल शर्मा को आठ जनवरी 2024 को यहां की अतिरिक्त जिम्मेदारी मिली। एक महीना ही हुआ, अब फिर से नए अधिकारी की तैनाती कर दी गई।

वैन के चालान काटते यातायात प्रभारी आफाक खान। अमृत विचार

दुर्घटना के बाद चेता विभाग चार अवैध स्कूली वैन पकड़ीं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। कानपुर नगर जनपद के अरौल थाना क्षेत्र में स्कूली वैन दुर्घटना के बाद जिले में यातायात पुलिस सक्रिय हो गई है। शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर स्कूली बच्चों को लाने वाली चार अवैध वैन के चालान काटे।

स्कूल में बच्चों को लाने व ले जाने के लिये अवैध रूप से लगी वैन के खिलाफ परिवहन विभाग ने अभियान नहीं चलाया। कुछ स्कूल संचालकों ने बच्चों के लिये ओमनी वैन को कम कीमत में लगाईं हैं। कानपुर नगर के थाना अरौल में स्कूली बच्चों को ले जा रही वैन दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इसमें एक की मौत के बाद परिवहन विभाग तो नहीं जागा पर यातायात प्रभारी आफाक खान ने अभियान चलाया। अभियान के दौरान अधिकतर वैन अबैध रूप से स्कूलों के बच्चे ढोती मिलीं। इनमें चार वैन के चालान काटे गये। चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ ही वैन को स्कूलों में न चलाने को कहा गया।

सार-संक्षेप

अनियंत्रित वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

तिर्वा, कन्नौज। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मौत की जानकारी होते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। जनपद औरैया के बेला थाना क्षेत्र के हरिवंशपुर गांव निवासी आकाश (26) पुत्र लालाराम बाइक से कन्नौज की ओर आ रहा था। जैसे ही वह कोतवाली क्षेत्र के लिलुइया गांव के पास पहुंचा तो एक अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल विजय सिंह ने बताया कि तहरीर मिलती है तो रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



गौरव शाक्य को माला पहनाते पार्टी के पदाधिकारी। अमृत विचार

भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष बने गौरव

छिबरामऊ, कन्नौज। जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया व विधायक अर्चना पांडेय की संस्कृति से भाजपा नगर अध्यक्ष आलोक गुप्ता ने गौरव शाक्य खाद वाले को भाजपा किसान मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किया। समर्थकों ने उन्हें फूल मालाओं से सम्मानित किया। आनंद गुप्ता के संचालन में हुए कार्यक्रम में विजय सिंह चौहान, प्रभाव पांडे, विवेक दुबे, संजीव चतुर्वेदी, अंकित दुबे, हिमांक त्रिपाठी, संतोष दुबे, शिवम दुबे, अंकित शर्मा, उत्तम उमाशंकर व आदेश दुबे मौजूद रहे।

एल्डर्स कमेटी को दिया ज्ञापन

छिबरामऊ, कन्नौज। बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर अध्यक्ष रामचंद्र मिश्रा एवं महामंत्री चंद्रजीत यादव ने एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष रमाकांत दीक्षित को पत्र देकर सदस्यता शुल्क जमा करने करने के लिए अतिरिक्त अवसर देने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि आप द्वारा बार एसोसिएशन का चुनाव के लिए वर्ष 2024-2025 के लिये मतदाता सूची तैयार कर प्रेषित करने का निर्देश जारी किया गया था, जिसकी समय सीमा 13 फरवरी तक निर्धारित की गयी थी। शत-प्रतिशत सदस्यता शुल्क सदस्य जमा नहीं कर सके। इस कारण मतदाता सूची तैयार होने में विलम्ब रहा। अध्यक्ष ने बताया कि 12 फरवरी को एल्डर्स कमेटी की बैठक में निर्णय लिया जाएगा।

ग्रामीणों से विकास योजनाओं पर लिया जाएगा फीडबैक

कन्नौज। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा सभी गांवों में जाएगी और केंद्र व प्रदेश सरकार की विकास योजनाओं की जमीनी सच्चाई का पता करेगी। इसके लिए 'गांव चलो अभियान' की शुरूआत की गई है। ग्रामीणों और लाभार्थियों से योजनाओं को लेकर फीडबैक भी लिया जाएगा। शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने बताया कि अभियान को लेकर सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां आवंटित की गईं हैं। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने बताया कि भाजपा किसान मोर्चा गांवों में किसानों के साथ 'ग्राम चौपाल' लगाएगा, जिसमें किसान सम्मान निधि एवं विविध कृषि योजनाओं के बारे में चर्चा की जाएगी। इसे 'ग्राम परिक्रमा यात्रा' का नाम दिया गया है। इसके अलावा प्रत्येक ग्राम पंचायत में 'मातृ शक्ति वंदन' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लाभार्थी महिलाओं से फीडबैक भी लिया जाएगा। इन सभी कार्यक्रमों के लिए भाजपा जिला महामंत्री हरिबक्स सिंह को जिला संयोजक बनाया गया है और भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामबाबू कटियार सहित सभी प्रवासी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी प्रदान की गई है। इस मौके पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी शरद मिश्र एडवोकेट सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जताया आक्रोश भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने तिर्वा क्रॉसिंग पर प्रदर्शन कर की नारेबाजी

प्रधानमंत्री पर जातीय टिप्पणी पर फूंका राहुल गांधी का पुतला

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान ओडिशा में राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जाति बदलने का आरोप लगाया। इस पर भाजपाई भड़क गए और तिर्वा क्रॉसिंग पर कांग्रेस नेता का पुतला फूंक कर नारेबाजी की। भाजपाइयों ने मांग की कि कांग्रेस नेता को देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठे प्रधानमंत्री और देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

शुक्रवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री जीतू प्रजापति व भाजपा आईटी सेल के जिला संयोजक अभिषेक पांडेय आजाद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शहर की तिर्वा क्रॉसिंग पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंक दिया। कार्यकर्ताओं ने जलते हुए पुतले की चप्पल-जूतों से पिटाई करते हुए नारेबाजी की।

तिर्वा क्रॉसिंग पर राहुल गांधी का पुतला फूंकते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

जिला संयोजक ने बताया कि कांग्रेस नेता ने ओडिशा में बयान दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सामान्य वर्ग में जन्मे हैं, बाद में उन्होंने जाति बदल ली और ओबीसी में शामिल हो गए। इसीलिए वह जाति जनगणना नहीं करा रहे हैं। उनके इस बयान से आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने मांग की कि राहुल गांधी को प्रधानमंत्री सहित पूरे देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी विकृत मानसिकता का शिकार है, इसीलिए वह राष्ट्र विरोधी बयान दे रही है। जो पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को ही कुत्तों की संज्ञा दे रही है, उससे उसकी दूषित मानसिकता का पता चल जाता है।

राहुल गांधी अपने पूर्वजों की तरह देश को बांटने की राजनीति कर रहे हैं। इस दौरान मनोज बाथम, प्रदीप बाथम, संजय पटेल, बृजेंद्र कुशवाहा, संजय पटेल, रामऔतार शाक्य, रजनीश राजपूत, रामू पटेल, शिवकुमार यादव, श्याम दुबे सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

कारगिल शहीद को दी श्रद्धांजलि

छिबरामऊ, कन्नौज। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद इकाई ने कारगिल शहीद रामचंद्र पाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। कारगिल में शहीद जवान के समाधि स्थल पर दबंगों ने कब्ज़ा कर रखा था। उस जमीन को कब्ज़ा मुक्त कराया गया। इस पर स्मारक बनाकर शहीद की प्रतिमा का अनावरण किया गया। प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर प्रमोद सिंह, शिवनरायन सिंह, राजेश सिंह सिसोदिया, बलवीर सिंह तोमर, ओमकार सिंह, मान सिंह, रमेश चतुर्वेदी, सुभाषचंद दुबे, रामनारायण दीक्षित, आरके गुप्ता, कौशल कुमार वर्मा, पंकज रहे।

हल्द्वानी की घटना को लेकर हाई अलर्ट, चप्पे-चप्पे पर पुलिस

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। हल्द्वानी में घटी घटना को देखते हुए जिले में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। जुमे की नमाज को लेकर चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। एसपी विकास कुमार नेभारी पुलिस एवम पीएसी बल के साथ रूट मार्च किया।

हल्द्वानी में हुई हिंसा को लेकर शुक्रवार को सुवह से ही चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया। सीओ सिटी प्रदीप सिंह ने घूम घूम कर शहर क्षेत्र में शांति व्यवस्था का जायजा लिया। जुमे की नमाज शांति पूर्ण ढंग से कराने के लिए एसपी विकास कुमार खुद पुलिस और पीएससी बल के साथ पैदल निकल पड़े। एसपी ने फतेहगढ़ से मऊदरवाजा तथा संवेदन शील स्थानो पर रूट मार्च कर आम जनता को सुरक्षा का भरोसा दिया। शहर क्षेत्र के अलावा कायम गंज, नवाबगंज, मोहम्मदाबाद, कमालगंज में भी पुलिस ने रूट मार्च किया। पूजा स्थलों पर भारी संख्या में पुलिस बल लगा हुआ है। रूट मार्च कर रहे एसपी विकास कुमार हर संदिग्ध पर नजर रखे हुए हैं। इस मौके पर जिलाधिकारी वीके सिंह ने भी शांति व्यवस्था का जायजा लिया। डीएम ने कहा कि जिले भर में सेक्टर मजिस्ट्रेट व मजिस्ट्रेट भृमण शील हैं। एसपी खुद सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले हुए हैं। उन्होंने आम जनता से आपसी सौहार्द बनाये रखने की अपील की।

एसपी विकास कुमार ने बताया कि जिले भर सतर्कता बड़ा दी गई है।अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस शांति व्यस्था बनाये रखने के लिए निरंतर भृमण शील है।एसपी ने कहा कि अराजगता किसी कीमत पर बर्दाश्त नही की जाएगी। जिले में पूरी तरह से शांति और सौहार्द का माहौल है। शांति औऱ सौहार्द बनाये रखने के लिए पुलिस पूरी तरह से तैयार है। शहर और देहात हर जगह पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है।

रूट मार्च करते एसपी विकास कुमार। अमृत विचार

- एसपी ने भारी पुलिस-पीएसी बल के साथ किया रूट मार्च
- एसडीएम ने अपने-अपने क्षेत्र में संभाली सुरक्षा की कमान

पुलिस ने किया दंगा नियंत्रण का अभ्यास

- एसपी विकास कुमार ने पुलिस बल को अस्त्र शस्त्रों के साथ दंगाइयों से निपटने का शहर के संवेदनशील इलाके में प्रशिक्षण दिया। ड्रोन कैमरा उड़ा कर हालात का जायजा लिया। जिले की पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड़ पर रही। उन्हें दंगाइयों पर गोली चलाने का भी अभ्यास कराया गया।

आई जी ने थानाध्यक्षों को दिए दिशा निर्देश

- पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र जोगेंद्र कुमार ने जिले में शांति व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इसके बाद पुलिस लाइन के सभागार में थानाध्यक्षो के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आईजी ने हिस्ट्री सीटर पर विशेष नजर रखने के निर्देश थानाध्यक्षो को दिए।

कायमगंज में रूट मार्च क़रतीं पुलिस। अमृत विचार

कायमगंज में ड्रोन कैमरे से निगरानी

कायमगंज । जुमे की नमाज को लेकर पुलिस ने नगर में रूट मार्च किया। क्षेत्र की निगरानी ड्रोन उड़ा कर की। कोतवाली प्रभारी राम अवतार ने पुलिस फोर्स के साथ रूट मार्च किया। पुलिस ने टीपी चौराहे से रूट मार्च शुरु कर जटवारा स्थित एक मीनारा मस्जिद के पास पहुंची। ड्रोन उड़ा कर आसपास की निगरानी की। रूट मार्च गल्ला मंडी से चौक चौराहा होते हुए श्यामा गेट व बजरिया पहुंचा। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा कड़े इंतजाम किए गए हैं। मंडी चौकी प्रभारी केके कश्यप, कस्बा चौकी प्रभारी विद्या सागर, महिला थाना प्रभारी नीरज त्यागी चौकसी बरतते रहे।

एक नजर

डीएम के निरीक्षण में खुली विद्यालय में पढ़ाई की पोल

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी डॉ बीके सिंह द्वारा संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय दुबरी विकासखंड शमशाबाद का शुक्र वार को औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में शौचालय गंदे पाए गए। छात्रों में बेसिक जानकारी का अभाव पाया गया। जिलाधिकारी ने बच्चों को गणित व सामान्य ज्ञान के सवाल पूछे, जिसका संतोषजनक जबाव बच्चे नहीं दे पाए। जिलाधिकारी ने बच्चो से खाने के बारे में भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने इंचार्ज प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिये। निरीक्षण में जिलाधिकारी के साथ मुख्य विकास अधिकारी मौजूद रहे।

गैरहाजिर शिक्षक की रजिस्टर में दर्ज मिली उपस्थिति

अमृतपुर । एसडीएम ने राजेपुर ब्लाक के दो प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया। संविलियन विद्यालय हमीरपुर परतापुर में निरीक्षण के दौरान सहायक अध्यापक संतोष कुमार अनुपस्थित मिले, जबकि उपस्थिति रजिस्टर में उनके फर्जी हस्ताक्षर अंकित पाए गए। एसडीएम रविंद्र सिंह द्वारा छात्रों से सवाल पूछने पर शैक्षिक गुणवत्ता न्यूनतम पाई गई। विद्यालय मे 78 मे 29 छात्र उपस्थित मिले। विद्यालय मे गंदगी मिली। पता चला कि गांव में नियुक्त सफाई कर्मी प्राइवेट कर्मी आशीष को अपनी जगह भेज देता है। उसके बाद एसडीएम प्राथमिक विद्यालय माखन नगला पहुंचे। सफाई कर्मी उमेश अनुपस्थित पाया गया। एसडीएम ने छात्रों के साथ बैठकर मिड-डे मील का भोजन चखा।

संतों ने किया शाही स्नान, स्नानार्थियों की भीड़ से लगा जाम

मौनी अमावस्या पर गंगा जाने वालों की भीड़ से संकरे पड़े मार्ग

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। गंगा के पांचाल घाट पर लगे मेला रामनगरिया में मौनी अमावस्या पर कल्पवास कर रहे संत-महात्माओं ने शाही स्नान किया। इसके साथ ही श्रद्दालुओं की भीड़ ने भी गंगा स्नान किया। भीड़ की वजह से मार्ग संकरे पड़ गए। इटावा बरेली हाइवे पर जाम की स्थिति बनी रही। हजारों भक्तों ने भागीरथी में आस्था की डुबकी लगाई।

महाभारत कालीन इतिहास अपने जेहन में संजोए पांचाल घाट पर इस समय प्रयागराज की तरह माघ मेला लगा हुआ है। इस मेले में देश भर से आये संत-महात्मा और गंगा भक्त एक माह का कल्पवास कर रहे हैं। संतों ने तीसरा शाही स्नान शुक्रवार को मौनी अमावस्या पर पंचदशनामी जूना अखाड़े के महंत सत्य गिरी महाराज की अगुवाई में सुबह 4 बजे किया। इस मौके पर भारी संख्या में सन्त महात्मा मौजूद रहे।इसके बाद स्नान शुरू हो गया। दूर दराज से आये गंगा भक्तो ने भी गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहे। गंगा स्नान करने वाले भक्तो की बजह कई बार पांचाल घाट पुल पर जाम लग गया।इटावा बरेली हाइवे पर समा चार लिखे जाने तक जाम लगा हुआ है। गंगा स्नान करने वालो के हर मार्ग से जत्थे पहुंच रहे हैं। शमसाबाद के ढाई घाट तथा श्रृंगीरामपुर में भी मौनी अमावस्या पर स्नान जारी है। भारी संख्या में लोग पहुंच कर गंगा में डुबकी लगा रहे हैं। एसपी विकास कुमार ने बताया कि मेला राम नगरिया में तीसरा शाही स्नान शांति पूर्ण ढंग से निपट गया है।

शाही स्नान करते संत-महात्मा। अमृत विचार

शोभा यात्रा निकाल रहे संत-महात्मा। अमृत विचार

संतों ने निकाली शोभा यात्रा

- मेला रामनगरिया में कल्पवास कर रहे संत-महात्माओं ने मौनी अमावस्या पर पंचदशनामी जूना अखाड़े के महंत सत्य गिरी महाराज की अगुवाई में शोभा यात्रा निकाली। शोभा यात्रा का जगह जगह फूल बरसा कर स्वागत किया गया। इस मौके पर सत्य गिरी महाराज ने कहा कि मौन में परमात्मा घटित होता है। मौन से बड़ा कोई ध्यान नही है। जो शब्द जवान से बोले जाते है वह शब्द हमारे होते हैं। मौन ही सत्य है।इस बजह से मौनी अमावस्या को संत-महात्मा व कल्पवासी गंगा स्नान करते हैं। उन्होंने कहा कि मौन रह कर साधना करने से साधक को सहज रूप से आत्मा-परमात्मा का ज्ञान हो जाता है।

यज्ञोपवीत के तीन धागे, तीन ऋणों से मुक्ति

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में मेला श्रीरामनगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में शुक्रवार को प्रतिदिन की भांति यज्ञ संपन्न हुआ। इसके उपरांत उपनयन संस्कार का कार्यक्रम हुआ। इसमें चेतराम और रामजी आदि के साथ अन्य ब्रह्मचारियों का उपनयन संस्कार किया गया। यज्ञोपरान्त यज्ञ के ब्रह्मा व आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने कहा कि यज्ञोपवीत विद्या का चिह्न है। देवऋण, ऋषि ऋण, पितृ ऋण से उऋण होने का संकेत यज्ञोपवीत के तीन धागे करते हैं।

आचार्य चन्द्रदेव ने कहा कि यज्ञोपवीत मनुष्य के जीवन को पवित्र बनाता है। यज्ञोपवीत को रक्षासूत्र भी कहा जाता है, जो हमारी पग-पग पर रक्षा करता है। शिखा और सूत्र ये दो हमारी पहचाने थीं लेकिन आज पाश्चात्य सभ्यता के प्रभाव के कारण गले में यज्ञोपवीत और सिर पर शिखा दिखाई नहीं देती। आचार्य ने कहा कि जैसे पश्चिम में जाकर सूर्य अस्त हो जाता है। ऐसे ही यदि हम पश्चिमी सभ्यता का अंधानुकरण करेंगे तो जीवन का अस्त भी निश्चित है। सूर्य पूर्व में उदय होता है और पूर्वीय संस्कृति वेद की संस्कृति है । जीवन में उत्थान और प्रकाश हेतु ऋषियों के बताए हुए मार्ग पर चलना अत्यावश्यक है। पं. हरिओम शास्त्री व कु.उदिता आर्या ने भजन प्रस्तुत किए। पं. धर्मवीर शास्त्री, पं. रामवीर आर्य, हरिदेव आर्य ने सन्मार्ग में चलने की प्रेरणा दी। सभा का संचालन पं. सन्दीप आर्य के अनुसार कल सुबह 11 बजे से 12 बजे तक वैदिक क्षेत्र में योग शिविर का आयोजन रखा गया है।

मंचासीन आचार्य। अमृत विचार

बंद मकान से हुई लाखों की चोरी

कायमगंज फर्रुखाबाद। नगर के मोहल्ला पाठक नई कलोनी स्थित बंद पड़े एक मकान को बुधवार की रात चोरो ने अपना निशाना बनाया। गुरुवार को शाम जब पड़ोसीयों ने बंद पड़े मकान का ताला टूटा देखा तो इसकी सूचना गृहस्वामी को दी। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने जांच पड़ताल की।

नगर के मोहल्ला पाठक नई कॉलोनी निवासी अनीता पाल के पति कुलदीप की 20 दिन पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी। शव के अंतिम संस्कार के लिए अनीता शव को लेकर अपनी ससुराल कम्पिल क्षेत्र के गांव नगला विधि चली गई थी। गुरुवार की शाम पड़ोसियों ने जब उनके घर का मैन गेट खुला देखा तो उन्होने इसकी सूचना अनीता पाल को दी। जिस पर देर शाम को अनीता परिजनों के साथ अपने घर पहुंची जहां देखा कि मैन गेट का ताला टूटा हुआ है। जब वह पहुंची और देखा कि कमरे का भी ताला चोरो ने तोड़ दिया है।कमरे में चोरो ने सेफ अलमारी, बक्शे बेड को लॉकर के ताले तोड़ डाले। वहीं चोरो ने जीने और किचन के भी ताले तोड़ दिए थे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची । जांच पड़ताल की अनीता ने बताया कि चोर उसके 20 हजार रुपय के अलावा सोने के झाले, झुमकी, हार, कमर बंद, बच्चो की पायलें, तीन अंगूठी व अन्य सामान चुरा ले गए।

शिक्षकों व छात्रों ने दिखाई खेल प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। दुर्गा नारायण पीजी कॉलेज में शुरू हुई वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हो गया। दूसरे दिन शिक्षकों के बीच भी प्रतियोगिताएं हुईं। सचिन यादव ने ऊंची छलांग लगाकर बाजी मारी तो स्लो साइकिल रेस में नमन यादव अव्वल आए। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

शुक्रवार को सबसे पहले 10 हजार मीटर दौड़ हुई, जिसमें राजकमल, नारायण वर्मा व सचिन कुशवाह क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। पांच हजार मीटर दौड़ में वीना यादव, पल्लवी चौहान, सृष्टि, स्लो साइकिल रेस बालक वर्ग में नमन सिंह यादव, आयुष यादव, अजय कुमार, ऊंची कूद बालक वर्ग में सचिन यादव, नारायण तिवारी, सिद्धार्थ सिंह ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। हैमर थ्रो में शैलेश चौहान प्रथम, ऋषभ यादव द्वितीय व प्रियांशु सिंह तृतीय स्थान पर रहे। प्राचार्य डॉ. मनोज गर्ग व क्रीड़ा प्रभारी डॉ. रामनरेश सिंह की टीमों के बीच क्रिकेट मैच हुआ, जिसमें क्रीड़ा प्रभारी की टीम ने नौ विकेट से जीत दर्ज की। शिक्षकों की शॉटपुट प्रतियोगिता में रामनरेश प्रथम, डॉ. पंचम सिंह द्वितीय व वीरभान सिंह ने तृतीय स्थान पाया। मुख्य अतिथि बद्री विशाल डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीडी यादव ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

विजेता खिलाड़ी। अमृत विचार

कन्नौज के अधेड़ का शव बरामद

फर्रुखाबाद । कमालगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार को पड़ोसी जिला कन्नौज के अधेड़ का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सीओ अमृतपुर रविंद्र नाथ राय ने बताया कि कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव शेखपुर रूस्तमपुर में एक 52 वर्षीय अधेड़ का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला। युवक की जामा तलाशी लेने पर उसके पास एक आधार कार्ड मिला। जिससे उसकी शिनाख्त आनन्द कुमार थाना छिबरामऊ के गांव आसमपुर पट्टी के निवासी के रूप में की गई। सीओ ने बताया कि मृतक के पास से 66 रुपये व बहुत सारे डॉक्युमेंट्स बरामद हुए है। वह एक पैर से दिव्यांग है। मृतक के घर सूचना भेज दी गई है।

निर्माण में लग रही घटिया ईंटें, डीएम ने रोका काम

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। विकासखंड शमसाबाद के दुबरी में निर्माणाधीन वृहद गोशाला का जिलाधिकारी डॉ. वी केसिंह ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण में ईंटें घटिया क्वालिटी की होने पर डीपीसी का काम रुकवा दिया। जा काम हुआ था उसे भी गुणवत्ताहीन होने के कारण गिरवा दिया।

जिलाधिकारी को गोशाला निर्माण में उपयोग की गई जा रही सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं मिली। जिलाधिकारी ने स्वयं ईट को तोड़कर देखा तो वह मानक के अनुरूप नहीं मिली। डीपीसी की क्वालिटी अत्यंत ही खराब पाई गई। जिलाधिकारी ने मौके पर ही उसे गिरवा दिया। अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी व एक अन्य अधिशासी अभियंता की कमेटी बना कर हो रहे निर्माण की साप्ताहिक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। खराब ईट तुरंत ही हटाने के निर्देश दिए। कार्यदायी संस्था सीएनडीएस को चेतावनी दी कि अब अगर कार्य खराब हुआ तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हर स्टेज पर थर्ड पार्टी चेकिंग कराने के निर्देश दिये । मौके पर जूनियर इजीनियर अनुपस्थिति पाये गये। असिस्टेंट प्रोजेक्ट मैनेजर को कार्य समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत सचिवालय का भी निरीक्षण किया गया।

भवन की स्थिति अत्यन्त ही ख़राब पाई गई। पंचायत भवन के आसपास गंदगी पाई गई। जिलाधिकारी ने पंचायत भवन की बाउंड्रीवाल बनवाने के निर्देश दिये । जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी व एडीओ पंचायत से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए। निरीक्षण में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी व संबंधित अधिकारी उपस्थिति रहे।

ईंट देखते डीएम वीके सिंह। अमृत विचार

- गोशाला निर्माण की हर हफ्ते होगी समीक्षा, आदेश पर डीपीसी को गिराया गया
- पंचायत भवन की बदहाली पर बीडीओ व एडीओ पंचायत से जवाब तलब

वार्षिक समारोह | महाराजा हरिश्चंद्र महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर मचाया धमाल

रैंप पर बीएड प्रशिक्षुओं ने कैटवॉक कर बिखेरा जलवा

कार्यलय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। महाराजा हरिश्चंद्र महाविद्यालय में शुक्रवार को वार्षिक समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बीएड प्रशिक्षुओं ने धमाल मचा दिया। वहीं एमएचडीसी किंग व क्वीन प्रतियोगिता में कैटवॉक कर बीएड प्रशिक्षुओं ने जलवा बिखेरा।

वार्षिक समारोह में बीएड प्रशिक्षुओं ने 'डोला रे डोला' गीत पर नृत्य कर खूब तालियां बंटोरीं। दिव्या रायजादा, शुभा अग्निहोत्री व सोनम ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अभ्यर्थी दिव्या, तृप्ति, अनुभव, मिनी, तनुप्रिया, संदीप व सोनम ने सिस्टम ऑफ एजूकेशन पर नाटक का मंचन किया। रितिक, अनुराग, अंकित, अर्पित, पल्लवी, पूजा, विनीता व वर्षा के बीच कव्वाली हुई। सरिता ने 'मेरा ढोलना सुन' गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बीएड सत्र 2021-23 के मेधावी सौरभ सक्सेना, ज्ञानवी गुप्ता, सनी गुप्ता, प्रशांत शुक्ल, कंचन, प्राची देवी, नवा खान, विनय कुमार, सोनम राठौर, सौरभ सक्सेना, शरद यादव, अवंतिका दीक्षित, रजत कुमार व रंजीता राठौर को पुरस्कृत किया गया। एमएचडीसी क्वीन व किंग प्रतियोगिता में बीएड प्रशिक्षुओं ने कैटवॉक किया। डॉ. अशोक तिवारी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से अभ्यर्थियों में उत्साह बढ़ता है। पूर्व प्राचार्य डॉ. मुकेश राठौर ने बीएड प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर डॉ. अशोक तिवारी, प्रो. विनोद तिवारी, रोहित तिवारी, डॉ. राहुल तिवारी आदि रहे।

आर्मी पब्लिक स्कूल में विजेता सम्मानित

फर्रुखाबाद । आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ कैण्ट में कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र-छात्राओं को जूनियर कक्षा के छात्र छात्राओं ने विदाई दी। इस मौके पर एक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरस्वती पूजा के साथ अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। सरस्वती पूजा और हवन का अनुष्ठान डॉ. सुनील कुमार त्रिपाठी ने पूर्ण वैदिक रीति से कराया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से मिस एपीएस. की विजेता कक्षा-12 की अनाया तथा उपविजेता इसी कक्षा की आकांक्षा को घोषित किया गया। इसी प्रकार मास्टर एपीएस के विजेता कक्षा 12 अ के विजेता यश पाटिल और उपविजेता ध्रुव रहे। मिस कंजीनियल कक्षा 12 अ की श्रद्धा और मास्टर कंजीनियल शिवाङ्कर रहे। सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा के लिये कक्षा 12 द की प्रतिभा और कक्षा 12 स के अभय को सम्मानित किया गया। विद्यालय के अनुशासन तथा व्यवहार को देखते हुये मिस कैम्पस आइडल कक्षा 12 द की एकता और मास्टर कैम्पस आइडल कक्षा-12 स के अंश को घोषित किया गया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में सेवा मेडल से सम्मानित मेजर हितेश, शिक्षाविद् श्रीमती माण्डवी पंत और शिक्षाविद् श्रीमती प्राञ्जलि ज्वैल रहीं। विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्य रिटा. मेजर नीताशा हेब्बर ने आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

फिल्मी तरानों पर जमकर थिरकीं छात्राएं

फर्रुखाबाद। महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज में कक्षा 12 की छात्राओं का विदाई समारोह में छात्राओं ने जमकर धमाल मचाया। फिल्मी गानों पर छात्राओं ने जमकर डांस किया। इस दौरान कक्षा 11 की छात्राओं ने कक्षा 12 की छात्राओं को विदाई दी। प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रवक्ता संघमित्रा भास्कर, शिल्पी, ज्योति, शैलजा मौर्य, गरिमा पांडेय, सर्वेश शाक्य, सरिता त्रिवेदी, मीनाक्षी, विरमा पाल, श्यामा कश्यप, आरती यादव, दीप्ति सिंह, नीलम कश्यप, मोनी चौहान व गुलशन जहां रहे।

रोजगार मेले में 135 में 75 को मिली नौकरी

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। शमसाबाद विकास खण्ड क्षेत्र स्थित श्री रामस्वरूप आईटीआई बख्तेरापुर शमसाबाद में आयोजित रोजगार मेला में युवाओं की भीड़ उमड़ी। इस दौरान 135 में 75 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए। नौकरी पाकर युवाओं के चेहरे खिल गए।

शुक्रवार को लगे रोजगार मेला में 15 कंपनियों के कोआर्डिनेटरों ने स्टॉल लगाए थे। पंजीकरण कराने के लिए युवाओं की भीड़ लगी रही। मेला आयोजकों ने लाइन लगवाकर पंजीकरण करवाया। कोआर्डिनेटरों ने युवाओं के शैक्षिक अभिलेखों की गहनता से जांच की। साक्षात्कार में कई युवा पूछे गए सवालों का जवाब भी नहीं दे सके। मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष जय गंगवार ने करीब एक दर्जन से ज्यादा युवाओं को जॉब लेटर वितरित किए। मुख्य अतिथि ने युवाओं से कहा कि वह लोग ईमानदारी के साथ नौकरी करें। नोडल प्रभारी व प्रधानाचार्य आईटीआई राजवीर सिंह ने बताया कि रोजगार मेला में 135 युवाओं ने पंजीकरण कराया, जिसमें 75 को रोजगार मुहैया कराया गया। कार्यक्रम का संचालन सच्चिदानंद सागर ने किया। इस अवसर पर कार्यदेशक ब्रजेश कुमार, जिला कौशल प्रबंधक आशीष कुमार, रंजीत कुमार सुमन, शिव बहादुर सिंह, विजेंद्र सिंह आदि रहे।

स जीवति गुणा यस्य धर्मो यस्य च जीवति।
गुणधर्मविहीनस्य जीवनं निष्प्रयोजनम्॥

जिस व्यक्ति के धर्म और गुण जीवित हैं। वास्तविकता में वही जीवन जी रहा है। इनके बिना जीवन का कोई अर्थ नहीं है।

संपादकीय

सुरक्षित हिंद महासागर क्षेत्र

हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) भू-राजनीति के लिए हाल के दिनों में निर्णायक बन गया है। क्षेत्र में चीन की बढ़ती मौजूदगी, सामरिक उद्देश्यों के लिए उसकी आर्थिक भागीदारी और भू-राजनीतिक हसरतों ने आईओआर में अमेरिका, रूस, फ्रांस और यूरोपीय संघ जैसी ताकतों की दिलचस्पी बढ़ा दी है। परिणाम स्वरूप आईओआर में सामरिक प्रतिद्वंद्विता और प्रतिस्पर्धा में बढ़ोतरी हुई है। हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिये साझा जिम्मेदारी और केंद्रित प्रयासों की आवश्यकता है। जलवायु परिवर्तन, समुद्र का बढ़ता स्तर और समुद्री प्रदूषण आईओआर में महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चुनौतियां हैं। हिंद महासागर पर केंद्रित सातवां दो दिवसीय सम्मेलन पर्थ में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में भाग लेने गए विदेश मंत्री ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से शुक्रवार को मुलाकात की और द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी, हिंद-प्रशांत क्षेत्र, पश्चिम एशिया की स्थिति और अन्य क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। सम्मेलन में 22 से अधिक देशों के मंत्री, 16 देशों के वरिष्ठ अधिकारी और 6 बहुपक्षीय संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन का विषय है- स्थाई और सतत हिंद महासागर की ओर। गौरतलब है कि सम्मेलन क्षेत्र के महत्वपूर्ण राज्यों और प्रमुख समुद्री साझेदारों को आम मंच पर लाने का प्रयास करता है ताकि क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (एसएजीएआर) के लिए क्षेत्रीय सहयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया जा सके।

हिंद महासागर सम्मेलन (आईओसी) 2016 में शुरू हुआ था और पिछले वर्षों में यह क्षेत्रीय मामलों पर क्षेत्र के देशों के लिए प्रमुख परामर्शदात्री मंच के रूप में उभरा है। हिंद महासागर क्षेत्र प्रमुख शक्तियों के बीच भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्द्धा के लिए आकर्षण का केंद्र है। प्रतियोगिता में रणनीतिक हित, प्रभाव और संसाधनों तक पहुंच शामिल है, जिससे तनाव और संघर्ष होते हैं। चीन हिंद महासागर में भारत के हितों और स्थिरता के लिए चुनौती रहा है। भारत के पड़ोसी चीन से सैन्य और ढांचागत सहायता प्राप्त कर रहे हैं। ऐसे में हिंद महासागर क्षेत्र में सभी भागीदारों के हित के लिए ये ज़रूरी है कि वो एक साथ रहें और इस क्षेत्र में सुरक्षा एवं स्थिरता के सामूहिक हित के लिए काम करें। देशों को अपनी सामाजिक संरचना की रक्षा करते हुए उग्रवाद और कट्टरवाद से उत्पन्न खतरों से निपटने के लिए आवश्यक समाधान सुनिश्चित करना चाहिए। सुरक्षित और स्थिर हिंद महासागर क्षेत्र के लिए आवश्यक सोच, नीति और दृष्टिकोण में प्रमुख बदलाव के साथ ही कई व्यावहारिक कदम उठाए जाने की भी आवश्यकता है।

लोकप्रिय विज्ञान लेखन और भारतीय शब्दावली



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> भारतीय परिवेश में सन 1800 से पहले विज्ञान, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग विधाओं में जो नए शब्द सामने आए हैं उनके बनने की प्रक्रिया तब थम गई थी, जब इस्लामिक सल्तनत के देश में स्थापित होने बाद भारत की प्राचीन भाषाओं के चिंतकों और शोधकर्मियों का काम थम गया।

भारत सरकार द्वारा मानव संसाधन मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाली संस्था 'वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग' द्वारा दो खंडों में प्रकाशित हिंदी भाषा में तकनीकी और वैज्ञानिक शब्दावली कोश होने के बावजूद पिछले 45 वर्ष से हिंदी में विज्ञान की बात सामान्य और साधारण शैली में लिखते हुए अभी तक मैं अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध शब्दावली का इस्तेमाल करने के लिए विवश हूं।

वैज्ञानिक और तकनीकी शब्द अगर ऐसे हैं जिनसे आमजन परिचित नहीं और उन्हें समझने के लिए यदि उसे शब्दकोश का सहारा लेना पड़ेगा तो वह लेख को पढ़ेगा ही नहीं। इसके लिए मुझे लेखन प्रक्रिया के दौरान गैर हिन्दुस्तानी शब्द के भाव और निहितार्थ को समझाने के लिए व्याख्या देनी होती है। प्रिंट मीडिया में उपलब्ध स्पेस में ही अपनी बात कहनी होती है। लोग कहते हैं यह 'पॉपुलर साइंस' शैली है लेकिन मेरा मानना है कि 'आसान' भाषा में लिखा हुआ मजमून आमजन में से अगर पांच प्रतिशत ही पढ़ते हैं तो यह 'पॉपुलर' कैसे हुआ अर्थात न तो लोक विज्ञान हुआ और न ही 'प्रिय'? यह अलग बात है कि विज्ञान की समझ बढ़ाने के लिए रुचि अनुसार लोक शैली में लिखे गए विज्ञान लेख और फीचर्स को पाठक पढ़ लेते हैं। 'पॉपुलर साइंस' टर्म भी पश्चिम के अखबार, पत्रिका या पुस्तिक लेखन के भाषाई स्वरुप से लिया गया शब्द है।

भारतीय परिवेश में सन 1800 से पहले विज्ञान, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग विधाओं में जो नए शब्द सामने आए हैं उनके बनने की प्रक्रिया तब थम गई थी, जब इस्लामिक सल्तनत के देश में स्थापित होने बाद भारत की प्राचीन भाषाओं के चिंतकों और शोधकर्मियों का काम थम गया। सल्तनत और मुगल शासकों के दौर में ईरानी और अरबी मेडिकल सिस्टम्स, खगोल और वारफेयर टेक्नोलॉजी के आने से भाषा सिस्टम बदल कर अरबी-फारसी और बाद में उर्दू में हुआ। इसलिए हम साइंस और टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन में उन दिनों के जर्नल्सनुमा ग्रंथों और यात्रावृत्तों में वैसे ही शब्द देखने के आदी हो गए जैसा कि शासक की भाषा तय हुई। तिब्बिया मेडिसिन की शब्दावली भारतीय भाषाओं और भारतीय परिवेश में सन 1800 से पहले विज्ञान, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग विधाओं

> विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित सामग्री में पाठकीय रुचि तभी पैदा होती है जब पाठक को मालूम हो कि कैसी और किस प्रकार की सामग्री कहां से और कैसे उपलब्ध होती है।

में जो नए शब्द सामने आए हैं उनके बनने की प्रक्रिया तब थम गई थी, जब इस्लामिक सल्तनत के देश में स्थापित होने बाद भारत की प्राचीन भाषाओं के चिंतकों और शोधकर्मियों का काम थम गया। सल्तनत और मुगल शासकों के दौर में ईरानी और अरबी मेडिकल सिस्टम्स, खगोल और वारफेयर टेक्नोलॉजी के आने से भाषा सिस्टम बदल कर अरबी-फारसी और बाद में उर्दू में हुआ। इसलिए संस्कृत के साइंटिफिक टेक्स्ट्स से बिलकुल अलग है। इतिहास में जो भी अनुसंधान कर्मी, जैसे कि आर्यभट, वराहमिहिर, चरक और सुश्रुत, अनेक अज्ञात हुनरमंद लोग हुए उन्होंने नई जानकारी की उत्पत्ति होने पर अपनी मातृभाषा में इसे बताने के लिए नए शब्द गढ़े।

जाहिर है जो साइंटिस्ट या टेक्नोक्रैट जिस भाषा का जानकार है वह अपनी भाषा की शाब्दिक धरोहर, जैसे कि लैटिन, ग्रीक, स्पेनिश, मंडारिन, बांग्ला, तमिल, मराठी और हिंदी में ही शब्द गढ़ेगा न कि अंग्रेजी या स्वाहिली में। मध्य-अठारहवीं सदी में जब विज्ञान और टेक्नोलॉजी में रिसर्च से नए ज्ञान के सृजन के प्रयासों में तेजी से वृद्धि हुई और नए ज्ञान की नहीं बल्कि इसे पब्लिश करके साझा करने और दूसरों से समर्थन पाने की तीव्र उत्कंठा बनी तो विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित हज़ारों नए शब्द भी अस्तित्व में आए। कॉलोनियल टाइम्स में यूरोपियन देशों की कॉलोनीज में भी शासक देश की भाषा का वर्चस्व स्थापित हुआ तो उपनिवेशों में मातृभाषा में विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित शब्दों की उत्पत्ति की सृजनात्मक और कुदरती प्रक्रिया को बड़ा धक्का लगा। सभी उपनिवेशों में विज्ञान और टेक्नोलॉजी में स्वामी देश द्वारा शोध से उत्पन्न जो शब्दावली बनी उसे ही इस्तेमाल करने की मजबूरी बनी। स्थानीय या वर्नाक्यूलार भाषाओं में खुद के इस्तेमाल के लिए भी एक बंधन के रूप में हाल में सामने आ रही औपनिवेशकालीन अध्येताओं ने इसे एक बाधा के रूप में पहचाना है। देखा गया है कि भारतीय भाषाओं ने खुद को इस मामले में रुपांतरित करके ही विकसित किया। फिर भी दिक्कतें तो हैं ही और वे इसलिए हैं कि हमारे विज्ञानी और टेक्नोक्रैट्स शोध कार्य करते समय तो अपनी भाषा में सोचते हैं लेकिन एक शोधपत्र लिखते समय वे उसी शब्दावली विज्ञान (टर्मिनोलॉजी) का इस्तेमाल करते हैं जिसका क्रमिक विकास पश्चिम में या अंग्रेजी भाषा के जानकारों से भरी लेबोरेट्री या वर्कशॉप में हुआ। मुझे नहीं लगता कि इस मामले में अब हम अपनी अलग लीक बना पाएंगे।

प्रसंगवश कहें तो आधुनिक रीति से समझे जाने वाले लोकशैली में लिखी जाने वाली वैज्ञानिक और तकनीकी लेखन की शुरुआत भारत में तमिल, मराठी और बंगाली भाषाओं में 19 वीं सदी के साठादि दशक से हुई लेकिन हिंदी में तो बीसवीं सदी के पहले दशक के पूरा होते ही 'विज्ञान' पत्रिका के प्रकाशन से यह यात्रा शुरू हुई। 'विज्ञान' पत्रिका के प्रारंभिक दशकों के अंक देखने से लगता है कि यह पश्चिम के पॉपुलर साइंस लेखन से ही अधिक प्रभावित रही और इसके लेखों में शुरूआती दौर से ही नवाचार (इनोवेशन) और क्रिटिकल एसेस्मेंट या भारतीय विज्ञान और शोध की 'पॉपुलर रिपोर्टिंग' के बारे में अधिक जिक्र नहीं किया गया। इसके उलट अंग्रेज़ और जर्मन इस मामले में अधिक सहज रहे क्योंकि उनके यहां हर विधा पर काम करने के लिए रॉयल सोसाइटीज मौजूद थीं जिनकी स्थापना अठारवीं या इससे पहले की सदी में होने से वहां वैज्ञानिक चिंतन, एक्सप्लोरेशन और शोध प्रकाशन और शोध गोष्ठियों के एक नियमित और चिरंजीवी प्रक्रिया को राजतंत्रीय आशीर्वाद मिलता रहा। कमोबेश या स्थिति यूरोप के सभी देशों में स्थापित हो चुकी थी। ब्रिटेन में उन्नीसवीं सदी से ही साधारण या सामान्य भाषा में विज्ञान की ऐसी पुस्तकों का प्रकाशन शुरू हो चुका था जिनमें लोकरुचि जागृत हुई थी। बाद में लोकरुचि शैली में उन्होंने कुछेक पत्रिकाओं का प्रकाशन शुरू किया जिनमें से 'न्यू साइंटिस्ट' अभी तक प्रकाशित होती है और ब्रिटेन में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी बेहद लोकप्रिय है। इसी तरह अमरीका से साइंस डाइजेस्ट, पॉपुलर साइंस, ओम्नी और साइंटिफिक अमेरिकन का प्रकाशन हुआ जिनमें से अब सिर्फ साइंटिफिक अमेरिकन ही जीवित है। इसका इंडियन एडिशन भी कुछेक साल से प्रकाशित किया जाता है।

विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित सामग्री में पाठकीय रुचि तभी पैदा होती है जब पाठक को मालूम हो कि कैसी और किस प्रकार की सामग्री कहां से और कैसे उपलब्ध होती है। इंटरनेट युग के आगाज और संगठनों और संस्थाओं की वेबसाइट बनने से पहले संयोग से ही किसी लोकरुचि विज्ञान पत्र या पत्रिका के बारे में मालूम हुआ करता लेकिन वर्ल्डवाइड वेब होने से अब इसे आसानी से वे लोग ढूंढ सकते हैं जिनकी रुचि है। वेबसाइट से बहुत सी सामग्री अब फुल टेक्स्ट, फ्री, पीडीऍफ फॉर्मेट में डाउनलोड करके पढ़ी जा सकती है। पार्श्व- जिज्ञासा वाली बात यह जानना भी होना चाहिए कि सल्तनत और मुग़ल काल से पहले भारत में साइंटिफिक, टेक्निकल और इंजीनियरिंग से संबंधित शब्दावली का क्रमिक विकास कैसे होता रहा और यह किन संदर्भो और भाषाओं में विकसित हो पाई थी। इसके लिए भारतीय ज्ञान दर्शन के ग्रंथों -जैसे कि खगोल विज्ञान और समय की अवधारणों की व्याख्या करने वाले शब्द, गणित और गणनाओं से संबंधित शब्द और चिन्ह, आयुर्वैज्ञानिक टेक्स्ट्स, संगीत और साजों की शब्दावली, गृह निर्माण, वस्त्र-परिधान से संबंधित शब्दावली, मौसम और जल से जुड़ी हुई शब्दावलियां, खनन और धातु विज्ञान की शब्दावली, औजारों और इनकी सहायता से निर्मित होने वाली वस्तुएं जैसे कि आभूषण और बर्तन, ट्रांसपोर्ट व्हीकल्स, पशुओं और पशु चिकित्सा संबधित शब्दावली, औषधि और आहार संबंधी शब्दावली को हमें ढूंढ और संकलित करके कोश के रूप में प्रकाशित करना होगा। इस एक प्रयोजन से ही भारत में विज्ञान लेखन और प्रकाशन में आमजन की रुचि बनी रहेगी। कठिनाई यही है कि 500 साल पुराने शब्द क्या नई साइंस और टेक्नोलॉजी को उस रूप और प्रयोजन से बता पाने में सक्षम होंगे? इसके लिए हमें अंतर-भाषिक शब्दों का इस्तेमाल करना ही होगा क्योंकि इसी एक वजह से हम क्षेत्रीय स्तर (रीजनल लेवल) पर एक बहुभाषी देश में विज्ञान और टेक्नोलॉजी के पॉपुलर रूप की स्वीकार्यता बढ़ा पाएंगे।

प्रसंगवश

चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न के मायने

> खास बात यह है कि चौधरी चरण सिंह अपने खास वोट बैंक जाटों के अलावा अन्य पिछड़े वर्ग में भी खासी पैठ रखते थे। पिछड़े हिंदू ही नहीं, पिछड़े मुस्लिमों की बड़ी आबादी उनको वोट करती थी। खासकर उत्तर भारत के ग्रामीण परिकर में उनका दबदबा था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सही कहते हैं कि वे चार साल काम और एक साल राजनीति करते हैं। वाकई उनका कथन सौ फीसदी सत्य साबित होता दिख रहा है। एक तरफ जहां इंडिया गठबंधन बिखर रहा है, वहीं दूसरी ओर एनडीए गठबंधन दिन-ब-दन मजबूत होता जा रहा है। शुक्रवार को दो पूर्व प्रधानमंत्रियों चौधरी चरण सिंह, नरसिंह राव और हरितक्रांति के जनक स्वामीनाथन को देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने के ऐलान से न केवल यह उत्तर से दक्षिण को साधने की मुहिम है बल्कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एक तरह से यह नरेंद्र मोदी का यह मास्टर स्ट्रोक ही माना जाएगा। इससे पहले वे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और भाजपा के संस्थापकों में एक पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भी भारत रत्न सम्मान देने का ऐलान कर चुके हैं। चौधरी चरण सिंह की किसानों के मसीहा के रूप में पहचान है। इसमें कोई शक नहीं कि चौधरी साहब जीवन पर्यन्त कभी लोकदल, कभी भारतीय क्रांति दल, कभी जनता पार्टी और कभी जनता दल के जरिए देश के किसानों के लिए आवाज उठाते रहे। उनकी पैठ केवल उत्तर प्रदेश न होकर हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, राजस्थान आदि राज्यों के किसानों तक थी। वे ग्रामीण भारत के खास किसान नेता थे। यही वजह रही कि वे जब तक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे उत्तर भारत लगभग सभी राज्यों से उनके दल के सांसद जीते। राजनीति में इंदिरा गांधी, अटल बिहारी बाजपेई और चंद्रशेखर जैसे कद्दावर राजनेता भी उनका सम्मान करते थे।

गोलेश स्वामी
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

खास बात यह है कि चौधरी चरण सिंह अपने खास वोट बैंक जाटों के अलावा अन्य पिछड़े वर्ग में भी खासी पैठ रखते थे। पिछड़े हिंदू ही नहीं, पिछड़े मुस्लिमों की बड़ी आबादी उनको वोट करती थी। खासकर उत्तर भारत के ग्रामीण परिकर में उनका दबदबा था। उत्तर भारत में उनकी राजनीतिक हैसियत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जब उन्होंने अपने बेटे चौधरी अजित सिंह को अपनी राजनीतिक विरासत सौंपी, तब करीब तीन दर्जन सांसद उनके पास थे। चौधरी चरण सिंह दो बार यूपी के मुख्यमंत्री, केंद्र सरकार में गृह मंत्री और बाद में देश के प्रधानमंत्री बने। उनकी विधानसभा की सीट छपरौली को पूरे देश में पहचान मिली। फिर वे बागपत से सांसद चुने जाते रहे। वे कहते थे कि भारत की समृद्धि का रास्ता किसानों के खेत-खलिहानों से जाता है। जिस दिन इस देश का किसान समृद्ध होगा, भारत भी उतना ही समृद्ध होगा। जहां तक उनकी राजनीतिक विरासत का सवाल है चौधरी साहब कांग्रेस छोड़ने के बाद कांग्रेस विरोधी राजनीति करते रहे, लेकिन उनके सुपुत्र चौधरी अजित सिंह (जो अमेरिका में साफ्टवेयर इंजीनियर थे) ने कांग्रेस का थामन थाम लिया। वे संघर्ष के रास्ते पर चलने के बजाए सत्ता की राजनीति के हामी रहे, इसीलिए धीरे-धीरे हाशिए पर आए गए। यहां तक कि एक समय जहां उनके पास करीब तीन दर्जन सांसद थे, अंत में एक भी सीट नहीं जीत सके।

अपनी मजबूत विरासत वाली सीट बागपत भी खो दी। चौधरी अजित सिंह के बेटे जयंत चौधरी भी नहीं जीते। चौधरी अजित सिंह के निधन के बाद जयंत चौधरी यानी चौधरी चरण सिंह के पौत्र जयंत चौधरी उनकी राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। पिछले की चुनावों में उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से हाथ मिलाया था, लेकिन चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने और राजनीतिक हवा का रुख देखकर उनका एनडीए में शामिल होना निश्चित हो गया है। बस आधिकारिक घोषणा बाकी है। जयंत चौधरी के एनडीए में शामिल होने से निश्चित रूप से जाट लैंड खासकर यूपी के पश्चिमी यूपी में भाजपा को मजबूती मिलेगी।

हल्द्वानी पर 'किसकी टिकी नजर'

संदीप मेवाड़ी
वरिष्ठ पत्रकार

> अब बात करते हैं 'उन नजरों' की। घटनाक्रम चल रहा था मालिक के बगीचे में। वहां पर लोगों के विरोध का आभास प्रशासन को भी था।

ये हुआ क्या मेरे शहर को...। मैं हल्द्वानी हूं। देवभूमि कहे जाने वाले उत्तराखंड का प्रवेश द्वार हूं। साथ ही कौमी एकता की मिसाल भी रहा हूं। यहां दीपावली पर घर घर दीप जला आतिशबाजी होती है। ईद पर हर समुदाय रोजा इफ्तार में शामिल होता है। गुरुद्वारे पर सभी धर्मों के लोग शीश नवाने पहुंचते हैं और क्रिसमस डे पर हर समुदाय चर्चों पर प्रार्थना करने पहुंचता है और सेंटा क्लॉज से उपहार लेता है।

बात करते हैं शहर के बनभूलपुरा क्षेत्र में गुरुवार को हुए 'धमाके' की। दोपहर तक सब कुछ सामान्य दिख रहा था। बनभूलपुरा क्षेत्र में मलिक का बगीचा कहे जाने वाले क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए घरों और धार्मिक स्थलों को हटाने का मामला कई दिनों से शहर की सुर्खियों में बने रहने के साथ ही घर घर लोगों की जुबान पर तैर रहा था। अतिक्रमण ध्वस्त करने के विरोध में हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की गई थी। न्यायालय ने गुरुवार को इस मामले में अतिक्रमणकारियों को राहत देने से इंकार कर दिया, साथ ही सुनवाई के लिए अगली तारीख 14 फरवरी की नियत कर दी। न्यायालय का निर्णय क्या आया, प्रशासन को लगा अब कोई बाधा नहीं है अतिक्रमण ध्वस्त करने में। कुछ तैयारी पहले से थी और कुछ आनन फानन में कर ली गई। शाम करीब चार बजे अतिक्रमण ध्वस्त करने को प्रशानिक अमला, नगर निगम और पुलिस की टीम लेकर अतिक्रमण ध्वस्त करने के लिए मलिक का बगीचा (बनभूलपुरा) के लिए कूच कर गया। पहले कुछ लोग विरोध के लिए मौके पर पहुंचे और देखते देखते आसपास की गलियों, घरों और छतों से पत्थरों की बरसात शुरू हो गई। इस अप्रत्याशित पथराव से बचने के लिए प्रशासन, पुलिस और नगर निगम के साथ ही मीडिया कर्मी जगह ढूंढने लगे। किसको पता था कि ये मानसूनी बरसात है। पुलिस इस पर जितना काबू करने की सोचती, पत्थरों के जगह जगह जमा मेघ उतना ही तेज बरसते जाते। वायरलेस सेट और मोबाइल पर इसकी सूचना जिले के साथ ही पूरे उत्तराखंड में फैलने लगी। पुलिस बल बचाव और शांति व्यवस्था के लिए मौके की ओर दौड़ गया। पर रणनीति तो पहले से ही तैयार थी।

पुलिस मलिक का बगीचा क्षेत्र में हालात काबू भी नहीं कर पाई थी कि बनभूलपुरा थाने में लोगों के झुंड ने हमला कर दिया। तब तक धरा में तो अंधेरा हो चुका था, लेकिन बनभूलपुरा उपद्रवियों की आग से धधक चुका था। नैनीताल जिले से लेकर देहरादून का मुख्यमंत्री कार्यालय तक की नजर हल्द्वानी के हालात और इस पर नियंत्रण की रणनीति बनाने में टिक चुकी थी। देश भर के इलेक्ट्रॉनिक और इंटरनेट मीडिया में लीड खबर में हल्द्वानी धधक रहा था। कुमाऊं भर से पुलिस फोर्स, पीएसी, आईआरबी के साथ ही सेना की मदद मांगी जा रही थी। दूसरी ओर बनभूलपुरा में घिरे पुलिस और मीडिया के जवान अपनी जान की दुहाई मांगने के साथ ही इस चक्रव्यूह से निकलने के लिए जतन में जुटे थे। हालात यहां भी नहीं रुके, आगजनी और पथराव के साथ ही अब गोलियों की तड़तड़ाहट भी बनभूलपुरा की फिजाओं में गूंजने लगी थी। रात करीब नौ बजे तक पूरा बनभूलपुरा क्षेत्र छावनी में तब्दील हो गया और जिलाधिकारी ने कर्फ्यू घोषित कर दिया।

अब बात करते हैं 'उन नजरों' की। घटनाक्रम चल रहा था मालिक के बगीचे में। वहां पर लोगों के विरोध का आभास प्रशासन को भी था। पर... पूरे बनभूलपुरा का आग का गोला बन जाना। थाने के बाहर खड़े दर्जनों वाहन फूंक देना, पेट्रोल बम फेंकना, पत्थरों की बारिश, जवानों और मीडियाकर्मियों को पीट पीटकर जान लेने तक आमदा होना। इससे तो यही लग रहा है कि अमन और शांति की मिसाल देने वाले इस शहर में कुछ ऐसी नजरें टिक चुकी हैं, जो लोगों की भावनाओं को गुमराह कर फिजा बिगड़ने का चक्रव्यूह रच चुकी हैं। जरूरत अब प्रशासन को 'अभिमन्यु' की है। जो 'इन नजरों' को न केवल सामने लाए, बल्कि ऐसा सबक सिखाए कि ये शहर ही नहीं पूरे राज्य और देश के लिए मिसाल बने। यही नहीं, प्रशासन को अब खुद पर भी मंथन करना होगा। खुफिया एजेंसियों को भी अपनी कार्यप्रणाली पर विचार करना होगा। इतना लाव लश्कर होने के बाद भी इतनी बड़ी नाकामयाबी। प्रशासनिक अफसर क्यों नहीं मामले की संवेदनशीलता को समझ पाए। अगर उसकी तरफ से सही तैयारी की गई थी तो क्या खुफिया एजेंसियां धार्मिक अतिक्रमण तोड़ने पर लोगों की प्रतिक्रिया का अंदाजा नहीं लगा पाई। क्या दफ्तरों में बैठकर ही अफसरों को फीडबैक दिया जाता रहा।

सोशल फोरम

हमारे जमाने की प्रेमिकाएं

हमारे दौर में वैलेंटाइन डे या सप्ताह एक अनजानी-सी चीज़ हुआ करती थी। हां, प्रेम की भावनाएं तब भी थीं, वे उबाल भी मारती थीं और यदाकदा प्रोपोज भी होती थीं। उन दिनों में प्रेम के अंदाज़ अलग और तेवर आज से बहुत जुदा हुआ करते थे। इश्क़ का मतलब चाहे पता न हो, लेकिन ज़ांबाजी इतनी थी कि इश्क के प्रस्ताव तब स्याही से नहीं, खून से लिखे जाते थे। स्कूली दिनों में मैंने खून से तो नहीं, उससे मिलती-जुलती लाल स्याही से ख़त लिखकर अपनी एक सहपाठी को प्रोपोज़ किया था। ख़त 'ये मेरा प्रेमपत्र पढ़कर तुम नाराज़ ना होना' से शुरू हुआ और उस दौर के सबसे धांसू शेर के साथ अंजाम तक पहुंचा था-लिखता हूं ख़त खून से स्याही न समझना / मरता हूं तेरे नाम पे जिंदा न समझना। जैसा कि तब आमतौर पर होता था, ख़त घूम-फिरकर क्लास टीचर के हाथों में पहुंच गया। उसके बाद प्रणय-निवेदन का जो अवदान मिला, वह था हथेली पर सौ- पचास छड़ी और क्लास रूम के बाहर स्कूल की आखिरी घंटी तक मुर्गा बनकर अपनी उस एकतरफा प्रेमिका और उसकी सहेलियों का भरपूर मनोरंजन।

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

प्रेमिका ज्यादा 'कोमल-हृदय' थी सो चिट्ठी वाली बात घर तक भी पहुंचा दी गईं। फिर हुआ घर में भी इश्क़ का भूत झाड़ने का सिलसिला शुरू। उफ़्फ़ कैसी तो जालिम होती थीं हमारे ज़माने की प्रेमिकाएं ! ऐसी दुर्दशा करवाने के बाद हमदर्दी का मरहम लगाना तो दूर, मुस्कुराती हुई बगल से ऐसे निकल जाती थीं कि उस दौर का दूसरा सबसे लोकप्रिय शेर जुबान पर आ जाता था-आकर हमारी कब्र पे तुमने जो मुस्कुरा दिया/ बिजली चमक के गिर पड़ी सारा कफ़न जला दिया। उसके बाद स्कूल-कॉलेज में जिस पर भी प्यार आया, वह अव्यक्त ही रहा। प्रणय-निवेदन का वैसा खूंखार प्रतिदान पाकर दोबारा प्रोपोज करने का साहस कौन जुटा पाता है? अब हिम्मत आई भी है तो तब जब अपने दिन बीत चुके हैं-सब कुछ लुटा के होश में आए तो क्या किया !

–फेसबुक वॉल से

विवाह संस्था को बचाना होगा

उच्चतम न्यायालय की जस्टिस बीवी नागरथना एवं आगस्टाइन जॉर्ज मसीह की पीठ ने हाल ही में एक मामले में टिप्पणी देते हुए कहा कि विवाह नामक संस्था को बचाना है। भले ही फिर आप हमे पुरातनपंथी ही क्यों ना कहे। निर्णय एक 44वर्षीय अविवाहित महिला की सेरोगेसी प्रेग्नेंसी का था। आजाद, कमाऊ, सामाजिक हैसियत रखने वाली एक महिला अकेलेपन से जूझने के लिए सिंगल मदर बनने को तैयार है पर विवाह कर के नहीं। ये सचमुच भारत जैसे देश में विचारणीय है कि सुप्रीम कोर्ट भी आज विवाह संस्था को बचाने के लिए नसीहत देने को मजबूर हुआ है।

प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक
उझानी, बदायूं

भारतीय जीवन शैली में विवाह केवल दो व्यक्तियों की आवश्यकताओं के आदान प्रदान का साधन नहीं था। वरन ये एक उन्नत समाज के निर्माण की व्यवस्था थी। सप्तपदी के वचन जीवन की सुचारुता का आश्वासन देते थे। संतान को यशस्वी बनाने का दायित्व लेना ही पति पत्नी होना था। उत्तम विवाह एवम उत्तम दंपती उत्तम परिवार वा समाज की गारंटी थे। बड़ी पीढ़ी दूसरी पीढ़ी को नई पीढ़ी के निर्माण के लिए आशीर्वाद देकर आगे बढ़ाती थी। आज विवाह आशीर्वाद देकर नहीं आशंकाएं देकर किए जाने लगे। आश्वासन और आशा नहीं वरन अपेक्षाएं देकर बच्चों को समाज के मैदान में उतार दिया जाता है। संबंधों के प्रारंभ ही अहम और अविश्वास से होने लगे इस स्थिति ने विवाह संस्था को परिवार व्यवस्था को बड़ी चोट पहुंचाई है।

यदि इसके कारणों पर ध्यान दें तो पाएंगे कि स्त्री पुरुष समानता की व्याख्या बहुत भ्रामक रूप से समाज में प्रसारित हुई। समानता का तात्पर्य केवल धन और सामाजिक पद प्रतिष्ठा से जोड़ा जाने लगा। जिसकी प्राप्ति के लिए पारिवारिक दायित्व को बाधा स्वरूप प्रस्तुत कर स्त्री को धीरे-धीरे दूर किया गया। दूसरे जब स्त्री ने बाहर की दुनिया से तालमेल बिठाती स्त्री अपने अंतर के स्त्रीत्व को कमजोरी मानने लगी। तीसरा आपाधापी के इस युग में वैचारिक एवम भावात्मक दृष्टिकोण शून्य की ओर बढ़ने लगे। वैवाहिक जोड़ो में आपसी समझ का अभाव आने लगा। अब कोई प्रेम में झुकने को तैयार नहीं हैं।

चौथा समाज में विविध प्रकार की मॉडरनाइज्ड पद्धतियों ने विवाह की सांस्कृतिक रस्मों तथा परंपराओं को नकार दिया है। ये परंपराएं परिवार के महत्व की व्याख्या करती थी। तरह तरह के गीत और रस्मों के माध्यम से जीवन को सुलझाने की शिक्षा देती थी। जिन्हें व्यापारवाद ने फोटोशूट और डेस्टिनेशन वेडिंग पर लाकर पटक दिया है। पांचवा उपयोग के दौर में हर निर्णय उपयोगिता के सिद्धांत पर तय हो रहा है इसलिए भी विवाह अनुपयोगी माने जाने लगे। उच्चतम न्यायालय ने खासतौर से कहा कि हम पाश्चात्य देशों की भांति इन साधनों को भारतीय समाज में स्वीकार नहीं कर सकते। भारत की जनसंख्या यूं ही कीर्तिमान स्थापित कर रही है। कुछ पश्चिमी देशों में प्रजनन के लिए माता को सरकारी सहायता मिलती है और महिलाओं ने इसी को अपना व्यापार बना रखा है। भारत जैसे पारंपरिक देश में विवाह संस्था यहां के समाज का बुनियादी ढांचा है। यहां सिंगल मदर सिंगल फादर का चलन पचाना मुश्किल है। यहां माता पिता ही नहीं, बड़ी माता, छोटी माता, बुआ ,मौसी, बड़े पापा, छोटे पापा, बाबा,दादी, नाना, नानी मामा मामी और भी ढेरों रिश्ते। ये रिश्ते नाते और रिश्ते निभाने की पद्धतियां छोटे बच्चों को सामाजिक स्वीकृतियां देती थी। उन्हें आत्मविश्वास और सुरक्षा देती थी। बढ़ते तलाक, अलगाव और हिंसा के केस ये पुरजोर स्वरों में कह रहे हैं कि विवाह संस्था को भारतीय समाज में पुनः पुरातन प्रकृति से ही स्थापित करना होगा ।

अध्यात्म में मौन महत्वपूर्ण

अध्यात्म जगत में मौन का सदा से ही महत्वपूर्ण स्थान रहा है, क्योंकि अध्यात्म के शिखर को छूने में इस मौन का प्रमुख योगदान होता है। इसलिए हमारी संस्कृति में मौन को किसी भी व्यक्ति के लिए आध्यात्मिक शिखर तक पहुंचने का एक सटीक एवं शाश्वत माध्यम माना गया है। यही कारण है कि हमारे तमाम ऋषि-मुनियों और साधू-संतों ने मौन को अपनी आध्यात्मिक साधना का एक महत्वपूर्ण अंग बनाया, इसे प्रतिष्ठित किया। मौनी अमावस्या के दिन भगवान श्रीहरि विष्णु एवं भगवान शिव की पूजा का विधान है।

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

माना जाता है कि अमावस्या की सभी तिथियों में से मौनी अमावस्या को बेहद उत्तम माना गया है। इस खास अवसर पर मौन रहना शुभ होता है। मौनी अमावस्या के दिन पवित्र नदी में स्नान करना फलदायी होता है। इस दिन श्रद्धा भाव से भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की जाती है। इसके अलावा दान भी किया जाता है। माना जाता है कि मौनी अमावस्या के दिन दान करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

मौनी अमावस्या के दिन की शुरुआत भगवान विष्णु के ध्यान से करके पवित्र नदी में स्नान करके दान किया जाता है। मान्यता के अनुसार, इस दिन पवित्र नदी या गंगाजल और पानी से स्नान करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

राजस्थान में सड़क दुर्घटना में भरथना के युवक की हुई मौत

ग्राम नगला चुन्नी की मड़ैया पालीखुर्द में शव पहुंचते ही परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता भरथना, इटावा

अमृत विचार। भरथना कोतवाली ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम पालीखुर्द पंचायत के नगला चुन्नी की मड़ैया निवासी युवक की राजस्थान के भीलभाड़ा में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। शव राजस्थान से गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने मृतक के शव का शुक्रवार की सुबह अंतिम संस्कार कर दिया।

रजनीश कुमार का फाइल फोटो

गांव के क्षेत्र पंचायत सदस्य रामजनक यादव ने बताया कि ग्राम नगला चुन्नी की मड़ैया निवासी रजनीश कुमार राजस्थान के भीलवाड़ा स्थित एक सूत मिल में मजदूरी करता था। वह दस दिन पूर्व ही घर से मजदूरी करने भीलवाड़ा गया था। बुधवार को होटल में खाना खाकर अपने कमरे पर वापस लौटते समय सड़क के किनारे पैदल जा रहा था । तभी पीछे से अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार चलते हुए रजनीश कुमार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, वहां मौजूद आसपास के लोग रजनीश को पास के ही अस्पताल ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने रजनीश को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना की जानकारी परिजनों को मिलते ही उनके परिजन राजस्थान भीलवाड़ा पहुंचे और शुक्रवार को रजनीश का शव गांव नगला चुन्नी की मड़ैया लाये।

गांव में मृतक का शव पहुंचते ही पिता महेश चंद, मां राजेंद्र देवी, भाई अवनीश कुमार, मनीष कुमार बहन स्नेहलता व पुष्पलता सहित अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं दुर्घटना में युवक की मौत की खबर मिलते ही पूर्व विधायक व सर्जन सुखाय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव प्रसाद यादव ने पहुंचकर मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया है।

डंपर की टक्कर से घायल बाइक सवार की मौत

बकेवर, इटावा। सड़क हादसे में घायल बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जिससे उसके घर में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर में रहने वाले द्वारिका प्रसाद का 38 साल का बेटा राजकुमार उर्फ मिंटू गुरुवार को दोपहर के समय बकेवर नगर से बाइक पर सवार होकर गांव जा रहा था। बीआरसी के सामने डंपर ड्राइवर ने बाइक में टक्कर मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। उसे नाजुक हालत में सैफई मेडिकल कॉलेज भेजा गया था, वहां शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी रीता देवी व पांच साल के बेटे युवी व दो बेटियों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

कार और ठेली की आपस में हुई टक्कर

बसरेहर, इटावा। बसरेहर थाना क्षेत्र के लोहियाकला के पास मोटरसाइकिल की जुगाड़ गाड़ी और कार की टक्कर हो गई । उसके बाद जुगाड़ गाड़ी चार पहिया के चाय पान के ठेले में जा टकराई। जिससे कढ़ाई का गरम तेल गिरने से श्याम सुंदर और अजय कुमार निवासी बहादुरपुर लोहिया दोनों झुलस गए। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए बसरेहर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया।

पुआल के ढेर में मिला जला हुआ मानव कंकाल

संवाददाता बसरेहर, इटावा

- पुलिस ने कहा डीएनए टेस्ट के बाद तय होगा कि कंकाल महिला का है या फिर पुरुष का

अमृत विचार। खाली प्लॉट में पुआल के ढेर में आग से जला मानव कंकाल पाया गया। ग्रामीणों के मुताबिक महिला को जलाकर मार दिया गया है। वहीं पुलिस का कहना है कि कंकाल महिला या पुरुष का है यह अभी स्पष्ट नहीं है।

वैदपुरा थाना क्षेत्र के गांव छितौनी में सड़क के किनारे खाली पड़े प्लॉट में पुआल के ढेर में एक जलता हुआ शव बरामद हुआ। सुबह चौकीदार अमरनाथ ने सूचना पुलिस को दी। थाना प्रभारी समित चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर आ गए, मौके की नजाकत को भांपते हुए उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया। सीओ सैफई नागेंद्र चौबे मौके पर पहुंचे, फॉरेंसिक टीम ने नमूने एकत्रित लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी। शव 85 फीसदी तक जल चुका था जिससे उसकी पहचान नहीं हो पा रही है देखने से युवती प्रतीत हुई जो 25 से 30 साल के मध्य की होगी। अनुमान लगाया गया कि रात में किसी और स्थान से हत्या कर शव को यहां लाकर सबूत मिटाने के इरादे से पुआल के ढेर में जला दिया।

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि शव महिला का है या पुरुष का। आगामी 72 घंटे तक पहचान कराने के प्रयास किए जाएंगे। इसके बाद अस्थियों को डीएनए टेस्ट के लिए भेजा जाएगा।

डेढ़ दशक पहले भी इसी तरह का हुआ था दुस्साहस

डेढ़ दशक पहले थाना बसरेहर क्षेत्र में गांव अकबरपुर और लालपुरा के मध्य एक महिला को इसी तरह पुआल के ढेर में जलाकर मार डाला गया था। उसकी चूड़ियां देखकर एक बुजुर्ग महिला ने बेटी के रूप में पहचान की लेकिन पुलिस ने मामला डीएनए टेस्ट के हवाले कर दिया था और अभी तक उस मामले का पुलिस ने खुलासा नहीं कर सकी ।

बिजली चोरी में छह लोगों पर दर्ज हुई एफआईआर

संवाददाता बकेवर, इटावा

- सुबह के समय कई मोहल्लों में चला बिजली चेकिंग अभियान

अमृत विचार। बिजली विभाग ने शुक्रवार की सुबह लखना कस्बे में चेकिंग अभियान चलाया। एसडीओ भूप सिंह व जेई वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में चले चेकिंग अभियान में टीम ने 6 से अधिक लोगों को कटिया डालकर बिजली चोरी करते पकड़ने के साथ 15 के कनेक्शन भी काटे गये।

बिजली विभाग की टीम ने बकाया वसूली करने व चोरी को रोकने के लिए चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। शुक्रवार की सुबह सूर्योदय से पहले एसडीओ भूप सिंह, जेई वीरेन्द्र सिंह, लिपिक प्रवीण कुमार, लाइनमैन पिन्टू, रामू, चालक महेन्द्र सिंह के साथ कस्बा लखना के कालिका मुहाल, पक्का तालाब, गंज मुहाल, मानखां मुहाल में बकायेदारों पर सख्ती करते हुए 2 लाख 85 हजार रुपये के बकाया पर 15 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटते हुए चार नये उपभोक्ताओं को कनेक्शन दिये जाने के अलावा पांच उपभोक्ताओं की भार वृद्धि के साथ तीन मीटर बदले गये। इसके साथ 4 लाख 25 हजार रुपये की वसूली के साथ 6 लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया जिनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गयी।

जुमे की नमाज को लेकर रहा अलर्ट

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

अमृत विचार। क्षेत्र में जुमे की नमाज के दौरान सतर्कता बरती गई। निगरानी के लिए ड्रोन कैमरा भी लगाया गया। मस्जिदों के आसपास पुलिस का सुबह से ही पहरा रहा।

जुमा की नमाज को लेकर नगर की सभी मस्जिद के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। सीओ अतुल प्रधान की देखरेख में पुलिस टीम गश्त करती रही। प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे व सिटी इंचार्ज संत कुमार की ओर से पर्याप्त पुलिस बल के साथ लगातार भ्रमण किया गया। सर्व समुदाय के धर्मगुरुओं से वार्तालाप कर शांति व सद्भाव बनाए रखने की अपील की गई। मीडिया सेल टीम की ओर से भड़काऊ पोस्ट व वीडियो बयान जारी करने, साजिश रचने व माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों पर लगातार पैनी नजर रखी गई।

जसवंतनगर में तैनात पुलिस बल। अमृत विचार

संवाददाता भरथना,इटावा। भरथना में शुक्रवार को जुमा की नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन अलर्ट दिखाई दिया। एएसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह व भरथना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र सिंह ने पीएसी और पुलिस बल के साथ भरथना की छोटी बड़ी दोनों जामा मस्जिदों के आस पास सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

चुनाव को लेकर सीओ ने किया बूथों का निरीक्षण

जसवंतनगर, इटावा। लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर शुक्रवार को बूथों का निरीक्षण किया गया। सीओ अतुल प्रधान ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान की अहम कड़ी बूथों का निरीक्षण किया। वे उच्च प्राथमिक कम्पोजिट विद्यालय कुरसेना, उच्च प्राथमिक विद्यालय कुरसेना स्कूल में आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान स्थल बनाए गए है। सभी बूथों पर पेयजल, वाहन आवागमन, विद्युत सुविधा, शौचालय पूरी तरह से सही पाई है। सीओ अतुल प्रधान ने बताया कि कस्बे व ग्रामीण क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण की रिपोर्ट भेजी जा रही है।

मंदिर से अवैध कब्जा हटाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। सैफई थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव हरदोई में बने ठाकुर जी महाराज व राम जानकी मंदिर से अवैध कब्जा हटाने को लेकर एक सैकड़ा ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन दिया।

हरदोई गांव से आये करीब एक सैकड़ा से अधिक महिला पुरुषों ने आरोप लगाया कि हरदोई गांव में बने सिद्ध पीठ ऐतिहासिक ठाकुर जी महाराज राम जानकी मंदिर पर अवैध रूप से गांव के ही एक व्यक्ति ने कब्जा कर लिया है। बताया कि गाटा संख्या 1622 में ठाकुर जी महाराज व राम जानकी विराजमान है। मंदिर के नाम से लगभग 2.1211 हेक्टेयर जमीन दर्ज है। प्राचीन समय से आज तक अभिलेखों में मंदिर लड़ैती कुंवर पत्नी बेबा ज्वाला प्रसाद जो शहर में सुप्रसिद्ध आंखों का लड़ैती भवन के नाम से जाना जाता है, यह जमीन मंदिर के नाम से जमीदारों द्वारा दान में दी गई थी।

कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हरदोई के ग्रामीण। अमृत विचार

मंदिर के नाम से दर्ज जमीन की पैदावार ठाकुर जी महाराज पर राम जानकी मंदिर में पूजा पाठ भंडारा आदि में नहीं लगाई जाती है और न ही क्षतिग्रस्त मंदिर को ठीक कराया जाता है। मंदिर के पास एक काफी बड़ा बाग बना हुआ है जिसकी बाउंड्रीवॉल भी जीर्ण शीर्ण हालत में है। शिकायत करने आए करीब एक सैकड़ा लोग हाथों में लिखी हुई पट्टिका लेकर विरोध जता रहे थे। ज्ञापन देने वालों में जयवीर सिंह, सतीश कुमार, मोहकम सिंह, गणेश बाबू, मुनेश कुमार, सौभाग्य कुमार, महेश चंद काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

ज्वैलर्स की दुकान में आग से सामान राख

भरथना, इटावा। स्वर्णकार की दो मंजिला इमारत में स्थापित दुकान में बिजली शार्ट सर्किट से आग लगने से हड़कंप मच गया।

नगर के मोहल्ला सब्जी मंडी में शहीद पार्क के सामने स्वर्णकार अजय वर्मा की दो मंजिला इमारत में भूतल पर बनी सर्राफा की दुकान से शुक्रवार सुबह धुआं निकलता देखकर आसपास के लोगों ने शोर मचाया। बताया गया कि रात के दौरान दुकान में आग लग गई। दुकान मालिक ने फायर ब्रिगेड व पुलिस को सूचना दी। सूचना पर दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आधा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्वर्णकार अजय के मुताबिक दुकान में आग लगने से काउंटर, कैश मशीन, औजार , एलईडी टीवी, ज्वैलरी बॉक्स के खाली डिब्बियां, समेत जरूरी दस्तावेज आदि जल गए।

फरार युवक चौबीस घंटे में हुआ गिरफ्तार

संवाददाता भरथना, इटावा

- पुलिस ने छात्रा को चिकित्सकीय परीक्षण के लिये भेजा

अमृत विचार। भरथना कोतवाली पुलिस ने दर्ज रिपोर्ट के बाद मात्र चौबीस घंटे में फरार युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। साथ ही पुलिस ने युवक के साथ एक नाबालिग छात्रा को भी बरामद कर चिकित्सकीय परीक्षण के लिये जिला चिकित्सालय भेजा।

भरथना कस्बा के एक मोहल्ला से 5 फरवरी की शाम साढ़े छह बजे एक युवक शिवम राठौर निवासी आदर्श नगर से कक्षा 11 की एक नाबालिग छात्रा को बहला फुसला कर भगा ले गया था। पिता ने आनन फानन में युवक के विरुद्ध भरथना पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपकर धारा 363 व धारा 366 के तहत मुकदमा पंजीकृत करा दिया। मुकदमा पंजीकृत होते ही भरथना चौकी इंचार्ज हाकिम सिंह ने अपनी टीम को सक्रिय कर दिया। फरार युवक के फोन से लोकेशन ट्रेस कर ली और मात्र चौबीस घंटे में फरार युवक शिवम राठौर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार फरार युवक के कब्जे से पुलिस ने लापता छात्रा को भी बरामद कर लिया है।

कस्बा पुलिस चौकी इंचार्ज हाकिम सिंह ने कहा है छात्रा के चिकित्सकीय परीक्षण की रिपोर्ट आने पर आरोपी के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट की धारा बढ़ सकती है। और उसके बाद कार्रवाही की जायेगी।

राजनीति

भाजपा कार्यालय पर कार्यशाला के साथ अभियान की हुई शुरुआत, जिला प्रभारी कमलावती सिंह ने सरकार का किया बखान

महिलाओं को जोड़ने के लिए शक्ति वंदन अभियान की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को तेज करते हुए भाजपा ने कई अभियान शुरू किए हैं। इसके तहत जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में शक्ति वंदन अभियान के लिए कार्यालय में कार्यशाला आयोजित की गई। इसका उद्घाटन पं.दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके हुआ।

प्रदेश उपाध्यक्ष व संगठनात्मक जिला प्रभारी कमलावती सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का मानना है कि देश के चार प्रमुख वर्ग गरीब, किसान, युवा और महिलाएं है इन वर्गों का विकास ही समग्र राष्ट्र के विकास का आधार है। भाजपा ने शक्ति वंदन अभियान के तहत देशभर में 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज के उस वर्ग तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है, जो सामाजिक कार्य से जुड़कर लोगों की सहायता कर रहे हैं। अभियान के तहत स्वयं सहायता समूहों और एनजीओ के सदस्यों से चाय पर चर्चा, संपर्क और उनका सम्मान भी करना है । इन सदस्यों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 फरवरी को लाइव संवाद करेंगे। जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने नारी शक्ति वंदन अभियान में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों की भूमिका को तय करते हुए कहा कि पार्टी का यह कार्यक्रम मातृ शक्ति में जनाधार बढ़ाने का कार्य करेगा। जिला संयोजक एवं जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी ने अपने विचार रखे। संचालन जिला मंत्री राहुल राजपूत ने किया। देवप्रताप सिंह भदौरिया, ममता कुशवाहा, महिला मोर्चा अध्यक्ष विरला शाक्य, महिला मोर्चा क्षेत्रीय मंत्री मनीषा शुक्ला, मुकेश यादव, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, प्रमिला पालीवाल, अनिता जाटव, सोनिया सिंह चक मौजूद रहीं।

महिला शक्ति वंदन की बैठक में भाग लेतीं प्रभारी कमलावती सिंह व अन्य।

471 पंचायतों में जनता से होगा संवाद

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए भाजपा किसान मोर्चा अब गांव गांव संपर्क करने के लिए ग्राम परिक्रमा अभियान शुरू करेगा। यह अभियान देश के अन्य स्थानों की तरह इटावा में भी 12 फरवरी से 12 मार्च तक चलेगा। इटावा में 12 को इस अभियान की शुरुआत होगी। इस अभियन के तहत भाजपा नेता जिले की सभी 470 ग्राम पंचायतों में जाएंगे।

भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में भाजपा के सभी 16 मंडलों में यह अभियान चलेगा। योजनाओं और उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भाजपा किसान मोर्चा ग्राम परिक्रमा यात्रा का उद्घाटन कर रही है। इस यात्रा के माध्यम से किसान मोर्चा के कार्यकर्ता 2 लाख से अधिक गांव में किसानों मजदूरों तथा कृषि से जुड़े अन्य वर्गों से संपर्क स्थापित करेंगे। किसान मोर्चा क्षेत्रीय महामंत्री विकास भदौरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 4 करोड़ 10 लाख गरीब परिवारों को अपना पक्का घर मिला है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत अब तक 1.4 लाख करोड़ का भुगतान 48 करोड़ किसानों को किया जा चुका है। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अवधेश चतुर्वेदी ने कहा कि ग्राम परिक्रमा यात्रा का उद्घाटन 12 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे मुजफ्फरनगर के मां शाकुंभरी देवी मंदिर प्रांगण शुक्रताल से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राजकुमार चाहर व किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह द्वारा किया जाएगा।

वार्ता करते भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत और विकास भदौरिया ।

सार-संक्षेप

एसडीएम दीपशिखा को ज्ञापन सौंपते अटेवा के पदाधिकारी। अमृत विचार

पुरानी पेंशन बुढ़ापे का सहारा, लागू करे सरकार

जसवंतनगर, इटावा। आल टीचर्स इम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन अटेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के आह्वान पर जिला इकाई का जनसंवाद कार्यक्रम जोर शोर से चल रहा है। जिसमें पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल कराने के लिए रणनीति पर चर्चा परिचर्चा अटेवा के पदाधिकारी कर रहे हैं। शनिवार को विकासखंड जसवंतनगर में उपजिलाधिकारी दीपशिखा सिंह, क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान,तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह,थानाध्यक्ष कपिल दुबे,चिकित्सा अधीक्षक सुशील कुमार से अटेवा के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर विस्तृत परिचर्चा की। प्रतिनिधि मंडल में जिला पर्यवेक्षक राजेश जादौन,बेसिक शिक्षा प्रभारी मधुर श्रीवास्तव,धर्मेन्द्र कुमार प्रभारी अटेवा / जिलाध्यक्ष चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ, ब्लाक अध्यक्ष विवेक गुप्ता ,उपाध्यक्ष नीरज राजपूत, जिला कोआर्डिनेटर संजय यादव, मोहम्मद फुरकान, ब्रजेन्द्र सिंह, योगेश कुमार, पंकज कुमार, राजेन्द्र कुमार आदि शामिल रहे। सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने अटेवा के संघर्ष की सराहना करते हुए कहा पुरानी पेंशन बहाली की एकमात्र आशा अटेवा एवं नेशनल मूमेंट ओल्ड पेंशन स्कीम के द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों से ही संभव है। यह कर्मचारियों के बुढ़ापे का सहारा है। सरकार को मानवीय संवेदनाओं के आधार पर पुरानी पेंशन योजना जल्द से जल्द लागू कर देनी चाहिए।

अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते भाजपा नेता। अमृत विचार

भाजपा बूथ अध्यक्ष की जमीन पर कब्जे की शिकायत

इटावा। भाजपा बूथ अध्यक्ष की जमीन पर कब्जे की शिकायत को लेकर भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष विवेक गुप्ता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिला और इस मामले में कार्रवाई करके जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग की। शहर मंडल अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष अमित तिवारी की जमीन पर एक माफिया कब्जा कर रहा है, जिस पर कई बार जिला प्रशासन ने गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। इसके विरोध में जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी ने जिलाधिकारी से इस पर नाराजगी व्यक्त की तो जिला प्रशासन ने कब्जे पर निर्माण कार्य रुकवाया। इसके बाद भी रात में चोरी छिपे निर्माण कार्य करने में जुटा है। इसकी जानकारी जिला अध्यक्ष सदर विधायक व सांसद को दे दी गई है। प्रतिनिधि मंडल में ओम रतन कश्यप, अखिलेश कौशिक, राजेंद्र वर्मा, प्रशांत दीक्षित अंकुल चौहान रोहित पटेल, अमित वर्मा एकलव्य भदोरिया अक्षय बाजपेई शामिल रहे।

शिक्षक को टैबलेट देते एसडीएम सुशांत श्रीवास्तव। अमृत विचार

अब टैबलेट के माध्यम से होगी शिक्षकों की हाजिरी

सैफई, इटावा। परिषदीय विद्यालयों में समय पर ना आने वाले शिक्षकों पर लगाम लगाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। सैफई में उपजिलाधिकारी सुशांत श्रीवास्तव ने 50 अध्यापकों को टैबलेट का वितरण किया। सहायक अध्यापक श्याम किशोर, प्रियंका कुशवाह, नीलम, दुर्गेश कुमारी, मनीष कुमार, राम केश यादव, मनोज कुमार, यशपाल सिंह दिनेश कुमार, संगीता यादव, सुमित कुमार, रूबी, नेहा कुलश्रेष्ठ, चंद्रिका यादव, मीनू, इकबाल जहां, कल्पना, आरती दिवाकर, निशा कुमारी, सुरेंद्र पाल सिंह, आदि को टैबलेट वितरित की गई।

नाली निर्माण की जांच करते चेयरमैन अजय कुमार यादव। अमृत विचार

निर्माण कार्य में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान

भरथना, इटावा। भरथना नगर पालिका परिषद के चेयरमैन अजय कुमार यादव उर्फ गुल्लू ने कहा कि नगर पालिका परिषद के किसी भी निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। यदि गुणवत्ता में कमी पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई होगी। नगर पालिका चेयरमैन, कस्बा के मोहल्ला गिरधारीपुरा गोविंद नगर में निर्माणाधीन सीसी सड़क व नाली निर्माण का औचक निरीक्षण करने पहुंचे थे। सबसे पहले निर्मित नाली में लगी ईंट और सीमेंट की गुणवत्ता परखी,इसके बाद निर्माणाधीन सीसी सड़क पर पड़े मैटेरियल की गुणवत्ता देखी। सीसी सड़क के निरीक्षण दौरान महेश यादव,राजेश यादव, सभासद शिवराम यादव,सुखवीर यादव,पप्पू चौबे आदि रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत खेड़ा हेलू विकास खंड बसरेहर, इटावा

पत्रांकः मेमो/ग्रा0पं0/ टेंडर प्रकाशन/ मनरेगा योजना/ कें0वि0आ0– रा0वि0आ0 2022–23 दिनांक 09–02–2024

अल्पकालिक निविदा सूचना

ग्राम पंचायत खेड़ा हेलू विकास खंड बसरेहर के अंतर्गत मनरेगा योजना केंद्रीय वित्त आयोग राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य कराये जाने में प्रयुक्त निर्माण सामग्री क्रय किये जाने हेतु दिनांक 10–02–2024 से 15–02–2024 को अपरांह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। विक्रित निविदाएं निविदा बाक्स में निर्धारित समय के अंतर्गत डाली जायेगी। निर्धारित समय सीमा के उपरांत निविदायें स्वीकार नहीं की जाएंगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय खेड़ा हेलू कार्यालय से दिनांक 10.02.2024 से 15.02.2024 तक प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक एवं दिनांक 15–02–2024 को सायं 3.00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत खेड़ाहेलू विकास खंड बसरेहर के कार्यालय से निम्नांकित विवरण के अनुसार निर्धारित धनराशि की अदायगी कर निविदा क्रय की जा सकती है। अन्य किसी जानकारी के लिए कार्यालय से संपर्क कर आवश्यक निर्देश प्राप्त किए जा सकते हैं।

क्रम	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	सामग्री का विवरण	प्राकलन लागत	सामग्री अंश	जमानत
1	निर्माण कार्य	ग्राम पंचायत खेड़ा हेलू में सीएससी केन्द्र निर्माण कार्य	411075.73	5.00 लाख	411075.00	2%

शिवानी सिंह, प्रधान — **हदेश नारायण**, सचिव

ग्राम पंचायत खेड़ा हेलू विकास खंड बसरेहर, इटावा

पुलिस ने 45 की खोली हिस्ट्रीशीट 16 पर गैंगस्टर की हुई कार्रवाई

अलग-अलग गांव के 55 अपराधियों पर लगाया गया मिनी गुंडा एक्ट, अभी तक 37 को भेजा जेल

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। इस वर्ष पुलिस पहले ही माह से एक्शन में नजर आ रही है। एक जनवरी से अभी तक 45 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोल चुकी है। 16 के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की जा चुकी है। 55 पर मिनी गुंडाएक्ट लगाया गया है। दो अपराधियों की पांच करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त की जा चुकी है। 37 को जेल भेजा जा चुका है।

अजीतमल कोतवाली में सोमवार फफूंद थाना के गांव अकबरपुर डाढा निवासी विजय प्रताप उर्फ राजा ठाकुर, शहर के मुहल्ला बनारसीदास निवासी अंशुल चौबे उर्फ अंशू व मंगलवार को मुहल्ला इस्लाम नगर निवासी राजे आलम, राजिश खान, जनपद बदायूं थाना हजरतपुर के गांव गढ़िया पैगंबरपुर, थाना बिल्सी के गांव पुशगवां निवासी यशपाल जाटव, जनपद शाहजहांपुर थाना जैतीपुर के गांव बजेड़ा भगवानपुर निवासी अलीम, थाना मदनपुर के गांव इस्लाम नगर पंखाखेड़ा निवासी जहांगीर के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। कोतवाल राजकुमार सिंह ने बताया कि अंशुल चौबे व विजय प्रताप ने 17 नवंबर 2023 में पुलिस पर फायरिंग कर दी थी। इसके अलावा कार्रवाई के तहत फफूंद कस्बा के कायस्थान निवासी अभय उर्फ मोनू अग्निहोत्री के एसोसिएट के नाम दर्ज 4.53 करोड़ की चल व अचल संपत्ति को 31 जनवरी को जब्त कर लिया गया। इसके पहले पेट्रोल पंप पर अपना बार कोड लगाकर लाखों रुपये पार करने में गैंगस्टर के आरोपित इटावा के थाना इकदिल के गांव हरीनगर निवासी अंकित यादव, थाना फफूंद के गांव पसैइपुर केशमपुर निवासी अंकित कुमार की 70 लाख रुपये की चल अचल संपत्ति जब्त कर ली गई थी।

मेले में शोहदों पर रहेगी पुलिस की नजर

संवाददाता अछल्दा, औरैया

अमृत विचार। कस्बा में हर वर्ष की तरह इस साल भी स्टेशन रोड पर बने मेला ग्राउंड पर एक सप्ताह पहले से लग रही दुकाने अब पूर्ण रूप से लग चुकीं हैं। मेले में झूलों के साथ ही सौंदर्य प्रसाधन के साथ साथ खाने पीने की दुकाने भी लग चुकी हैं। मेले को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को थाना पुलिस द्वारा मेले में काफी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। थानाप्रभारी भूपेंद्र राठी के निर्देशन पर निरीक्षक विकास कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक शम्भूनाथ, उपनिरीक्षक सतीशचंद्र मय पुलिस बल के साथ मेले में असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए गली गली में महिला कांस्टेबल कर साथ तैनात रहे। पुलिस ने दुकानदारों से अपील की कि अगर कोई भी मेले में माहौल बिगाड़ने व असामाजिक कार्य करता है तो तुरंत पुलिस को अवगत करायें। माहौल बिगाड़ने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

व्यवस्था पर नजर रखे पुलिसबल। अमृत विचार

पेंशन के लिए भटक रहे जनपद के बुजुर्ग

संवाददाता, ककोर, औरैया

- केवाईसी करने के बाद भी लाभार्थी लाभ से वंचित
- जिले में 58000 से अधिक वृद्धावस्था के पेंशनर हैं बुजुर्ग

अमृत विचार। जिले में पेंशन पाने के लिए बुजुर्ग समाज कल्याण अधिकारी के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन उनको अपनी पेंशन का कोई लाभ नहीं मिल रहा है। जिससे बुजुर्गों को पेंशन की कमर टूटती नजर आ रही है। पेंशन खाते में न पहुंचने से जिले में तीस हजार से अधिक लाभार्थी परेशान हैं। वहीं अधिकारी उन्हें सही जवाब नहीं दे रहे हैं। सही जानकारी न मिलने से बुजुर्गों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कुछ बुजुर्गों से अधिकारी केवाईसी करने के लिए कह देते हैं। किसी को बैंक का स्टेटस निकलवाने के लिए बोल देते हैं। तब भी बुजुर्गों को चक्कर लगाना पड़ता है। उसके बाद भी बुजुर्गों को पेंशन नहीं मिल पा रही है।

रोजाना दर्जनों लाभार्थी मुख्यालय के लाभार्थी समाज कल्याण विभाग के चक्कर काटते नजर आए और अपनी गुहार भी लगाते रहे। लेकिन अधिकारी कर्मचारियों पर इसका कोई प्रभाव नहीं हो रहा है। जिले में वृद्धावस्था पेंशन के करीब 58000 से अधिक लाभार्थी है। एक साल पहले शासन द्वारा सभी लाभार्थियों के लिए केवाईसी अनिवार्य कर दिया गया था। जिससे करीब 25000 लोगों की पेंशन खाते में पहुंच गई थी। वहीं दिबियापुर के गेल में स्थित इलाहाबाद बैंक में खाता होने से पांच सैकड़ा लोगों को कुछ दिन पेंशन का लाभ मिला। जब इलाहाबाद बैंक औरैया ट्रांसफर हो गई। तब से सभी पेंशन धारक रोजाना विभाग के चक्कर लगा रहे हैं और उन्हें 2 साल से पेंशन का कोई लाभ नहीं मिल रहा है। जबकि सरकार बुजुर्गों की सुविधा के लिए उन्हें पेंशन देती है। अब ऐसे में बुजुर्ग समाज कल्याण विभाग और बैंक के चक्कर लगाकर थक गए हैं।

पेंशन लाभार्थियों का कहना है इससे अच्छा है कि विभाग हम लोगों की पेंशन बंद कर दे। जब हम दूसरा खाता बैंक में खुलवा आएंगे। तब भी पेंशन मिलने की संभावना नजर नहीं आती और हम लोगों को पास फिलहाल इतने पैसे नहीं है कि नया खाता खुलवा सकें। वही समाज कल्याण अधिकारी इंद्रा सिंह ने बताया गेल गांव में स्थित इलाहाबाद बैंक के औरैया जाने से लाभार्थी के खाता जनरेट नही हो रहे हैं। इसलिए लाभार्थी के खाते में पैसा जाने की दिक्कत हो रही है।

सार-संक्षेप

बच्चों के साथ केक काटते विद्यालय के प्रबंधक शिवप्रसाद यादव। अमृत विचार

दसवीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

बिधूना, औरैया। शुक्रवार को कस्बे के ज्ञान स्थली एकेडमी में हवन पूजन कर कक्षा-10 के विद्यार्थियों के अच्छे परिणाम के साथ उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी। इससे पूर्व ज्ञान स्थली एकेडमी ग्रुप के महाप्रबन्धक शिव प्रसाद यादव द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जबकि कक्षा 9 के विद्यार्थियों ने इस सम्पूर्ण प्रोग्राम की व्यवस्था की। कक्षा 10 के छात्र योगराज सिंह ने अपना अनुभव प्रस्तुत किया। जबकि कक्षा 10 की छात्रा अनुष्का यादव ने शिक्षकों के योगदान के बारे में बताया। इस अवसर पर भानू प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य भाविका सिंह, विनय शुक्ला, कपिल भदौरिया, आकाश गुप्ता, अनूप सक्सेना, अरूण झा, कल्पना वर्मा, सागर सक्सेना, शिव नाथ सिंह, साहिल सक्सेना, आयुष सेंगर, शैलेन्द्र कुमार, मोहित पारूल आदि शिक्षकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ज्ञान स्थली एकेडमी के महाप्रबन्धक शिव प्रसाद यादव ने कहा कि अध्ययन ही सफलता की कुंजी है जो जितनी मेहनत करेगा उसका वैसा ही परीक्षाफल आयेगा। अन्त में कक्षा 9 के विद्यार्थियों ने स्वल्पाहार कराकर विद्यार्थियों को स्मृति उपहार देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम का संचालन अनुष्का कश्यप के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की बेहतर व्यवस्था के लिए ज्ञान स्थली एकेडमी के प्रधानाचार्य सजीमोन जोसेफ ने कक्षा नौ के छात्र छात्राओं का आभार प्रकट किया।

खुशी का इजहार करते अधिवक्ता। अमृत विचार

बार ने वकीलों का 5 लाख का दुर्घटना बीमा कराया

औरैया। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील दुबे, महामंत्री अरुण त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष सोनू चौबे, उपाध्यक्ष सोनू दीक्षित, संयुक्त मंत्री अनुराग त्रिपाठी के नेतृत्व में जिला बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ताओं की विषम परिस्थितियों में घटना दुर्घटना हो जाने पर अधिवक्ता परिवार को बड़ी क्षति होती थी। जिसको आर्थिक सहायता दिलाने के लिए जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी ने दि ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी से वार्ता कर सभी अधिवक्ताओं की 5 लाख की पॉलिसी दुर्घटना बीमा देकर कुछ राहत देने की कोशिश की। इस पॉलिसी से अधिवक्ताओं को आर्थिक मदद होगी और भविष्य में किसी भी दुर्घटना में यह सहायक होगी। जिला बार के अध्यक्ष सुनील दुबे ने सभी अधिवक्ताओं की दुर्घटना बीमा पॉलिसी का वितरण सभागार औरैया में किया। इस मौके पर सोनू पांडे, हरिशंकर शर्मा, हेमू चौबे, अतुल अवस्थी, शिवम शर्मा, अंकित शर्मा, कमल प्रकाश यादव, सोनू दीक्षित, अजय पाल, संजीव त्रिपाठी, विमल पांडे, पप्पल चौबे आदि अधिवक्ताओं ने पॉलिसी का समर्थन किया।

पत्रकार को मातृशोक

औरैया। अखिल भारतीय प्रेस परिषद के अध्यक्ष और वरिष्ठ पत्रकार अवधेश अवस्थी की 85 वर्षीय माता बिटोली देवी पत्नी श्री श्याम सुंदर अवस्थी का शुक्रवार को सुबह निधन हो गया। यमुना तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। सभी राजनैतिक दलों के लोगों व प्रतिष्ठित लोगों ने उनके गांव पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

स्वास्थ्य परीक्षण कराती महिलाएं। अमृत विचार

एक सैकड़ा महिलाओं ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

अजीतमल, औरैया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तकरीबन एक सैकड़ा महिलाओं ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इनमें 34 महिलाओं को निशुल्क अल्ट्रासाउंड का लाभ प्राप्त हुआ। स्वास्थ्य परीक्षण में 10 महिलाएं हाई रिक्स प्रेग्नेंसी से ग्रसित थीं। उनको सतर्कता बरतने के उपाय बताए गए, साथ ही उन सभी महिलाओं की हीमोग्लोबिन, एचआईवी, सिफलिस आदि रक्त संबंधी जांचे निशुल्क सीएससी अजीतमल में हुई। इस मौके पर डॉ. प्रेमा यादव, स्टाफ नर्स दिव्या तिवारी, सुमन, शैलेश कुमारी और गरिमा और नेहा दोहरे ने समस्त गर्भवती महिलाओं का सकुशल शारीरिक परीक्षण किया। इयह जानकारी सीएचसी अजीतमल अधीक्षक डॉक्टर अवनीश कुमार मौजूद रहे।

स्कूटी चालक ने बुजुर्ग को पीछे से मारी टक्कर

अछल्दा, औरैया। कस्बा के हरीगंज बाजार निवासी रामकिशन राठौर पुत्र अर्जुन प्रसाद घर से दूध लेने के लिए जा रहे थे। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्कूटी ने टक्कर मार दी और भाग गया।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका

संवाददाता, अयाना, औरैया

- बिसरा सुरक्षित, पुलिस ने आरोपित सास को गिरफ्तार कर भेजा जेल
- बुधवार रात को घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था विवाहिता का शव

अमृत विचार। संदिग्ध हालात में घर में मृत मिली विवाहिता की मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट नहीं हो सका है।

कानपुर देहात के सिकंदरा थाना के गांव बक्सी का डेरा गांव निवासी मलखान सिंह की 21 वर्षीय बेटी नीलम की शादी वर्ष 2021 में अयाना थाना के गांव स्वरूप नगर निवासी शिवकरन सिंह के साथ हुई थी। दहेज प्रताड़ना के चलते दिसंबर 2023 में वह अपनी एक वर्षीय बेटी के साथ मायके चली गई। 28 जनवरी को पति शिवकरन, उसका बड़ा भाई चरन सिंह, गिरेंद्र सिंह अपने साथ ले वापस ले आए। बुधवार शाम को नीलम की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। गांव में ही रह रही उसकी बड़ी बहन मिथलेश ने मायके फोन कर छोटी बहन को जहर खिलाकर हत्या किए जाने की जानकारी दी। जानकारी होने पर देर रात ससुराल पहुंचे मायके पक्ष के लोगों को उसका शव घर के बरामदे में पड़ा मिला और ससुरालीजन मौके से गायब थे। मृतका के भाई दारा सिंह ने बहनोई शिवकरन, उसकी मां चमेली, भाई चरन सिंह व गिरेंद्र के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया था। थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेंद्र सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

हल्द्वानी की घटना को लेकर रहा हाई अलर्ट

सहार के रावतपुरवा मस्जिद में तैनात पुलिसबल। अमृत विचार

भारी पुलिस बल के साथ मौजूद कोतवाल पंकज मिश्र। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- जुमे की नमाज में रहा पुलिस बल तैनात, भारी पुलिस बल ने किया रूट मार्च

अमृत विचार। हल्द्वानी में घटी घटना को देखते हुए शुक्रवार को जिले में हाई अलर्ट रहा। जुमे की नमाज को लेकर चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया। एसपी चारु निगम ने खुद कानून व्यवस्था की बागडोर स्वंय संभाली। भारी पुलिस बल ने जिले भर में रूट मार्च भी किया।

हल्द्वानी में हुई हिंसा को लेकर शुक्रवार को सुबह से ही हर चौक चौराहों पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया। सीओ सदर एमपी सिंह ने घूम घूम कर शहर व देहात क्षेत्र में शांति व्यवस्था का जायजा लिया। जुमे की नमाज शांति पूर्ण ढंग से कराने के लिए एसपी खुद पुलिस बल के साथ निकलीं। एसपी ने शहर व कस्बाई इलाकों की मस्जिदों तथा संवेदनशील स्थानों पर रूट मार्च कर आम जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। औरैया शहर क्षेत्र के कोतवाल पंकज मिश्र ने पैदल रूट मॉर्च कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

इसके अलावा फफूंन्द, दिबियापुर, बिधूना, सहार व अजीतमल में भी पुलिस ने रूट मार्च किया। पूजा स्थलों पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, अछल्दा, औरया

- कानपुर के गुजैनी का रहने वाला था युवक
- प्रेम विवाह करने के बाद से औरैया में रह रहा था

अमृत विचार। संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक एक दिन पहले ही दिल्ली से वापस आया था। बताया जाता है कि पति-पत्नी में कुछ विवाद हो गया था।

शिवा।

रोते-बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार

थाना क्षेत्र के ग्राम किशोरी का पुर्वा निवासी शिवा उम्र करीब 35 वर्ष ने घर के कमरे में छत पर लगे फैन बॉक्स में दुपटटे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ अशोक कुमार एवं थाना प्रभारी भूपेन्द्र राठी ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। बताया जा रहा है कि शिवा एक दिन पहले ही दिल्ली से शाम करीब 6 बजे घर आया था। उसका अपनी पत्नी रीना देवी से कुछ विवाद हो गया था इसी के चलते उसने आत्महत्या कर ली। मृतक का 12 वर्ष पूर्व रीना देवी से प्रेम विवाह हुआ था। वह कानपुर के गुजैनी का निवासी था। शादी के बाद वह अपनी पत्नी के साथ किशोरी के पुर्वा में ही रह रहा था। अपने परिवार के भरण पोषण के लिये वह दिल्ली में रहकर मजदूरी का कार्य करता था। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

भाजपाइयों ने चुनाव को लेकर बनाई रणनीति

अजीतमल, औरैया। विकासखंड सभागार में शुक्रवार को एक बैठक के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में चुनाव को लेकर रणनीति बनाई।

लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह कार्यकर्ताओं के बीच जिले में पार्टी की जमीनी हकीकत जानने के लिए अजीतमल ब्लॉक में उपस्थित रही। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष ने विपक्षी पार्टियों पर हमला बोलते हुए कहा कि किसी भी दल में इतनी क्षमता नहीं है कि वह भारतीय जनता पार्टी का सामना कर सके। दावा किया कि इस बार भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 में से 80 एवं पूरे भारत में 400 के पार सीटें जीत कर तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जोशखरोश से जीत के लिए अभियान में जुट जाने को कहा। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख एवं लोकसभा संयोजक रजनीश पांडे, यशवीर सिंह सिकरवार, संत कुमार शुक्ला, अनुग्रह सेंगर, गोपाल गुर्जर, देवांश शुक्ला, लव तिवारी, कुश तिवारी, गोपाल गुर्जर आदि मौजूद रहे।

पहल | कायाकल्प योजना के अंतर्गत करीब 14 लाख रुपये का होगा व्यय

फिर से चमकेगा प्राथमिक विद्यालय

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। दिबियापुर नगर के ककराही बाजार में स्थित नगर के सबसे प्राचीन परिषदीय प्राथमिक विद्यालय की तस्वीर जल्द ही चमकेगी। नगर पंचायत की ओर से करीब 14 लाख रुपये की लागत से प्राथमिक विद्यालय का कायाकल्प किया जाएगा। शुक्रवार को नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा ने सभासदों की मौजूदगी में हवन पूजन कर उद्घाटन किया।

ककराही बाजार के इस परिषदीय प्राथमिक विद्यालय में फर्श टाइलिंग, वॉल टाइलिंग, शौचालय मरम्मत, बाउंड्री वॉल की रंगाई पुताई आदि के कार्य होंगे। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी विनय कुमार पांडे ने बताया कि कायाकल्प योजना के अंतर्गत विद्यालय में सुधार के कार्य कराए जाएंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा ने हवन-पूजन और मंत्रोच्चारण के बीच रिनोवेशन कार्य का शुभारंभ कराया। उन्होंने बताया कि प्राथमिक विद्यालय को नगर का आदर्श विद्यालय बनाने के लिए फर्नीचर सहित जो भी संसाधन जरूरी होंगे, नगर पंचायत द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे। इस दौरान अधिशासी अधिकारी विनय कुमार पांडेय, वरिष्ठ लिपिक नरेंद्र सिंह राजावत, पूर्व सभासद इकरार खान, इंद्रपाल सिंह, राजेश कुमार, राहुल अंबेडकर, पूर्व सभासद रवि प्रकाश, सभासद धर्मपाल सिंह सेंगर, योगेंद्र प्रताप सिंह, चंदन विश्नोई, अमित तिवारी), आशीष मिश्रा, अक्षय शुक्ला, रीतेश अग्रवाल, अमित पांडेय आदि रहे।

हवन-पूजन कर उद्घाटन करते नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा। अमृत विचार

जनपद के गांव- गांव तक जायेगा भाजपा किसान मोर्चा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- ग्राम परिक्रमा यात्रा के दौरान सरकार की योजनाओं के बारे में बतायेंगे

अमृत विचार। भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता एवं भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष गिरीश तिवारी ने भाजपा जिला कार्यालय तुर्कीपुर में शुक्रवार को संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि भाजपा किसान मोर्चा द्वारा संचालित ग्राम परिक्रमा यात्रा का उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा 12 फरवरी को मुजफ्फरनगर से हरी झंडी दिखाकर करेंगे। जिले में भी 12 फरवरी को ग्राम परिक्रमा यात्रा का उद्घाटन गो माता, ट्रैक्टर, हल के पूजन के बाद प्रारंभ होगा। 5 मार्च तक चलने वाली इस ग्राम परिक्रमा यात्रा में भाजपा सरकार के विकास कार्यों की जानकारी को जिले के सभी से गांवों में पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

ग्राम परिक्रमा यात्रा के माध्यम से किसानों की आकांक्षाओं व सुझावों को नरेंद्र मोदी के संकल्प पत्र हेतु लेने का कार्य भी किसान मोर्चा करेगा और 5 मार्च तक चलने वाली इस यात्रा के दौरान मिले सभी सुझावों को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को किसान मोर्चा देगा। यह यात्रा प्रत्येक जिले में प्रतिदिन पांच गावों में आयोजित की जाएगी। किसान सम्मान निधि, पीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत जैसी अनेक योजनाएं इस बात की साक्षी हैं कि मोदी सरकार अंत्योदय के सिद्धांत को समर्पित है। वार्ता के दौरान भूरे चौबे, अवधेश शुक्ला, आशाराम राजपूत, कौशल रहे।

जरूरतमंदों को वितरित किये कंबल

संवाददाता, बिधूना, औरैया

अमृत विचार। श्रमिक भारती संस्था के द्वारा शुक्रवार को गरीब बेसहारा, विधवा, दिव्यांगजनों को कंबल वितरित किये गये। इस अवसर पर सर्दी में कंबल पाकर सर्दी में ठिठुरते लोगों के चेहरों पर खुशी झलक उठी।

विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत दीक्षित पुरवा में डीडीएम नाबार्ड औरैया के द्वारा कंबल वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि गरीब बेसहारा असहाय दिव्यांगजनों की सेवा से बढ़कर कोई दूसरा कोई पुण्य कार्य नहीं है। उन्होंने समाज के सम्पन्न लोगों से गरीबों की मदद के लिए हाथ आगे आने का अनुरोध किया। इससे पूर्व सामाजिक संस्था के लोगों ने डीडीएम नाबार्ड का माल्यार्पण कर स्वागत किया। सीबीबीओ के के निगम ने बताया कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए 10 हजार एफपीओएस की परियोजना केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही है जिसके अन्तर्गत औरैया जनपद में तीन विकासखंडो बिधूना, सहार, भाग्य नगर में श्रमिक भारती के द्वारा एफपीओ का गठन किया गया है जिसकी फंडिंग नाबार्ड द्वारा की जा रही है। इसी के अंतर्गत शुक्रवार को श्रमिक भारती द्वारा गिव इंडिया के सहयोग से कंबल वितरण का कार्यक्रम रखा गया। इसके बाद डीडीएम ने पोषण वाटिकाओं का भ्रमण किया एवं रमणीय फार्मिंग प्रोड्यूसर कम्पनी लि बिधूना औरैया के कार्यालय पर कम्पनी के दस्तावेजों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में अधिशाषी निदेशक राजवीर सिंह, वित्त निदेशक गुड्डी देवी, निदेशक जितेंद्र गुप्ता, मुख्य कार्यकारी अधिकारी राहुल गुप्ता, लेखाकार प्रत्युष कुमार, अमित गुप्ता, मितलेश कुमारी, कुलदीप कठेरिया आदि मौजूद रहे।

जरुरतमंदों को कंबल वितरित करते संस्था के पदाधिकारी। अमृत विचार

2047 तक सपा की वापसी की कोई संभावना नहीं

विधान परिषद में नेता सदन एवं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा विपक्षी दल के पास मुद्दों का अभाव

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ जातिवार जनगणना को लेकर सपा विधायकों ने किया वॉकआउट

अमृत विचार: विधान परिषद में नेता सदन एवं उप.मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा विपक्षी दल सपा के लोगों के पास मुद्दों का अभाव है। जातिवार जनगणना की विरोधी ना तो भाजपा है और ना ही मै केशव मौर्या । जनगणना केन्द्र का विषय है। जब ये सरकार में थे तब इन्होंने कभी ध्यान नहीं दिया। इसलिए अब 2047 तक इनकी वापसी की कोई संभावना नहीं है। सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने सरकार को आरक्षण विरोधी बताते हुए सदन से वाक आउट किया।

शुक्रवार को शून्य प्रहर में कार्य स्थगन के रूप में कार्य स्थगन के रूप में उठाए गए जातिवार जनगणना के सवाल पर उप मुख्यमंत्री जवाब दे रहे थे। सदन में सपा और सत्तापक्ष के बीच खूब तीर चले और नोक-झोंक भी हुयी। स्वामी प्रसाद मौर्या ने कहा आरक्षण के मामले में भाजपा की कथनी-करनी में अन्तर है। जवाब से असंतुष्ट सपा के सदस्य सरकार पर आरक्षण विरोधी और पिछड़ों का अपमान कराने का आरोप लगाते व नारेबाजी करते हुये सदन से वाक आउट कर गये।

भोजनावकाश के बाद डॉ.सरोजनी अग्रवाल के सभापतित्व में सदन की कार्यवाही शुरू हुई, विधान सभा द्वारा पारित उप्र निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2024 को विधान परिषद के प्रमुख सचिव ने सदन के पटल पर रखा। इसके बाद सत्ता पक्ष के विधायकों ने बजट की खूबियां गिनाते हुये समर्थन किया, वहीं सपा के डॉ.मान सिंह सरकार को बीएसयनएल, एलआईसी, एयरपोर्ट आदि को बेचने वाली सरकार बताते हुए कहा कि मैं इस बजट का विरोध करता हूं। इसके अलावा कार्यसूची की मदो को निपटाया गया। याचिकाओं को याचिका समिति को संदर्भित किया गया। शाम पांच बजे शनिवार 11 बजे तक के लिए सदन स्थगित कर दिया गया है।

निःशुल्क शिक्षा में अनियमितता की होगी जांच :निर्दलीय समूह के राजबहादुर सिंह चंदेल एवं डॉ. आकाश अग्रवाल ने निःशुल्क शिक्षा व्यवस्था अधिनियम की अनियमितता व फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर हो रहे दुरूपयोग का मामला कार्य स्थगन के रूप में उठाया। अभिभावकों के आय प्रमाण पत्र और बच्चों के आधार कार्ड की जांच की जाये। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि बीएसए आगरा को प्रकरण की जांच के आदेश दिये गये हैं। तीन खण्ड शिक्षा अधिकारी जांच करेंगे। अधिष्ठाता डॉ. जयपाल सिंह 'व्यस्त' ने कहा जांच कमेटी में तीन खण्ड शिक्षा अधिकारी की जगह कोई एसडीएम अथवा तहसीलदार स्तर के अधिकारी से जांच कराये तो बेहतर होगा।

अनावश्यक जांच न करायी जाए: शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने प्रदेश के राज्य अनुदानित मदरसों के कार्यरत शिक्षको एवं कर्मचारियों के साथ हो रहे शोषण का मामला उठाया। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने मदरसों की बेहतरी, नौजवानों को क्वालिटी एजुकेशन देने के लिए ईमानदारी से काम किया जा रहा है। हमारी सरकार इनके लिए काम कर रही है। अधिष्ठाता डॉ. जयपाल सिंह 'व्यस्त' ने निर्देश दिया कि जांच अनावश्यक न हो।

रिकार्ड गायब कर मृतक आश्रित में दूसरे को नौकरी

बसपा के भीमराव अम्बेडकर ने बरेली की कमलादेवी के पति जमुना प्रसाद की मृत्यु के बाद मृतक आश्रित में नियुक्ति न देने और मृतक जमुना के संबन्धित रिकार्ड कार्यालय से गायब कर, उसी नाम के कर्मचारी के आश्रितों को नौकरी देने का मामला उठाया। नेता सदन ने कहा कि मामला संवेदनशील है। डीएम पीलीभीत का तत्काल सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। आख्या आते ही हर संभव प्रयास किया जाएगा तथा सदन को भी अवगत कराया जायेगा।

विधान परिषद में कार्यवाही के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य सदस्य।

यूपी बोर्ड में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू होगा: योगी

अमृत विचार,लखनऊ : विधान परिषद में मुख्यमंत्री योगी ने कहा हमारी सरकार शिक्षा में किसी के साथ भेद-भाव नहीं कर रही है। पिछले सात साल में प्रदेश् में शिक्षा के स्तर को सुधारने का किये जा रहें प्रयास सर्वविदित हैं। बेसिक शिक्षा परिषद में 1.32 लाख विद्यालयों में कायाकल्प अभियान के अंतर्गत इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुधारा गया है। योगी ने बताया कि सरकारी स्कूलों के प्रति बच्चों का रूझान तेजी से बढ़ रहा है,40 लाख से अधिक नए बच्चों ने प्रवेश लिया है। साथ ही बताया कि यूपी बोर्ड में चरण बद्ध तरीके से एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम लागू किया जाएगा।

सदन में शुक्रवार को प्रश्न प्रहर में निर्दलीय विधायक डॉ. आकाश अग्रवाल के सवाल पर बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह जवाब दे रहे थे। इसी बीच सदन में मौजूद मुख्यमंत्री योगी ने कमान संभालते हुए कहा कि अप्रैल और जुलाई में स्कूल चलो अभियान चलाया जाता है। बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में बच्चों की वृद्धि ये दिखाती है कि आरटीई का उद्देश्य पूरा हो रहा है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा सरकार हर छात्र के अभिभावक के बैंक खाते में बैग, किताब, जूता-मोजा, स्वेटर के लिए अब 1200 रुपए दिये जाते हैं। जबकि पिछली सरकार में एक हजार का प्रावधान था, वो भी मिलता नही था।

विधायकों को गिफ्ट मिलते थे : विप में शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने उपहार की मांग करते हुए मुख्यमंत्री योगी से कहा कि बजट प्रस्तुत करने के बाद विधायकों को गिफ्ट मिलते थे, हम लोगों इंतजार कर रहें हैं, मुख्यमंत्री द्वारा उपहार सभी सदस्यों को मिलना चाहिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मेरी तरफ से भोजन का आनंद लिजिए और भजन करिये।

गलत सूचना देने वाले अधिकारियों की होगी पहचान

शून्य प्रहर में शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) द्वारा सदन में असत्य एवं त्रुटिपूर्ण सूचना दिये जाने के संबंध में औचित्य का प्रश्न किया। जिसपर सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने इस प्रकरण की जांच किन अधिकारियों ने की है, उस रिपोर्ट को इस सत्र के अंतिम दिन या अगले सत्र के प्रथम सप्ताह तक इस सदन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

शुक्रवार को बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉक्टर केशव कुमार अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉक्टर अशोक अग्रवाल और बरेली कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान सभी ने मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के औद्योगिक विकास समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। अमृत विचार

सौर ऊर्जा से जगमगाएगा नया हाईकोर्ट परिसर

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ के नए हाईकोर्ट परिसर को सौर ऊर्जा से लैस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। परिसर में रूफटॉप सोलर इम्पैनल्ड पावर प्लांट की स्थापना, क्रियान्वयन व संचालन का मार्ग प्रशस्त करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शासन ने 6.31 करोड़ रुपये की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति के बाद धनराशि जारी कर दी है।

देश के सबसे खूबसूरत हाईकोर्ट परिसरों में शुमार लखनऊ हाईकोर्ट का नया परिसर गोमतीनगर के विभूति खंड में में है। इसे 1300 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। राज्य सरकार परिसर की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए भवन की छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना का निर्णय वर्ष 2022 में लिया गया था। फिलहाल, सरकार द्वारा बजट एलोकेशन और धनराशि को प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति जारी किए जाने के बाद परियोजना का कार्य तेजी से आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। जारी की गई धनराशि में 18 प्रतिशत जीएसटी राशि को भी सम्मिलित किया गया है।

सत्यापन के बाद ही होगा सामूहिक विवाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

विधानसभा कार्यवाही

▸▸ तीन अधिकारियों समेत ग्यारह दलालों को जेल भेजने की दी सूचना

▸▸ भ्रष्टाचार के आरोपियों को किबख्शा नहीं जायेगा, भुगतान रोका गया

अमृत विचार: राज्य विधानसभा में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बलिया में हुए फर्जीवाडे का मामले का उठा। सरकार की ओर से जवाब देते हुए इसी मुद्दे पर समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरूण ने कहा कि संबधित मामलें में तीन अधिकारियों की गिरफ्तारी हुई है। ग्यारह दलालों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपियों को किसी भी कीमत बख्शा नहीं जायेगा। इस प्रकरण में भुगतान रोका गया है। अब सत्यापन के बाद ही इस प्रक्रिया में लोगों को शामिल किया जाएगा। किसी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जायेगा।

इससे पहले समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य लाल जी वर्मा ने शून्य प्रहर में यह मामला उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में कुल 537 लोगों का विवाह कराया गया। जिसमें आधे से ज्यादा अपात्र थें। इस योजना में पूरी तरह से भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन मे जितने जोडे थे उनमें से अधिकांश महिलाएं स्वयं अपने गले में माला डालती हुई दिखी। सपा सदस्य ने कहा कि इस योजना में व्यापक भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने कहा कि जो लोग इस घोटालें शामिल थे उन्हे मुल्जिम बनाया जाए। सपा के ही सदस्य संग्राम सिंह यादव ने कहा कि इस योजना में ऐसे लोग भी शामिल थे जो पहले से शादीशुदा थे।

बलिया में हुए इस फर्जीवाडे पर वहां की स्थानीय विधायक केतकी सिंह ने कहा कि उनके क्षेत्र में तीसरी बार सामूहिक विवाह को आयोजन हुआ। उन्होंने कहा कि इस मामलें संबधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

हल्द्वानी में हुए बवाल को लेकर अलर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ डीजीपी ने अतिरिक्त सतर्कता बरतने के दिए निर्देश

अमृत विचार: हल्द्वानी (उत्तराखंड) में मचे बवाल के मद्देनजर उप्र में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। सभी जिलों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में कड़े सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। एक संप्रदाय विशेष के इलाकों में सुरक्षा एजेंसियों को खास नजर रखने को कहा गया है। वहीं जुमे की नमाज के चलते शुक्रवार को मस्जिदों चाक-चौबंद सुरक्षा इंतजाम रहा। नमाज से पहले पुलिस और पीएसी तैनात रही।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने उत्तराखंड से सटे सभी जिलों को हाई अलर्ट पर रहने के आदेश दिए हैं। साथ ही उधर से आने वाले वाहनों और लोगों की चेकिंग करने के भी निर्देश दिए गए हैं। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी निर्देश में धर्मगुरूओं के साथ समन्वय बनाने तथा सोशल मीडिया पर नजर रखने कहा गया है। किसी भी तरह का अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है। संवेदनशील इलाकों में तैनात पुलिसकर्मियों को बॉडीवार्न कैमरे और ड्रोन से निगरानी करने को कहा गया है।

ईएमबी सॉफ्टवेयर से शतप्रतिशत बिलिंग करने वाला पहला राज्य बना यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश ने अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। जल जीवन मिशन में ऑनलाइन बिलिंग सॉफ्टवेयर इलेक्ट्रॉनिक मेजरमेंट बिल (ईएमबी) को शतप्रतिशत लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। इलेक्ट्रॉनिक मेजरमेंट बिलिंग सिस्टम लागू होने से पहले जल जीवन मिशन के तहत काम करने वाली कंपनियों को पेमेंट होने में कम से कम 41 दिन का समय लगता था। जिसकी वजह से मिशन के तहत होने वाले काम की रफ्तार भी धीमी पड़ने लगी थी परन्तु अब ईएमबी के तहत पेमेंट होने से कंपनियों को महज 14 दिन में बिलिंग हो जाती है। कम समय में बिलिंग होने की वजह से जल जीवन मिशन के तहत होने वाले काम की रफ्तार भी तेज हुई है।

यूपी में निवेश को लालायित फार्च्यून कंपनियों ने आसान किया लक्ष्य

औद्योगिक घरानों में मोदी और योगी की उपस्थिति में भूमि पूजन का बढ़ा क्रेज

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

▸▸ पहले चरण में पहाड़ सा दिख रहा 10 हजार करोड़ निवेश का लक्ष्य हुआ आसान

अमृत विचार: ग्राउंड ब्रेक्रिंग सेरेमनी प्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य बदलने जा रही है। यहां निवेश को लेकर देश-विदेश की फार्च्यून-500 कंपनियों में प्रतिस्पर्धा से प्रथम चरण में ही लक्ष्य बौना साबित होने जा रहा है। देश-विदेश के औद्योगिक घरानों से लेकर जिला स्तर के उद्यमी में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में भूमि पूजन का क्रेज दिख रहा है।

प्रदेश के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह से लेकर मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों समेत उद्योग केंद्रों के अफसरों के पास 19 फरवरी को भूमिपूजन के लिए तेजी से प्रस्ताव बढ़ रहे हैं। प्रदेश को उद्योग प्रदेश बनाने का यह आयोजन ज्योतिषियों के मुताबिक इस दिन शुभ मुहूर्त सुबह 7 बजकर 5 मिनट से 10 बजकर 33 मिनट तक है। हर कोई इसी दौरान अपनी-अपनी इकाई के लिए ईंट रखना चाहता है। अयोध्या का ही उदाहरण लें तो, मंडलायुक्त गौरव दयाल ने 18 हजार करोड़ के 102 निवेश प्रस्ताव को अंतिम माना, जबकि दो दिन भी नहीं बीते कि उपायुक्त अमरेश पांडेय के अनुसार 21 हजार करोड़ के 232 प्रस्ताव हो गए। ऐसे उदाहरण कई जिलों में सामने आ रहे हैं। बरेली, हरदोई, अमेठी, गोंडा, फतेहपुर, और चंदौली के बाद कुछ और जिलों से भी लक्ष्य से अधिक निवेश की रिपोर्ट भेजी गई है।

शासन के सूत्रों के मुताबिक पहले चरण में 10 लाख करोड़ रुपये की 14 हजार से ज्यादा परियोजनाओं को धरातल पर उतारने का लक्ष्य साधना फार्च्यून-500 कंपनियों के आकर्षण से आसान हो गया है। हैदराबाद का ग्रीनको ग्रुप सोनभद्र के ओबरा तहसील अंतर्गत ग्राम सभा गुरार, गटवा, पिंडारी, रानीदेहो, मुहुना और राबर्ट्सगंज तहसील के ग्राम बैजनाथ में 3660 मेगावाट की इकाई लगाएगी। जबकि अमहमदाबाद का टोरंट पॉवर लि. सोनभद्र के शोभा गांव में 2400 मेगावाट और शाशनाई में 2000 और 1750 मेगावाट की इकाई को लेकर प्रदेश के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह से छह माह पहले ली गई सैद्धांतिक अनुमति को जमीन पर उतारने जा रही है। यही हाल मुंबई की जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी के 1200 मेगावाट प्रोजेक्ट, हरियाणा के एसीएमई क्लीनटेक सल्युशंस की चंदौली में 600 मेगावाट और मिर्जापुर में 900 मेगावाट और नोएडा की अवाड़ा वाटर बैटरी प्रालि. की सोनभद्र में 1220 मेगावाट की इकाईयों का है।

सूत्रों के मुताबिक सरकार की ओर से नोएडा, झांसी, गोरखपुर, लखनऊ आदि इलाकों में तैयार औद्योगिक गलियारों समेत इंडस्ट्रियल क्षेत्रों में निवेश के लिए उपलब्ध लैंड बैंक में वॉलमार्ट, सऊदी अरामको, स्टेट ग्रिड, अमेज़ॅन, ऐप्पल, अल्फाबेट, टोयोटा मोटर, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स, माननीय हाई प्रिसिजन इंडस्ट्री, माइक्रोसॉफ्ट, नेस्ले आदि बड़ी कंपिनयां के साथ अडाणी ग्रुप, रिलायंस ग्रुप, टाटा ग्रुप, महिंद्रा ग्रुप, बिड़ला ग्रुप आदि की ओर से प्रस्तावित कई परियोजनाओं की इकाईयों पर भूमिपूजन होगा।

जिलों में तेजी से बढ़ रहा इकाई लगाने का क्रेज

30517 करोड़- लखनऊ
30270 करोड़- बरेली
19000 करोड़-कानपुर
21000 करोड़- अयोध्या
4400 करोड़- हरदोई
6400 करोड़ अमेठी
1806 करोड़ - गोंडा
1600 करोड़- फतेहपुर
23000 करोड़- चंदौली

धरातल पर उतरने को तैयार निवेश प्रस्ताव

- 30000 करोड़ से हीरानंदानी ग्रुप बनाएगा यीडा के अंतर्गत डेटा सेंटर पार्क
- 18625 करोड़ की एनटीपीसी की अनपरा ई 8 सौ मेगावाट की दो इकाई
- 17985 करोड़ रुपये के निवेश से एनटीपीसी की ओबरा डी की दो इकाई
- 11000 करोड़ से नोएडा में सिफी की ओर से डाटा सेंटर की परियोजना
- 11000 करोड़ से नोएडा में वीएएलएस डेवलपर्स की डेटा सेंटर की परियोजना
- 6500 करोड़ से ललितपुर में टस्को की सौर्य उर्जा परियोजना
- 6000 करोड़ रुपये के निवेश से सोनभद्र में सौर्य उर्जा परियोजना
- 4000 करोड़ रुपये की से मुरादाबाद में कागज निर्माण ईकाई
- 4000 करोड़ से नोएडा में एयर कार्गो व लाजिस्टिक की परियोजना

वर्ग पहेली-338

बाएं से दाएं

1.(साहित्य) एक शब्दालंकार जिसमें ऐसे शब्दों का प्रयोग किया जाता है जो कई भाषाओं में समान अर्थ देते हों।

4.1.वह राज्य या शासन जिसमें अव्यवस्था और भ्रष्टाचार हो, ऐसा राज्य-प्रबंध जिसमें जनता के कल्याण या सुख-सुविधाओं का कोई प्रावधान या व्यवस्था न हो 2.कुश नामक घास का आसन, कुश की बनी हुई चटाई।

7.1.भौरों के गुंजार से युक्त 2.किसी प्रकार की गूंज से युक्त 3.(स्थान आदि) जो गूंज से भर गया हो।

8.1.झाड़ने पर निकलने वाली धूल अथवा रद्दी चीज़ें या उनके टुकड़े, गर्द, कूड़ा, (डस्ट) 2.वह कपड़ा जिससे चीज़ें झाड़ी या साफ़ की जाती हैं, मार्जक, (डस्टर)।

ऊपर से नीचे

2.1.वसंत ऋतु 2.चैतमास।

3.1.तौलने की क्रिया या भाव 2.तौलने की मज़दूरी।

5.1.जिन पर शासन किया गया हो 2.जो शासन के अधीन हो 3.नियंत्रित 4.दंडित।

6.1.जानने-समझने की क्षमता, समझ, दिमाग 2.बुद्धि, प्रतिभा, कौशल 3.समझने-बूझने की योग्यता, धारणाशक्ति 4.स्मरणशक्ति, याददास्त।



वर्ग पहेली - 337 का हल

1 लु	2 टि	या		3 मो	था
	का		4 हँ		
5 गाँ	व	वा	सी		6 टो
ड़			खे		का
र		7 बे	ल	बू	टा
		डो			की
	8 बि	ल	टी		

सुडोकू -55

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

					4			5
2	9			6		3		
	3				7			
		5					7	
1		2				4		3
	6					8	9	
		9		4				
8		1					3	4
7			2					

सुडोकू - 54 का हल

5	1	4	9	7	2	6	8	3
3	7	2	4	8	6	1	5	9
9	8	6	5	3	1	2	7	4
1	9	5	3	2	8	4	6	7
7	2	3	1	6	4	8	9	5
6	4	8	7	9	5	3	2	1
2	5	9	8	1	3	7	4	6
4	6	1	2	5	7	9	3	8
8	3	7	6	4	9	5	1	2

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 फरवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 11 फरवरी 00.47 तक तत्पश्चात द्वितीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 20.34 तक तत्पश्चात शतभिषा।

मेष — आज आप अपने प्रभाव के दम पर उलझे मामलों को सुलझा लेंगे। अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव लाने का प्रयास कर सकते हैं। संतान के करियर को लेकर चिंता दूर होगी। मित्रों के साथ आप गम्भीर विषयों पर चर्चा कर सकते हैं।

वृष — आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। व्यापार में कुछ बदलाव लाने की दिशा में काम कर सकते हैं। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। अपनी कुशल रणनीति से विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। पुराने नुकसान की भरपायी हो जायेगी।

मिथुन — आज निजी रिश्तों में समझदारी दिखाने की आवश्यकता है। परिवार के किसी सदस्य पर क्रोध आ सकता है। बुरी संगत से आपको बचना चाहिये। जॉब में आपको धन की कमी का सामना करना पड़ेगा। वैवाहिक जीवन की समस्याओं का निराकरण होगा।

कर्क — आज घर का वातावरण नकारात्मक हो सकता है। अपने बजट का ध्यान रखते हुए ही काम करें। भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। उतावलेपन के कारण काम प्रभावित हो सकते हैं। धन उधार देने से आपको बचना चाहिए। आज दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें।

सिंह — आज आपके व्यक्तित्व में निखार आयेगा। शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। आपकी आय में वृद्धि होने की संभावना बन रही है। कारोबार में विस्तार कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ मूवी देखने जाने का प्लान करेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा।

कन्या — आज ऑफिस में लापरवाही के कारण काम रुक सकते हैं। स्वयं को व्यस्त रखना सबसे ज्यादा जरूरी है। धन संबंधी मामलों को लेकर थोड़े परेशान होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको कठिन काम सौंपा जा सकता है। अधीनस्थ कर्मचारी आपकी काफी प्रशंसा करेंगे।

तुला — आज बेरोजगार लोगों को नौकरी की चिन्ता रहेगी। अति आत्मविश्वास के कारण काम बिगड़ सकते हैं। काम की अधिकता के कारण प्रेमी जन से झगड़ा हो सकता है। ऑफिस में घरेलू मामलों को लेकर तनाव हो सकता है।

वृश्चिक — आज व्यापार में उधारी करने से बचें। मन में नए रचनात्मक विचारों का प्रभाव रहेगा। अपने खर्च का हिसाब रखें। जीवनसाथी के साथ झगड़ा हो सकता है। उत्तम वाहन सुख की प्राप्ति होगी। माता का आशीर्वाद लेकर काम शुरू करें।

धनु — आज आपको व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा करनी पड़ सकती है। आज आप कई सारे कार्यों को एकसाथ करने का प्रयास करेंगे। जॉब में आपको बड़ा काम सौंपा जा सकता है। विद्यार्थी गम्भीर विषयों का अध्ययन करने में रुचि लेंगे। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा।

मकर — आज कार्यक्षेत्र में थोड़ी परेशानियां हो सकती है। पैतृक संपदा प्राप्त हो सकती है। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। जीवनसाथी के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। परिवार के सदस्यों के बीच व्यवहार खराब हो सकता है।

कुंभ — आज मनोरञ्जन के साधनों का आनन्द लेंगे। रिश्तेदारों के बीच आप काफी लोकप्रिय रहेंगे। विदेश यात्रा में आ रही बाधा दूर होगी। आप लोगों की मदद करने को आतुर रहेंगे। सामाजिक कार्यों में आप रुचि लेंगे।

मीन — आज घरेलू कार्यों में आप उलझे रहेंगे। अपनी उपलब्धियों पर अहङ्कार न करें। भावनाओं के कारण नुकसान हो सकता है। संपत्ति के मामलों को लेकर सावधानी जरूरी है। मन में अज्ञात भय रहेगा। वाद-विवाद और बहसबाजी से आपको बचना चाहिए।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- लाल बादशाह — सुबह : 09.00
- नो प्रॉब्लम — शाम : 06.00

SONY SMAX
- दिल तो बच्चा है जी — सुबह : 09.56
- हर दिल जो प्यार करेगा — शाम : 06.04

Utsav Gold
- बड़े घर की बेटी — सुबह : 09.15
- चांदनी — शाम : 06.15

ZEE CINEMA
- अंदाज — दोपहर : 12.25
- किसका भाई किसकी जान — रात : 09.25

colors CINEPLEX
- एयरलिफ्ट — सुबह : 10.54
- फोर्स 2 — शाम : 04.32

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर शाम-06.04 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति- मुझे समझदार औरत से शादी करनी चाहिए थी

पत्नी- समझदार औरत तुमसे कभी शादी नहीं कर सकती।

पति- मुझे बस यही साबित करना था।

पति की बात सुनकर पत्नी रह गई दंग।

बॉस ने जोक सुनाया तो पूरी टीम हंसने लगी, बस एक लड़का नहीं हंसा...

बॉस ने पूछा- क्या तुम्हें मेरा जोक समझ नहीं आया?

लड़का- सर, मेरा सलेक्शन दूसरी कंपनी में हो गया है...

लड़के की बात सुनकर बॉस दंग रह गए।

पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर सौंपी गई जिम्मेदारी

डीएम व एसपी ने बैठक कर अधीनस्थों को दिये दिया-निर्देश, कहा- इमानदारी से हो ड्यूटी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में आगामी 17 व 18 फरवरी को आयोजित होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने की तैयारियों के लिए बैठक की। सभी संबंधित को निर्देश दिए कि अपनी अपनी ड्यूटी का पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करें। जिससे परीक्षा के समय किसी प्रकार की कोई हड़बड़ी व अव्यवस्था उत्पन्न न होने पाए।

डीएम नेहा प्रकाश ने कहा कि इस बड़ी परीक्षा को संपन्न कराने में हम सभी को पूरी सतर्कता और एकाग्रता के साथ कार्य करना होगा। तभी इसको सुचितापूर्ण संपन्न कराने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि जो भी परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उनकी अभी से जांच करते हुए सीसीटीवी का संचालन एवं डीबीआर की सुनिश्चितता, आवागमन की व्यवस्था तथा पेयजल, बैठने के लिए पर्याप्त कुर्सी व मेज सहित निर्धारित सुरक्षा व्यवस्था का अभी से आकलन कर लिया जाए। उन्होंने समस्त सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों आदि को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा।

बैठक के दौरान दिशा-निर्देश देतीं डीएम नेहा प्रकाश व एसपी चारू निगम। अमृत विचार

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेंद्र पाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दिगंबर कुशवाहा, समस्त सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक आदि मौजूद रहे।

पौधरोपण व पर्यावरण से संबंधित होर्डिंग मुख्य स्थानों पर लगाएं : डीएम

औरैया। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में जिला पौधरोपण समिति एवं पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित हुई। इसमें सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी पौधरोपण की तैयारियों के संबंध में स्थान चिहांकन सहित पौध उपलब्धता के संबंध में माइक्रो प्लान तैयार कर समय से वन विभाग के प्रभागीय वनाधिकारी को उपलब्ध करायें और गड्ढा खुदाई आदि का भी विवरण अंकित करें जिससे लक्ष्य निश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि पूर्व में किए गए पौधरोपण के तहत जो पौधे किसी कारणवश नष्ट हो गये है ऐसे स्थानों पर पुन: पौधरोपण किया जाए। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि पर्यावरण के संबंध में विकास खंडवार विद्यालयों में पोस्टर, लेखन आदि की प्रतियोगिताएं कराई जाए और प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करने के लिए आयोजन भी किया। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देश दिए कि पौधरोपण एवं पर्यावरण से संबंधित होर्डिंग मुख्य-मुख्य स्थान पर स्थापित करायें जिससे आमजन में जागरुकता आए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी प्रदीप कुमार, प्रभागीय वन अधिकारी इम्तियाज अहमद सिद्दीकी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अभिषेक यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी बब्बन प्रसाद मौर्य सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

कल 6655 परीक्षार्थी देंगे समीक्षा अधिकारी की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- इलेक्ट्रॉनिक उपकरण तथा सादा कागज रहेंगे प्रतिबंधित

अमृत विचार। कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में 11 फरवरी को आयोजित होने वाली समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा को कुशलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट सहित केंद्र व्यवस्थापक, सह केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया।

डीएम नेहा प्रकाश ने कहा कि लोक सेवा आयोग द्वारा संपन्न होने वाली परीक्षा के लिए जनपद को पहली बार चुना गया है। इसलिए यह और भी महत्वपूर्ण है कि परीक्षा आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप पूर्ण सुचिता और पारदर्शिता के साथ संपन्न हो। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित पुनः 10 फरवरी को केंद्र पर पहुंचकर व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक कर लें और यह सुनिश्चित कर लें कि आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप दी गई जिम्मेदारी व व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कोई कमी न रहने पाए। उन्होंने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने केंद्रों पर पहुंचने के लिए संबंधित पुलिस बल से संपर्क कर लें और उन्हीं के साथ रूट प्लान के अनुरूप भ्रमण करें और परीक्षा प्रारंभ से निर्धारित समय तक लगातार भ्रमणशील रहते हुए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि केंद्र प्रभारी अपने-अपने केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा का संचालन सुनिश्चित कराये साथ ही परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं यथा पार्किंग, पेयजल, क्लर्करूम, साफ सफाई, विद्युत व्यवस्था तथा शौचालय की व्यवस्था पुरुष व महिलाओं के अनुरूप की जाए। उन्होंने बताया कि दो पाली में परीक्षा संपन्न करायी जाएगी। जनपद में कुल 6655 परीक्षार्थी 15 केंद्रों पर परीक्षा देंगे। बैठक में संजीव कुमार समन्वयी पर्यवेक्षक उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण यथा- कैलकुलेटर, स्लाइड रूम, मोबाइल फोन, कैलकुलेटर युक्त इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, आदि तथा सादा कागज, कॉपी, किताबें, नोट्स, पत्रिकाएं आदि सामग्री प्रतिबंधित रहेगा।

सार-संक्षेप

कागजों पर सड़कें हुई गड्ढामुक्त

सड़क पर हुए गड्ढे। अमृत विचार

अजीतमल, औरैया। तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांवों के संपर्क मार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे हैं, जिससे लोगों का पैदल चलना तक दूर हो गया है। सरकार भले ही समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का दावा कर रही हो, लेकिन सच्चाई यहां की सड़कें बया कर रही हैं। अजीतमल ब्लाक के आदमपुर से चिटकापुर, विलवा होकर बिरहनी सम्पर्क मार्ग तक, हाइवे से विलावा गांव तक, सेंगनपुट्ठा से हैदरपुर गांव तक सड़क बेहद खराब पड़ी है। ग्रामीणों में अनिल अवस्थी, गोविंद तोमर आदि ने सड़क दुरुस्त कराने की मांग की हैं।

रोजगार मेले में 156 युवाओं का हुआ चयन

बकेवर, इटावा। चकरनगर ब्लॉक के आईटीआई कॉलेज में रोजगार मेला का आयोजन किया गया, जिसमें 156 युवाओं का चयन किया गया। रोजगार पाने के लिये युवा सुबह से ही पहुंच गए थे। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना कौशल विकास मिशन के अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं सेवायोजन के तत्वावधान में टकरूपुर में बने आईटीआई कालेज में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। ब्लॉक प्रमुख पति राकेश कुमार ने इस मेले का उदघाटन किया। इस मेले में 06 प्रतिष्ठित कम्पनियां साटा विकास प्रालि, लोहिया कोरप, पुखराज हेल्थ केयर, राइट्स इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल्स, क्वैस कोरप प्रालि आदि कम्पनियों ने विभिन्न प्रकार रिक्तियों के सापेक्ष युवाओं का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया है। मेले के प्रभारी राजपाल सिंह ने बताया कि इस मेले में लगभग 243 युवाओं ने पंजीकरण कराया था। जिसमें से 156 युवाओं को विभिन्न कंपनी में सेवायोजित कराया गया। इस अवसर पर जिला कौशल प्रबंधक अनीश कुमार पाठक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अंकुल शुक्ला, कॉलेज का प्रभार देख रहे ओमप्रकाश सहित विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनी के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

आधार कार्ड के नाम पर हो रही है अवैध वसूली

बकेवर, इटावा। बकेवर उप डाकघर के सामने एक छोटी दुकान पर प्रति नये आधार कार्ड बनाने के नाम पर अवैध वसूली हो रही है। यहां तक कि आधार कार्ड संशोधन पर 50 रुपये फीस है। उस पर भी अधिक वसूली की जा रही है। पोस्ट ऑफिस के बाहर एक छोटी सी दुकान में आधार कार्ड की फीस जमा होती है। पोस्ट ऑफिस के जिम्मेदार अधिकारी और ऑपरेटर के बीच इस वसूली का बंटवारा होता है। डाकघर के बगल में फोटो स्टूडियो की दुकान के नाम पर डाकघर में तैनात कर्मचारी का नजदीकी व्यक्ति आधार कार्ड बनवाने के नाम पर अवैध धन उगाही करता है। कस्बावासियों ने इस मामले में जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

समितियों में खाद न आने से परेशान हो रहे किसान

अजीतमल, औरैया। विकासखंड की ग्राम पंचायत बिरूहनी में प्रदेश सरकार ने डिफाल्टर समितियों को संचालन के लिए लगभग छह माह पूर्व नए सिरे से सदस्य बनाये गए थे। जिसमें कहा गया था कि शीघ्र ही समितियों पर खाद बीज मुहैया कराये जायेंगे। लेकिन 6 माह बीतने के बात भी आज तक न खाद न बीज मिलने से किसानों में नाराजगी देखी जा रही है। बिरुहनी निवासी किसान श्याम जी शुक्ला ने बताया कि गांव की भी समिति डिफाल्टर हैं। वह भी जुलाई, अगस्त के माह में समिति के नए सदस्य बने थे। ताकि खाद बीज मिल सके, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वह मुरादगंज व भीखेपुर से प्राइवेट दुकानों से खाद अधिक मूल्य पर लेने को मजबूर है।

महेवा, बसरेहर और चकरनगर को नगर पंचायत का दर्जा मिले

विधानसभा में बोलते राघवेंद्र गौतम।

महेवा, इटावा। भरथना विधानसभा क्षेत्र के सपा विधायक राघवेंद्र गौतम ने शुक्रवार को विधनासभा में बजट सत्र के दौरान क्षेत्र की समस्याओं को रखते हुए महेवा, चकरनगर व बसरेहर को नगरपंचायत तथा इकदिल को ब्लॉक बनाने की मांग रखी। विधायक श्री गौतम ने पचनद पर बांध बनाने, बिजली केंद्र स्थापित करने, बीहड़ क्षेत्र में सरकारी डिग्री कॉलेज बनाने की मांग की। एम डी एम बनाने वाली रसोइयों की मानदेय वृद्धि, मनरेगा मजदूरी व वेतन बढ़ाने व समय से देने सहित महेवा, चकरनगर व बसरेहर ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत बनाने की पुन: जोरदारी से मांग रखी। इकदिल को ब्लॉक बनाने सहित युवाओं को रोजगार प्रदान करने, बाल श्रम रोकने का भी पक्ष रखा। जनहित की मांग रखने पर प्रधान महेवा कुमुद सिंह, विधायक प्रतिनिधि जीतू ठाकुर, सहकारी संघ महेवा के अध्यक्ष राजीव चौधरी, राजेश दुबे, विवेक कुमार, के के सिंह आदि ने हर्ष जताया है।

गैंगस्टर के मामले में तीन को तीन-तीन साल की सजा

इटावा। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्पेशल गैंगस्टर कोर्ट ने गैंगस्टर के बीस साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए तीन लोगों को दोषी पाते हुए उन्हें तीन तीन साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उन पर पांच पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कृष्ण सहाय शुक्ला ने बताया कि बीस नवम्बर 2003 को हत्या के प्रयास के मामले में बकेवर थाना पुलिस ने मिंटू पुत्र बाबू राम निवासी निवाडी कलां वीरेंद्र पुत्र तिलक सिंह व राम नरेश उर्फ पप्पू निवासी नगला बरी के खिलाफ गैगेस्टर की कार्रवाई की थी। छानवीन के बाद पुलिस ने तीनों के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए। मामले की सुनवाई स्पेश गैगेस्टर कोर्ट में हुई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने मिंटू वीरेंद्र व राम नरेश को दोषी पाया और उन्हें तीन तीन साल की सजा व पांच पांच हजार रूपया के अर्थदंड से दंडित किया।

एससी-एसटी एक्ट में तीन साल की सजा व जुर्माना

उन्नाव। दलित के साथ मारपीट करने व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने के तीन आरोपियों को कोर्ट ने तीन-तीन साल की सजा सुनाई है। साथ ही सभी पर 25-25 सौ रुपये का जुर्माना भी लगाया है। असोहा थानाक्षेत्र भरवियां गांव निवासी दलित राकेश कुमार ने गांव निवासी बबलू पुत्र सुधर सिंह, सतगुरु व राहुल पर आठ जनवरी-2004 को मारपीट करने, तोड़फ़ोड़ करने व गालियां देने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आईओ तत्कालीन सीओ पुरवा रामविलास ने जांच के बाद तीनों के विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। शुक्रवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष ने कोर्ट में कई साक्ष्य व बयान पेश कर कड़ी सजा की मांग की। सहायक शासकीय अधिवक्ता मनोज कुमार पांडेय की दलीलों को सुनने के बाद एससी-एसटी एक्ट के न्यायाधीश मो. असलम सिद्दकी ने बबलू सिंह, सतगुरु सिंह व राहुल को घटना का दोषी पाते हुए तीन-तीन साल की सजा सुनाई है।

एक नजर

साहब सिंह बनाये गये ब्लाक अध्यक्ष

इकदिल, इटावा। सेवाश्रम प्रमुख चौधरी अमित त्रिपाठी ने ग्राम इंधौआ साहब सिंह शंखवार को सेवाश्रम बढ़पुरा ब्लाक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। श्री खाटू श्यामजी मंदिर परिसर इकदिल में सेवाश्रम कार्यकर्ताओं के मध्य यह घोषणा होने पर सेवाश्रम कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर रामदास बाथम, वकील सिंह पाल, दिनेश अग्निहोत्री, अरुण दीक्षित, शिवराज यादव, मनोज दुबे, मुकेश तिवारी, जय प्रकाश उपाध्याय, राजनारायण दुबे, अशोक तिवारी ने नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष का मालाओं से स्वागत कर शुभकामनाएं दीं।

आयकर आगणन 25 फरवरी तक जमा करें

इटावा। मुख्य कोषाधिकारी प्रदीप कुमार ने कोषागार से पेंशन प्राप्त कर रहे ऐसे पेंशनरों को सूचित किया है जो कि नियमानुसार आयकर की परिधि में आ रहें है। वह अपना आयकर आगणन का विवरण धारा-80 सी इत्यादि के अन्तर्गत ली गयी छूट से सम्बन्धित प्रमाण-पत्रों एवं जमा की गयी आयकर की धनराशि की रसीद, पेन कार्ड की छायाप्रतियों के साथ कोषागार में 25 फरवरी तक अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित कर दें।

क्रिकेट प्रशंसकों को भारत के विजेता बनने की उम्मीद

महेवा, इटावा। अंडर -19 क्रिकेट वर्ल्ड कप मं भारत के फाइनल में पहुंचने पर क्रिकेट प्रेमियों ने खुशी जताते हुए आगामी 11 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया से जीत की उम्मीद व्यक्त की है। सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। 11 फरवरी को भारत का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से होगा। क्रिकेट प्रेमी आयुष दुबे, पवन तिवारी, जीतू शर्मा, गोपी, कृष्णा चौबे आदि ने भारत की सेमी फाइनल में जीत पर हर्ष व्यक्त किया वहीं 11 फरवरी को फाइनल जीतने का भी दावा किया। हर्ष व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से वरुण कुमार, शुभ दुबे, आयुष आदि रहे।

विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र से सामान हुआ चोरी

संवाददाता बकेवर, इटावा

- पुलिस ने मौके पर पहुंचकर की जांच-पड़ताल

अमृत विचार। विद्यालय तथा आंगनबाड़ी केंद्र के ताले तोड़कर चोर खानपान सहित अन्य कीमती सामान चुरा ले गए। लवेदी थाना क्षेत्र के इंगुर्री गांव में पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमेश कुमार ने बताया कि गुरुवार की रात चोरों ने स्कूल के कक्षों और विज्ञान प्रयोगशाला और रसोई घर का ताले तोड़कर चोरी की।

शुक्रवार सुबह प्रधानाध्यापक सहित अन्य स्टाफ स्कूल पंहुचे तो स्कूल के कक्षों सहित विज्ञान प्रयोगशाला और रसोई घर का ताला टूटा पड़ा था। चोर प्रधानाध्यापक कक्ष में रखी अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखें 10 हजार पांच सौ रुपये नकद के साथ एक लैपटॉप, की बोर्ड और चार्जर सहित चार सीलिंग फैन, एक टेबिल फैन, प्रोजेक्टर, खेल सामान, साउंड सिस्टम, लैब केमिकल, दो सिलेंडर प्राथमिक उपचार पेटिका के अलावा मिड-डे मील के खाना बनाने में प्रयुक्त बर्तन तथा अन्य सामान चोरी करके ले जाने में सफल रहे। आंगनबाड़ी केंद्र की इंचार्ज गीता देवी केन्द्र पर पंहुची तो केन्द्र के ताले टूटे हुए थे उसमें रखा एक गैस सिलेंडर गैस चूल्हा, दो दर्जन गिलास और इतनी ही कटोरी थाली के अलावा दलिया रिफाइंड और बच्चों के खिलौने चोर चोरी कर के ले गये। प्रधानाध्यापक और आंगनबाड़ी केंद्र की इंचार्ज की सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना करके छानबीन शुरू की।

सफारी पार्क में भ्रमण पर आये सलाहकार डॉ. सीएन भुवा। अमृत विचार

गुजरात के डॉ. सीएन भुवा ने लॉयन सफारी में देखी वन्यजीवों की सेहत

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। इटावा सफारी पार्क के सलाहकार डॉ. सीएन भुवा ने शुक्रवार को सफारी पार्क का भ्रमण किया तथा वन्य जीवों को देखा। उन्होंने इनकी देखरेख के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। गुजरात सरकार में वरिष्ठ पशु चिकित्सक के रूप में तैनात रहे डॉ. भुवा ने अपनी सेवायें गिर नेशनल पार्क तथा शक्कर बाग प्राणी उद्यान में 25 वर्ष तक दी है।

डॉ. भुवा वर्ष 2015 से इटावा सफारी पार्क के सलाहकार है तथा सफारी पार्क में अपनी सेवाएं देने आते रहते है। शुक्रवार को इटावा सफारी पार्क पहुंचे। उन्होंने इटावा सफारी पार्क में आकर यहां रखे गये वन्यजीवों को देखा तथा आवश्यक सुझाव दिए गए। इस मौके पर सफारी पार्क के निदेशक डा. अनिल कुमार पटेल, उप निदेशक डा. विनय कुमार सिंह, बायोलॉजिस्ट बीएन सिंह, पशु चिकित्सक डा. रॉबिन सिंह यादव, डा. शैलेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

पंजतनी में हुआ मजलिस का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- मजलिस में मौलाना ने की तकरीर
- मजलिस में मुस्लिम समाज के सभ्रांत लोग रहे मौजूद

अमृत विचार। शहीदे आज़म इमाम हुसैन के मदीने से रुखसती और मरहूम मसी रज़ा की तिमाही के सिलसिले में समी रज़ा की ओर से मस्जिद पंजतनी इटावा में जुमे की नमाज के बाद मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस में तकरीर करते हुए मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा ने कहा इमाम हुसैन ने अल्लाह और रसूल अल्लाह के दीन और इंसानियत को बचाने के लिए अपना घर मदीना छोड़ा और 28 रजब को मदीने से सफर शुरू किया।

दुश्मने इस्लाम चाहते थे कि इमाम हुसैन उससे समझौता कर लें लेकिन इमाम हुसैन ने उसकी बात को ठुकरा दिया जिससे इमाम हुसैन को मदीना छोड़ना पड़ा। इमाम हुसैन फरमाते हैं कि मेरा वतन छोड़ने का मकसद दीन, इंसानियत को बचाना और रसूल की उम्मत की इस्लाह और नेकी फैलाई जाए और बुराइयों को रोका जाए। दुश्मने इस्लाम ने दरबार मे बुलाकर समझौते का प्रस्ताव रखा लेकिन इमाम हुसैन ने प्रस्ताव को ठुकरा दिया। इमाम हुसैन पूरा घर के साथ मदीने से रवाना हुए। इमाम हुसैन ने मदीना छोड़कर इंसनियत और दीने इस्लाम को बचाया। मजलिस में हाजी कमर अब्बास नक़वी, हाजी अरशद मरगूब, राहत अक़ील, शावेज़ नक़वी, तनवीर हसन, राहत हुसैन रिज़वी, मो. अब्बास, मो. मियां, हसन अब्बास, सलीम रज़ा, तस्लीम रज़ा, अयाज हुसैन, अख्तर अब्बास, अली साबिर, इबाद रिज़वी, जहूर नक़वी, जीशान हैदर, आले रज़ा नक़वी, मो. अहमद, मो. जावेद, नफीसुल जैदी, शब्बर अक़ील, शारिब, मो. जुनैद, रियाज़ अब्बास रिज़वी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों का करायें सत्यापन

संवाददाता, महेवा-इटावा

अमृत विचार। खंड विकास अधिकारी महेवा सूरज सिंह ने ग्राम सचिवों सहित सभी रोजगार सेवकों व तकनीकी सहायकों की बैठक कर पीएम विश्वकर्मा योजना में शत प्रतिशत सत्यापन कराने, विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये।

उन्होंने ग्राम सभावार क्रमानुसार समीक्षा करते हुए अधूरे कार्यों को शीघ्र ही पूरा कराने, मनरेगा कार्यों में प्रगति लाने, पीएम आवासों को शीघ्र ही पूरा कराने, दिव्यांग आवासों को पूरा कराने सहित शासन की महत्वपूर्ण योजना पीएम विश्वकर्मा योजना के पात्र लाभार्थियों का शत प्रतिशत सत्यापन कराने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक विकास अधिकारी पंचायत श्याम वरन राजपूत ने सभी सचिवों को गांवों में साफ सफाई, पेयजल व्यवस्था दुरुस्त कराने, आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बूथों को दुरुस्त करने का कार्य सहित परिषदीय स्कूलों में कायाकल्प कराने के निर्देश दिए। बैठक में अशोक परिहार, यशवीर, अनुज गुप्ता, सौरभ, सुधीर यादव, विजय रतन, शिववीर सिंह, अनुष्का दुबे, सूबी दुबे, रंजन पोरवाल, अशोक पाण्डेय, रोजगार सेवक सतीश नागर रहे।

मुशायरा | हजरत बाबा दीन अली शाह का उर्स, नातिया मुशायरे में शायरों ने खूब लूटी वाहवाही

कोई भी रोक न पायेगा उसको जन्नत से...

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। हजरत बाबा दीन अली शाह/मस्तान शाह रह.के 40 वें तीन दिवसीय उर्स के मौके पर दरगाह पर नातिया मुशायरे में शायरों ने खूबसूरत कलाम पेश कर महफ़िल में वाहवाही लूटी।

उर्स के आयोजक मोहम्मद शाहिद वारसी व संयोजक वाई के शफी चिश्ती ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष फुरकान अहमद, मंसूरी समाज औरैया के जिलाध्यक्ष/ज़िला सचिव सपा नूरुद्दीन मंसूरी, अध्यक्षता कर रहे हाजी अब्दुल हन्नान चांद मंसूरी, संचालन कर्ता रौनक इटावी के अलावा कार्यक्रम में आये उलमाए इकराम, मेहमान शायरों आदि का गुलपोशी कर व शाल उड़ाकर सम्मान किया। हाफिज कैफ ने नात पाक पेश कर नातिया मुशायरे की शुरुआत की। आफाक हैदर शिकोहाबादी ने कुछ इस तरह पढ़ा नबी के इश्क में जिसने जान देदी है, उसी को हश्र में रब ने अमान देदी है। कोई भी रोक न पायेगा उसको जन्नत से, रसूले पाक ने जिसको ज़बान देदी है। हाशिम नईमी ने कहा बुलंदी पर नसीबा हो गया, करम प्यारे नबी का हो गया। आरिफ सिद्दीक नूर ने कहा नबी के नाम का दिल में चिराग जलता है, मेरी बला से अगर आफताब जलता है आदि कलाम पेश किये। मौलाना अब्दुल वाजिद अशरफी ने लोगों को संबोधित किया। हाफिज़ मोहम्मद अहमद अकबरी ने नात शरीफ पेश की इसके अलावा उस्ताद शायर साबिर अहमद साबिर, सूफी अब्दुल सत्तार कमर, शकील अहमद शिकोहाबाद, सैय्यद तारिक़ मियाँ फर्रुखाबाद, फिदा हुसैन, हाफिज़ उमर बरकाती, कारी परवेज़, नदीम अहमद खां, अहमद बरकाती, सोहेल अहमद, अमीर हुसैन आमिर, यासीन अंसारी, शकील अहमद सागर, हादी हसन हादी आदि ने अपने-अपने अंदाज में कलाम पेश किये। कार्यक्रम में हाजी मुईनुद्दीन मंसूरी, हाजी अज़ीम वारसी, इन्तज़ार हसन कादरी, अरमान वारसी, शोएब वारसी, मोहम्मद दिलशाद चिश्ती, गुफरान, नजमुद्दीन आदि रहे।

हजरत बाबा दीन अली शाह के उर्स में भाग लेते फुरकान अहमद, हन्नान मंसूरी आदि।

दबंगों ने कब्जाई ग्राम समाज की भूमि

नवाबगंज उन्नाव। विकासखंड की कोटवा ग्राम पंचायत में कुछ दबंगों ने सुरक्षित जमीनों पर कब्जा कर रखा है। प्रधान ने तहसीलदार को प्रार्थनापत्र देकर दबंगों से जमीन खाली कराने की मांग की है।

बता दें कि सरकार ग्राम पंचायतों की सुरक्षित भूमि से अवैध कब्जा हटाने का निर्देश जारी कर चुकी है। लेकिन, विकासखंड नवाबगंज की कोटवा ग्राम पंचायत में कुछ दबंगों ने गांव की सुरक्षित जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। ग्राम प्रधान रंजना रावत ने शुक्रवार को तहसीलदार हसनगंज को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि गांव के दबंगों ने होलिका दहन स्थल, चारागाह व खलिहान की जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है। प्रधान ने जमीन को खाली करने के लिए कहा लेकिन जमीन खाली नही हुई।

आवासीय पट्टे बेचने वाले माफिया के इरादों पर तहसीलदार ने फेरा पानी

संवाददाता पाटन उन्नाव

- भगवंतनगर कस्बे के बाजपेई खेड़ा में अवैध रूप से बनाये जा रहे थे पांच प्लाट

अमृत विचार। किसानों को अपने जाल में फंसाकर लाखों कमाने का ख्वाब देख रहे भूमाफियाओं पर बीघापुर तहसील प्रशासन का एक बार फिर चाबुक चला। बीती शाम भगवंतनगर कस्बे के बाजपेई खेड़ा में अवैध रूप से बनाये गए पांच प्लाटों की नींव व निर्माण के लिए एकत्रित सामग्री को प्रशासन ने बुलडोजर से जमींदोज करवा दिया।

मामला तहसील क्षेत्र की नगर पंचायत भगवंतनगर के गांव बाजपेई खेड़ा का है। यहां वर्ष-2012 में करीब चार दर्जन लोगों को आवासीय पट्टे दिए गए थे। इनमें से अधिकांश ने 12 साल बाद भी न मकान का निर्माण कराया और न ही पट्टे की जमीनों पर कब्जा लिया। तहसीलदार अरसला नाज ने बताया कि इन्हीं पट्टाधारकों में से पांच को बहला फुसलाकर नियम विरुद्ध एक अवैध प्लाटिंग कारोबारी ने औने पौने दामों में जमीन खरीद ली थी। बेशकीमती भूमि पर कब्जे के प्रयास पूर्व में भी किया जा चुके थे। 20 दिन पूर्व इस भूमाफिया ने पांच प्लाटों की नींव खुदवाकर लाखों में बिक्री शुरू की थी। इसकी सूचना पर गुरुवार शाम तहसीलदार, नायब तहसीलदार स्नेहा यादव, कानूनगो अजय सिंह क्षेत्रीय लेखपाल समेत टीम के साथ मौके पर पहुंची। जहां कुछ प्लाटों की नींव भरी जा चुकी थी और निर्माण सामग्री भी एकत्रित की गई थी। तहसीलदार ने अपने सामने बुलडोजर चलवाकर पूरी प्लाटिंग की नींव व निर्माण सामग्री को जमींदोज करवा दिया। तहसील प्रशासन लगातार क्षेत्र में अवैध कब्जों व अवैध निर्माण के प्रति सख्त रवैया अपनाए है। तहसीलदार ने बताया कि अवैध प्लाटिंग का कारोबार सर्वाधिक भगवंतनगर नगर पंचायत में संचालित है। प्रशासन की कार्रवाई के बाद शुक्रवार को संबंधित प्रॉपर्टी कारोबारी दिन भर तहसील मुख्यालय पर गोटें बिछाने में लगे दिखे। तहसीलदार ने बताया कि ध्वस्तीकरण के बाद पट्टों के संबंध में पूरी जानकारी एकत्रित की जा रही है।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	71,595 .49	21,782 .50
बढ़त	167 .06	64 .55
प्रतिशत में	0 .23	0 .30

कारोबार/कृषि

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, शनिवार, 10 फरवरी 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूंदड़ा	2525-2550
आरआर 21	2700-2750
गेहूंफ़ारम	2800-2850
जौ	2000 -2100
ज्वार	2600 -4000
बाजरा	2125-2175
मकाई	2000 -2200

दलहन (प्रति क्वि.)

लोकल	मिल डिलीवरी
चना	5400 -5500
अरहर	8000 -8300
मसूर	5500 -5600
मटर	4400 -4500
उड़दहरा	10000 -10200
उड़दकाला	6000 -8000
मूंग	8500 -8800

दाल (प्रति क्वि.)

अरहरफूल	15000-15200
अरहरस्पेशल1	12400-12600
चनादाल	6900-7000
मटरदाल	5300-5400
मसूरमलका	6950-7000
मसूरदाल	7050-7100
उड़ददाल	8800- 12500
उड़द धोवा	10200- 12800
मूँगदाल	9500 -10500
मूँग धोवा	9500-11500

चावल (प्रति क्वि.)

अरवा	2000 - 2300
बासमती नं.1	9100 - 11000
सेला	2500 - 3000
बासमती नं.2	7000 - 8000

आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)

आटा	1490-1550
मैदा	1475-1520
सूजी	1500-1550

चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)

शाहपसंद	1430-1475

तिलहन (प्रति क्वि.)

लाही	5050-5100
अलसी	4500 -4600 रुपये।

पेटीएम के शेयर में 15% से अधिक गिरावट

2 दिन में आरबीआई की सख्ती के बाद शेयर में 42 प्रतिशत से अधिक की आई कमी

नई दिल्ली, एजेंसी

पेटीएम ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के शेयर में लगातार दो दिन में 15 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। बीएसई पर कंपनी का शेयर 6.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 419.85 पर बंद हुए। दिन में शेयर 8.67 प्रतिशत की गिरावट के साथ 408.30 रुपये पर पहुंच गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर कंपनी का शेयर 6.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 419.15 रुपय पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान ये 8.20 प्रतिशत गिरकर 410 रुपये आ गया था। कंपनी के शेयर में लगातार दो सत्र से 15.48 प्रतिशत गिरावट आई जिससे बीएसई पर इसका बाजार मूल्यांकन 4,870.96 करोड़ रुपये कम हो गया।

वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के शेयर में बृहस्पतिवार को 10 प्रतिशत की गिरावट आई थी। इससे पहले तीन सत्र की भारी गिरावट के बाद गत मंगलवार को शेयर में तेजी आई थी। आरबीआई की सख्ती के बाद तीन सत्रों (एक से पांच फरवरी के बीच) में इसके शेयर में 42 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। इससे उसके बाजार मूल्यांकन में 20,471.25 करोड़ रुपये की बड़ी गिरावट देखी गई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम की इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उत्पाद, वॉलेट एवं फास्टैग में 29 फरवरी 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का 31 जनवरी को निर्देश दिया था। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पीपीबीएल में 49 प्रतिशत (प्रत्यक्ष और इसकी अनुषंगी कंपनी के माध्यम से) हिस्सेदारी है। कंपनी के संस्थापक विजय शेखर शर्मा की बैंक में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

पेटीएम ई-कॉमर्स का नाम बदलकर पाई प्लेटफॉर्म्स

पेटीएम ई-कॉमर्स ने अपना नाम बदलकर पाई प्लेटफॉर्म्स कर लिया है। साथ ही ऑनलाइन खुदरा कारोबार में हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए बिट्सिला का अधिग्रहण किया है। बिट्सिला ओएनडीसी पर एक विक्रेता मंच है। मामले से वाकिफ सूत्रों ने बताया कि कंपनी ने करीब तीन महीने पहले नाम बदलने के लिए आवेदन किया था। 8 फरवरी को उसे कंपनी रजिस्ट्रार से मंजूरी मिल गई। कंपनी रजिस्ट्रार की आठ फरवरी की अधिसूचना के अनुसार-इस प्रमाणपत्र की तारीख से कंपनी का नाम पेटीएम ई-कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड से बदलकर पाई प्लेटफॉर्म्स प्राइवेट लिमिटेड कर दिया गया है... एलिवेशन कैपिटल पेटीएम ई-कॉमर्स में सबसे बड़ा शेयरधारक है। इसे पेटीएम के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा, सॉफ्टबैंक और ईबे का भी समर्थन प्राप्त है। सूत्रों ने बताया कि कंपनी ने अब इनोबिट्स सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (बिट्सिला) का अधिग्रहण कर लिया है। इसे 2020 में पेश किया गया था। यह 'फुल-स्टैक ओमनीचैनल' और 'हाइपरलोकल कॉमर्स' क्षमता के साथ ओएनडीसी विक्रेता मंच के रूप में काम करता है।

अमरूद की खेती ने हिमाचल के गांव की तस्वीर बदली

हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश)। हिमाचल प्रदेश उपोष्णकटिबंधीय बागवानी, सिंचाई एवं मूल्यवर्धन (एचपीशिवा) परियोजना के तहत कभी बंजर रहे हमीरपुर जिले के बगेहरा गांव में बड़ा बदलाव आया है। यहां हजारों अमरूद के पौधे लगाए गए हैं और कई किसानों की बंजर भूमि अब विकसित बागों में तब्दील हो गई है। बागवानी विभाग के उप निदेशक राजेश्वर परमार ने बताया कि एचपी शिवा परियोजना के तहत हमीरपुर जिले में 834 हेक्टेयर भूमि पर फल के पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि समय के साथ जिले के अन्य क्षेत्रों के किसान भी बागवानी गतिविधियों को बड़े पैमाने पर अपनाएंगे। परमार ने कहा कि ग्रामीणों को शिव परियोजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पूरा खर्च बागवानी विभाग द्वारा वहन किया जा रहा है।

एम्ब्रेयर ने सी-390 विमान बनाने के लिए महिंद्रा के साथ की साझेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **भारत में विमान बनाएगी ब्राजील की कंपनी**

ब्राजील की वैमानिकी कंपनी एम्ब्रेयर और महिंद्रा समूह ने भारतीय वायुसेना के लिए मध्यम श्रेणी का परिवहन विमान बनाने के लिए साझेदारी करने की शुक्रवार को घोषणा की। वायुसेना के लिए मध्यम परिवहन विमान (एमटीए) की खरीद परियोजना के लिए दोनों कंपनियों के बीच साझेदारी संबंधी समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर यहां ब्राजीलियाई दूतावास में हस्ताक्षर किए गए।

भारतीय वायुसेना अपने पुराने परिवहन विमानों एएन32 के बेड़े को बदलने के लिए 40 से लेकर 80 तक मध्यम श्रेणी के परिवहन विमानों की खरीद करने की तैयारी में है। इसके विकल्प के लिए एम्ब्रेयर डिफेंस एंड सिक्योरिटी का सी-390 मिलेनियम, एयरबस डिफेंस एंड स्पेस का ए-400एम विमान और लॉकहीड मार्टिन का सी-130जे विमान प्रबल दावेदार के रूप में उभरे हैं। एम्ब्रेयर और महिंद्रा ने एक संयुक्त बयान में एमओयू की जानकारी देते हुए कहा कि सी-390 मिलेनियम को लेकर सहयोग से भारत में वैमानिकी एवं सैन्य परिवहन विमान से संबंधित नवीनतम तकनीक लाने में मदद मिलेगी। एम्ब्रेयर डिफेंस के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बॉस्को डा कोस्टा जूनियर ने कहा-भारत में एक विविध और मजबूत रक्षा एवं वैमानिकी उद्योग है और हमने महिंद्रा को अपने भागीदार के रूप में चुना है। महिंद्रा के वैमानिकी एवं रक्षा क्षेत्र के अध्यक्ष विनोद सहाय ने कहा कि उन्हें एम्ब्रेयर के साथ साझेदारी शुरू करने पर गर्व है।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	72,800
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,400
गिन्नी (प्रति नग)	48,000-48,200

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,250
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,100
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	72,800
चांदी तैयार	72,900
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	64,050
सोना जेवरात गिन्नी	63,050
चांदी पक्की	718(अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	64,250
चांदी आभूषण	72,700।

कार्बन डाईऑक्साइड के लिए विकसित देश जिम्मेदार: सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **केंद्रीय बिजली मंत्री बोले भारत ने 45% उत्सर्जन कम करने का रखा लक्ष्य**

केंद्रीय बिजली मंत्री आरके सिंह ने शुक्रवार को कहा कि विकासशील देशों को वृद्धि के लिए अधिक कार्बन गुंजाइश की जरूरत है। उन्होंने साथ ही कहा कि वातावरण में फैल चुके कार्बन डाईऑक्साइड में 77 प्रतिशत हिस्से के लिए सीधे विकसित देश जिम्मेदार हैं।

भारत ने 2030 तक अपनी कार्बन उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य तय किया है। सिंह ने यहां विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन 2024 में कहा-अब, हमारे ग्रह पर वर्तमान स्थिति क्या है? कुछ देश विकसित हैं और आईएमएफ के आंकड़ों के अनुसार उनकी औसत प्रति व्यक्ति आय लगभग 58,700 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है। केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने कहा कि ऐसे विकासशील देश हैं, जहां प्रति व्यक्ति औसत आय 6,770 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है।

छत्तीसगढ़ सरकार का 1.47 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश

रायपुर। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 1,47,446 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि यह गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी या 'ज्ञान' (जीवाईएएन) की समृद्धि पर केंद्रित है। साथ ही इससे बुनियादी ढांचे के विकास को गति मिलेगी। विष्णु देव साई ने दिसंबर में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। साई नीत भाजपा सरकार के पहले बजट में किसी नए कर की घोषणा नहीं की गई। चौधरी ने राज्य को विकासशील से विकसित राज्य बनाने की भी घोषणा की।

लाल सागर मार्ग में व्यवधान से माल ढुलाई लागत 30 प्रतिशत तक बढ़ने की आशंका

मुंबई, एजेंसी

▸▸ **क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इंडरा ने अपनी रिपोर्ट में जताई उम्मीद**

लाल सागर मार्ग में जारी व्यवधान से अंतरराष्ट्रीय व्यापार में शामिल कंपनियों की माल ढुलाई और अन्य संबंधित लागत (एफएंडएफ) 25 से 30 प्रतिशत तक बढ़ने की आशंका है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इंडरा ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट में यह बात कही।

एजेंसी ने कहा कि इस व्यवधान के चलते कार्यशील पूंजी चक्र 15-20 दिनों तक बढ़ने का अनुमान है। इसका असर कृषि और कपड़ा जैसे क्षेत्रों पर अधिक हो सकता है। कार्यशील पूंजी चक्र का मतलब आपूर्तिकर्ताओं को किए गए भुगतान और बिक्री से मिलने वाले राजस्व के बीच की अवधि से है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि नकदी प्रवाह पर दबाव हालांकि बड़ी कंपनियों के लिए मध्यम है, लेकिन फिर भी उधारी में और वृद्धि होगी। खासतौर से लोहा और इस्पात, ऑटो और ऑटो कलपुर्जा, रसायन तथा कपड़ा जैसे क्षेत्रों में ऐसा खासतौर से देखने को मिल सकता है। इंडरा के निदेशक सौम्यजीत नियोगी ने कहा कि कम मूल्यवर्धन वाली संस्थाओं के लिए यह चुनौतीपूर्ण वक्त है, क्योंकि उनका मार्जिन भी कम है। हालांकि, बड़ी कंपनियों के पास ऐसी वृद्धिशील लागत को समायोजित करने के लिए पर्याप्त गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि मध्यम आकार की कंपनियों के लिए लागत और आपूर्ति, दोनों रूप में दोहरी चुनौती है।

राष्ट्रीय

मोदी ने संसद की कैंटीन में विभिन्न दलों के नेताओं के साथ किया लंच

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नए संसद भवन की कैंटीन में सांसदों के साथ दोपहर को भोजन किया। खास यह रहा कि दलगत राजनीति को पीछे छोड़ विभिन्न दलों के सांसद इसमें शामिल हुए। बीजू जनता दल के सस्मित पात्रा, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के एन के प्रेमचंद्रन, तेदपा के राम मोहन नायडू, बसपा के रितेश पांडे और केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन तथा हीना गावित सहित कुछ भाजपा नेताओं ने मोदी के साथ भोजन किया।

मोदी गुजरात के 1,31,454 आवासों का आज करेंगे लोकार्पण

गांधीनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 फरवरी को वर्चुअल माध्यम से 1,31,454 आवासों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। सरकारी सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि डीसा शहर में शनिवार को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहेंगे। श्री मोदी इस अवसर पर आवास योजनाओं के लाभार्थियों के साथ वर्चुअल तरीके संवाद भी करेंगे। इस कार्यक्रम में लोकसभा सांसद सी.आर. पाटिल भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। अतिथि विशेष के तौर पर लोकसभा सांसद परबतभाई पटेल और भरतसिंह डाभी तथा राज्यसभा सांसद बाबूभाई देसाई भी उपस्थित रहेंगे। आवास प्रदान करने के इस कार्यक्रम से गुजरात के 115 ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र और 67 शहरी निर्वाचन क्षेत्र जुड़ेंगे, यानी सभी 182 विधानसभा क्षेत्र इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

सीतारमण का लोकसभा में अर्थव्यवस्था पर श्वेतपत्र प्रस्तुत करते समय कांग्रेस पर कटाक्ष

मेरी हिंदी भी एंटरटेनिंग है, थोड़ा सुनिए

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को लोकसभा में अर्थव्यवस्था पर श्वेतपत्र को चर्चा के लिए प्रस्तुत करते समय कांग्रेस को आड़े हाथ लिया और हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों पर कटाक्ष करते हुए कहा-मेरी हिंदी भी एंटरटेनिंग है, थोड़ा सुन लीजिए।''

सीतारमण ने जब श्वेतपत्र का ब्योरा प्रस्तुत करते हुए पूर्ववर्ती संप्रग सरकार की नीतियों की आलोचना की तो बीच-बीच में कांग्रेस के सदस्य हंगामा कर रहे थे। वित्त मंत्री ने कहा-अगर उनमें (कांग्रेस सदस्यों में) साहस है और यदि इन्होंने अच्छा काम किया है तो सुनना चाहिए और जवाब देना चाहिए। सुनने की क्षमता नहीं है। फिर भी मैं छोड़ूंगी नहीं, मैं अपनी बात करुंगी। उन्होंने कहा-वैश्विक आथिक संकट को तो नहीं संभाल सके, आज ज्ञान दे रहे है कि किस तरह संभालना है। उस समय क्या करना चाहिए था, कुछ नहीं किया। घोटाले के ऊपर घोटाले आते रहे। देश को ऐसी गंभीर अवस्था में छोड़कर चले गए भगवान जाने, अगर इनकी (कांग्रेस की) सरकार बनी रहती तो देश का क्या हाल होता। इस दौरान सदन में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी उपस्थित थीं।

श्वेत पत्र नहीं, सफेद झूठ पत्र है: जयराम रमेश

कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि अर्थव्यवस्था पर मोदी सरकार का श्वेत पत्र एक सफेद झूठ पत्र है और इसके बजाय केंद्र सरकार को रोजगार, नोटबंदी, सीमा पर तनाव और मणिपुर जैसे मुद्दों पर ऐसा दस्तावेज लेकर आना चाहिए। सरकार के श्वेत पत्र के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा-यह श्वेत पत्र नहीं, बल्कि सफेद झूठ पत्र है। हमारे कांग्रेस अध्यक्ष (मल्लिकार्जुन खरगे) ने कल 10 साल अन्य काल नाम से एक ब्लैक पेपर जारी किया। उनका कहना था कि कांग्रेस का 'ब्लैक पेपर' सरकार के 'श्वेत पत्र' पर सर्जिकल स्ट्राइक है। कांग्रेस महासचिव ने आरोप लगाया कि सरकार सफेद झूठ पत्र' लेकर आई है। रमेश ने कहा-श्वेत पत्र में नोटबंदी, बेरोजगारी, महंगाई और बढ़ती आर्थिक असमानता का कोई जिक्र नहीं है। जिन मुद्दों पर उन्हें श्वेत पत्र लाना चाहिए, उनमें चीन के साथ सीमा पर तनाव शामिल हैं।

सदन में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी समेत अन्य सदस्यों की टोका-टोकी के बीच सीतारमण ने कहा,-मैं हिंदी और अंग्रेजी दोनों में बोल रही हूं। मेरी हिंदी भी एंटरटेनिंग है। थोड़ा सुनिए। पूर्व अध्यक्ष बैठी हैं, उन्हें इम्प्रेस करना है कि मैडम हम बचाव कर रहे हैं। कहा कि कांग्रेस के सदस्य कई प्रश्न उठाते हैं तो हम तसल्ली से सुनते हैं, लेकिन जब सरकार जवाब देती है तो विपक्षी सदस्य वाकआउट करते हैं या शोर-शराबा करते हैं।

एक नजर

अमृतसर में हथियार तस्करी गिरोह के 7 सदस्य गिरफ्तार

अमृतसर। पंजाब के अमृतसर में पुलिस ने ऑस्ट्रेलिया स्थित रितिक रैली और जेल कैदी कुणाल महाजन के निर्देशों पर संचालित एक अंतरराज्यीय हथियार तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ कर भारी मात्रा में हाथियार बरामद किए हैं। अमृतसर के पुलिस आयुक्त (सीपी) गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अमृतसर के गुरु की वडाली के रहने वाले जशनदीप सिंह और करणदीप सिंह, तरनतारन के गांव बेहला के शरणजीत सिंह, तरनतारन के चोहला साहिब का दीपक, अमृतसर का संदीप सिंह और तरनतारन के नरिंदर सिंह के रूप में हुई है।

1.25 करोड़ रुपये मूल्य की अवैध शराब जब्त

जयपुर। राजस्थान पुलिस ने बाड़मेर जिले में 1.25 करोड़ रुपये मूल्य की अवैध शराब जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। बाड़मेर के जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद ने बताया कि खुफिया सूचना पर फलोदी की तरफ से आ रहा एक ट्रेलर से पंजाब निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई है।

मोदी, आडवाणी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए पत्रकार वागले के खिलाफ मामला दर्ज

पुणे। भाजपा के कद्दावर नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा के बाद उनके और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में वरिष्ठ पत्रकार निखिल वागले के खिलाफ पुणे में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वागले के खिलाफ भाजपा के एक स्थानीय नेता द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा-निखिल वागले पर विश्रामबाग थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153 ए, 500 (मानहानि) और 505 (सार्वजनिक शरारत के लिए उकसाने वाले बयान) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

क्या तारीख में बदलाव किए बिना 'प्रस्तावना' में संशोधन संभव?

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **संविधान से सममाजवादी पंथनिरपेक्ष शब्दों को हटाने की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सवाल किया कि क्या संविधान को अंगीकार किए जाने की तारीख 26 नवंबर 1949 को अक्षुण्ण रखते हुए इसकी प्रस्तावना में संशोधन किया जा सकता है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने राज्यसभा के पूर्व सदस्य सुब्रमण्यन स्वामी और वकील विष्णु शंकर जैन से यह सवाल किया, जिन्होंने संविधान की प्रस्तावना से 'समाजवादी' और 'पंथनिरपेक्ष' शब्दों को हटाने की अपील की है।

न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा, 'अकादमिक उद्देश्य के लिए क्या प्रस्तावना, जिसमें तारीख का उल्लेख है, उसे अंगीकार करने के दिनांक में बदलाव किए बिना उसे (प्रस्तावना को) बदला जा सकता है। अन्यथा हां, प्रस्तावना में संशोधन किया जा सकता है। उसमें कोई समस्या नहीं है। स्वामी ने जवाब दिया-इस विषय में बिल्कुल यही सवाल है।

सुप्रीम आदेश की अनदेखी करने पर यूपी सरकार को फटकार

नई दिल्ली,एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार को उन छात्रों की काउंसलिंग नहीं करने के लिए शुक्रवार को फटकार लगाई, जिन्हें उनकी स्कूली शिक्षिका ने गृहकार्य पूरा नहीं करने पर एक मुस्लिम छात्र को थप्पड़ मारने का कथित तौर पर निर्देश दिया था।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने इस बात पर गौर किया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उसके निर्देशों का पूरी तरह से उल्लंघन किया गया है। पीठ ने राज्य को उन बच्चों की काउंसलिंग करने और दो सप्ताह में अनुपालन हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा-हमने टीआईएसएस (टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज) की नवीनतम रिपोर्ट का अध्ययन किया है, जिसमें उस घटना के गवाह सभी छात्रों की काउंसलिंग की बात कही गई है। राज्य द्वारा इस दिशा में कोई कुछ भी नहीं किया गया है, अब बहुत देर हो चुकी है। पीठ ने कहा-हम राज्य को निर्देशों को तुरंत लागू करने का निर्देश देते हैं और अनुपालन हलफनामा दो सप्ताह में दाखिल किया जाए। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि एक मार्च तय की।

उत्तर प्रदेश की अतिरिक्त महाधिवक्ता गरिमा प्रसाद ने कहा कि दो संगठनों ने छात्रों की काउंसलिंग के लिए स्वेच्छा से काम किया है और अधिक विस्तृत हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा है। अदालत ने पहले भी राज्य सरकार को उस मुस्लिम लड़के और उसके सहपाठियों की काउंसलिंग के लिए एक एजेंसी नियुक्त करने के अपने आदेश का पालन नहीं करने के लिए फटकार लगाई थी, जिन्हें उनकी शिक्षिका ने होमवर्क न करने पर उसे थप्पड़ मारने का कथित तौर पर निर्देश दिया था। मुजफ्फरनगर जिले के स्कूल की शिक्षिका पर भी पीड़ित लड़के पर सांप्रदायिक टिप्पणियां करने का भी आरोप लगाया गया है।

मुजफ्फरनगर स्कूल थप्पड़ मामला

▸▸ **अब 1 मार्च को कोर्ट में होगी अगली सुनवाई**

अब अयोध्या की तर्ज पर बनेगा चित्रकूट रेलवे स्टेशन

नई दिल्ली, ज्ञानेन्द्र सिंह

▸▸ **धार्मिक स्थलों के कई रेलवे स्टेशनों का होगा जीर्णोद्धार**

अमृत विचार: भगवान राम की जन्म-स्थली, अयोध्या धाम को रेलवे मानचित्र में चमकाने के बाद अब उनकी वन-स्थली, चित्रकूट धाम की बारी है। करीब 50 करोड़ की लागत से चित्रकूट धाम कर्वी रेलवे स्टेशन को फाइव स्टार बनाने की योजना है।

मंदाकिनी नदी के तट पर बसा चित्रकूट, मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के 38 वर्ग किलोमीटर संयुक्त क्षेत्र का एक प्राचीन तीर्थ स्थल है। जहां भगवान राम ने अपने वनवास के 11 वर्ष सीता और लक्ष्मण के साथ व्यतीत किए थे। रेलवे सूत्रों के मुताबिक चित्रकूट में देश-विदेश के पर्यटकों का काफी आना-जाना होता है। लेकिन रेलवे को पर्याप्त राजस्व नहीं मिलता है। ज्यादातर पर्यटक सड़क मार्ग से ही वहां पर आते हैं। लेकिन रेलवे ने चित्रकूट धाम को पर्यटकों की दृष्टि से विकसित करने के लिए जो योजना बनाई है उसके तहत न सिर्फ सड़क बल्कि वायु मार्ग से भी रेल मार्ग को लिंकप किया जाएगा। एक योजना कर्वी से चित्रकूट तक रेलवे लाइन बिछाने की भी है लेकिन अभी उस पर कोई ठोस कार्य शुरू नहीं हुआ है।

चित्रकूट रेलवे स्टेशन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को अंतिम रूप दिया जा रहा है, जिसके तहत कटरा जम्मू रेलवे स्टेशन की तर्ज पर चित्रकूट में यात्रियों के लिए अवसीय व कमर्शियल व्यवस्था की जाएगी और खानपान को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

अभी चित्रकूट रेलवे स्टेशन अयोध्या, काशी, प्रयागराज, दिल्ली, कोलकाता, अहमदाबाद, रायपुर, जबलपुर एवं लखनऊ से जुड़ा हुआ है। जब रेलवे स्टेशन का विस्तार एवं विकास हो जाएगा तब इसे महोबा एवं खजुराहो से भी लिंकप किया जाएगा और देश के सभी प्रमुख स्टेशनों से चित्रकूट के लिए रेल यातायात उपलब्ध कराया जाएगा। चित्रकूट के साथ ही बांदा महोबा एवं मानिकपुर रेलवे स्टेशन को भी नए सिरे से विकसित किया जाएगा।

रेलवे सूत्रों के मुताबिक चित्रकूट के साथ ही बनारस में काशी, वाराणसी सिटी, वाराणसी कैंट एवं व्यास नगर को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। इसी तरह कानपुर में प्राचीन हनुमान मंदिर, पनकी रेलवे स्टेशन एवं गंगा पार स्थित शुक्लागंज में भी बड़ा स्टेशन बनाया जाएगा। मथुरा जंक्शन के अलावा कृष्ण जन्मभूमि के निकट भूतेश्वर रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण किया जाएगा। वहां पर यात्रियों के ठहरने व खानपान की व्यवस्था की जाएगी। गाजियाबाद के निकट गंगा तट पर गढ़मुक्तेश्वर रेलवे स्टेशन को भी धार्मिक दृष्टि से विकसित करने की योजना बनाई गई है। उत्तराखंड में हरिद्वार, रामनगर व काठगोदाम रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाने का सर्वे पूरा हो चुका है। उक्त सभी धार्मिक रेलवे स्टेशनों का कार्य इसी वर्ष अप्रैल से शुरू होने की संभावना है।

13 करोड़ की हेरोइन व मेथामफेटामाइन की गोलियां जब्त

आइजोल। असम राइफल्स और मिजोरम पुलिस ने पिछले दो दिनों में संयुक्त अभियान के दौरान पूर्वी मिजोरम के चम्फाई जिले से 13.3 करोड़ रुपये की हेरोइन और मेथामफेटामाइन की गोलियां जब्त की हैं। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बुधवार को जोखावथर के एक निवासी के कब्जे से मुआलकावी में 4.23 करोड़ रुपये मूल्य की कुल 605 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई में मिजोरम-म्यांमा सीमा पर जोखावथर में नौ करोड़ रुपये की मेथामफेटामाइन की 30,300 गोलियां और 17.49 लाख रुपये की बेहिसाबी नकदी बरामद की गई।

भारत की महान विभूतियों ने देश के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में लगा दिया पूरा जीवन

भ्रष्टाचार विरोधी और सर्वमान्य नेता थे चौधरी चरण सिंह

नई दिल्ली। दिवंगत चौधरी चरण सिंह किसान और जाट समाज के सर्वमान्य नेता के रूप में अगुवा रहे। चौधरी चरण सिंह भारत के पांचवें प्रधानमंत्री रहें हैं। जाट समाज के तमाम सम्मेलनों में चौ. चरण सिंह को भारत रत्न देने की वर्षों से मांग चलती रही है। उनके निधन के बाद से ही राष्ट्रीय लोक दल की ओर से मांग की जा रही थी।



हालांकि, अब केंद्र सरकार ने उनकी मांग को पूरा किया है। किसान भाई- बहनों की समस्यों में हमेश साथ खड़े रहने वाले नेता थे चौधरी चरण सिंह जी। चौधरी चरण सिंह 1937 में छपरौली से उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए चुने गए और 1946, 1952, 1962 एवं 1967 में विधानसभा में अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। बाद में उन्होंने सुचेता कृपलानी के मंत्रालय में वे कृषि एवं वन मंत्री (1962-63) रहे। उन्होंने 1965 में कृषि विभाग छोड़ दिया एवं 1966 में स्थानीय स्वशासन विभाग का प्रभार संभाल लिया। भ्रष्टाचार के सख्त विरोधी कांग्रेस विभाजन के बाद फरवरी 1970 में दूसरी बार वे कांग्रेस पार्टी के समर्थन से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। आपातकाल में सरकार के साथ खड़े रहे।

चरण सिंह दो बार मुख्यमंत्री और एक बार देश के प्रधानमंत्री रहे। मुख्यमंत्री बने हुए उन्हें कुछ ही दिन हुए थे कि उन्हें एक निजी समारोह में भाग लेने जाना पड़ा। वहां से लौटकर आए तो ड्राइवर से कहा कि इसे अलग नोट कर लेना। ड्राइवर उन्हें गौर से देखने लगा तो बोले, 'सरकारी दौरे छोड़कर निजी कार्यक्रमों में जाने पर वाहन का पेट्रोल पर होने वाला खर्च मेरे निजी खाते से चुकता किया जाएगा।'लंबा राजनीतिक जीवन व्यतीत करने के बाद दिग्गज नेता के निधन के समय उनके खाते में मात्र 470 रुपये थे।

18 भाषाओं के जानकार थे पूर्व पीएम नरसिम्हा राव

नई दिल्ली। दिवंगत पूर्व कांग्रेसी नेता 18 भाषाओं के जानकार नरसिम्हा राव 1991 से 1996 तक देश के पीएम रहे। हालांकि, उनके पीएम बनने का फैसला भी अचानक हुआ था, जिसके चलते उन्हें एक्सिडेंटल पीएम भी कहा जाता है। नरसिम्हा राव के गांधी परिवार से भी अच्छे रिश्ते नहीं थे।

सन 1992 में बाबरी विध्वंश के दौरान नरसिम्हा राव के गांधी परिवार से सबसे ज्यादा रिश्ते खराब हुए थे। बाबरी कांड के बाद कांग्रेस के कई बड़े नेता राव से नाराज थे। उन्होंन मनमोहन सिंह के साथ देश में बड़ा आर्थिक सुधार किया था और वैश्विक बाजारों के लिए देश के दरवाजे खोले थे। राव के इन्हीं सुधारों का क्रेडिट लेने और राजीव गांधी के हत्यारों पर तेज कार्रवाई न करने के चलते गांधी परिवार के रिश्ते उनसे ज्यादा खराब हो गए थे। प्रधानमंत्री बनने से पहले राव ने भारत सरकार और कांग्रेस पार्टी में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। उन्होंने 1971 से 1973 तक आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर जमीनों की चकबंदी और शिक्षा में महत्वपूर्ण सुधार लागू किए। केंद्र सरकार में उन्होंने विदेश मामलों, रक्षा और गृह मामलों के मंत्री पद संभाले, जो शासन में उनकी बहुमुखी प्रतिभा और विशेषज्ञता को उजागर करता है। प्रधानमंत्री के रूप में राव का कार्यकाल उनके द्वारा शुरू किए गए आर्थिक सुधारों के लिए सबसे ज्यादा याद किया जाता है। 1991 में भारत को काफी गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा। उस वक्त देश के सामने उच्च महंगाई, कम विदेशी मुद्रा भंडार और बाहरी कर्ज चुकाने में विफलता के जोखिम जैसी कठिन चुनौतियां थीं

हरित क्रांति के जनक माने जाते हैं डॉ.एम एस स्वामीनाथन

नई दिल्ली। दिवंगत कृषि वैज्ञानिक डॉ. मनकोम्बु संबासिवन स्वामीनाथन को पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण समेत कई आवॉर्डों से भी सम्मानित किए गए हैं। स्वामीनाथन भारत में 'हरित क्रांति' के जनक माने जाते हैं।

उन्होंने गेहूं और चावल की अधिक उपज देने वाली किस्मों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिससे भारत के कम आय वाले किसानों को अधिक उपज करने में मदद मिली। इतना ही नहीं उन्होंने देश के लिए खाद्य सुरक्षा भी सुनिश्चित की। उन्हें एक ऐसे व्यक्ति के रूप में भी जाना जाता है जिसने भारत को 'भूख के ट्रैप' से बाहर निकाला। इसके अलावा उन्होंने भारत में कृषि की प्रोडेक्टिविटी बढ़ाने के लिए के एक रिपोर्ट पेश की थी, जिसे स्वामीनाथन रिपोर्ट कहा जाता है, जो आज तक लागू नहीं की गई। प्रोफेसर एम एस स्वामीनाथन की अध्यक्षता में 2004 में राष्ट्रीय किसान आयोग (एनसीएफ) का गठन किया गया था।

1965 में स्वामीनाथन को चेकोस्लोवाक एकेडमी ऑफ साइंसेज से मेंडल मेमोरियल मेडल मिला।

1967 में पद्म श्री, 1972 में पद्म भूषण और 1989 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

1971 में रेमन मैग्सेसे और 1986 में अल्बर्ट आइंस्टीन वर्ल्ड साइंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

1987 में वर्ल्ड फूड सेफ्टी अवॉर्ड और 1991 में पर्यावरणीय उपलब्धि के लिए टायलर अवॉर्ड मिला।

पाकिस्तान : आम चुनाव की मतगणना जारी, 49 सीट पर इमरान के उम्मीदवारों की दावेदारी

इमरान-नवाज की सियासी टक्कर

इस्लामाबाद, एजेंसी

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को पाकिस्तान के चुनाव नतीजों में शुक्रवार को बढ़त मिली। इमरान की पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार आश्चर्यजनक रूप से अच्छा प्रदर्शन करते नजर आ रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जेल में हैं और उनके चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध है।

चुनाव आयोग ने अब तक नेशनल असेंबली की 122 सीट के नतीजों की घोषणा की है, जिसमें स 49 सीट पर निर्दलीय उम्मीदवारों (ज्यादातर पीटीआई समर्थित) को जीत मिली है। पीएमएल-एन को 39 सीट पर जीत मिली है, जबकि पीपीपी के खाते में 30 सीट गई है। अन्य सीट पर छोटे दलों को जीत मिली है।

खान (71) की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रत्याशी निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं क्योंकि देश के उच्चतम न्यायालय ने उनकी पार्टी को उसके चुनाव चिह्न क्रिकेट का 'बल्ला' से वंचित करने के निर्वाचन आयोग के फैसले को बरकरार रखा है।

122 सीटों का ही परिणाम हुआ है घोषित

मीडिया के अनुसार, कुल 266 सीटों में से 163 सीटों के लिए बुलाए गए अनौपचारिक परिणामों के अनुसार, पीटीआई समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवार 73 सीटों पर आगे चल रहे हैं, इसके बाद पीएमएल-एन 48 और पीपीपी 35 सीटों पर आगे चल रहे हैं। हालांकि, डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) द्वारा केवल 72 सीटों के लिए अनंतिम परिणाम जारी किए गए हैं। ईसीपी के अनुसार, पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार 28 सीटों पर आगे चल रहे हैं, इसके बाद पीएमएल-एन (19 सीटें) और पीपीपी (18 सीटें) के बीच कड़ा मुकाबला है।

नेशनल असेंबली का समीकरण

नेशनल असेंबली की 336 सीट में से 266 पर ही मतदान कराया जाता है, लेकिन बाजौर में, हमले में एक उम्मीदवार की मौत हो जाने के बाद वहां मतदान स्थगित कर दिया गया था। अन्य 60 सीट महिलाओं के लिए और 10 सीट अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित हैं, और ये जीतने वाले दलों को आनुपातिक प्रतिनिधित्व के आधार पर आवंटित की जाती हैं। नई सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को 265 सीट में से 133 सीट जीतनी होंगी।

निराश नवाज शरीफ परिवार ने अपने गढ़ लाहौर से जीत हासिल की

लाहौर। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल) पार्टी से शरीफ परिवार के चार सदस्य आम चुनावों में अपने गढ़ पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर से नेशनल असेंबली की सीटें जीतने में कामयाब रहे। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) को मतदान के बाद अपने निर्वाचन क्षेत्रों के नतीजे घोषित करने में 20 घंटे से अधिक का समय लगा। गुरुवार रात को प्रतिकूल नतीजों को देखकर निराश दिखाई दे रहे शरीफ परिवार को तब खुशी महसूस हुई जब ईसीपी ने लाहौर के चार निर्वाचन क्षेत्रों में उनकी जीत की घोषणा की। इन सीटों पर जेल में बंद प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित उम्मीदवार बड़े अंतर से आगे थे। पीएमएल-एन के सुप्रीमो और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ (74) ने एनए-130 सीट पर 172,000 से अधिक वोट हासिल कर जीत हासिल की, जबकि पीटीआई उम्मीदवार डॉ. यास्मीन राशिद को 113,000 से अधिक वोट मिले। नवाज की बेटी मरियम नवाज (50) ने एनए-119 सीट से 83,000 से अधिक वोट हासिल कर जीत हासिल की।

आगामी लोस चुनाव में 97 करोड़ मतदाता करेंगे मतदानः ईसी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बताया कि इस साल लोकसभा चुनाव में 97 करोड़ भारतीय मतदान करने के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि 18 से 29 साल की उम्र वाले दो करोड़ से ज्यादा युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल किया गया है।

2019 से पंजीकृत मतदाताओं में छह फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। दुनिया के सबसे बड़े मतदाता वर्ग 96.88 करोड़ आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने के लिए तैयार हैं। पोल पैनल ने बताया कि लिंक अनुपात 2023 में 940 से बढ़कर 2024 में 948 हो गया है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पुणे में एक संवाददाता सम्मेलन में राजनीतिक दलों की भागीदारी के साथ-साथ मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए विभिन्न कामों के बारे में जानकारी दी थी। महिला मतदाताओं की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। घर-घर जाकर जांच करने के बाद 1,65,76,654 मृतकों, स्थानांतरित और फर्जी मतदाताओं के नाम को सूची से हटा दिया गया है।

प्रशांत क्षेत्र, प. एशिया समेत कई मुद्दों पर चर्चा : जयशंकर

हिंद महासागर सम्मेलन

पर्थ, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से मुलाकात की और द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी, भारत-प्रशांत क्षेत्र, पश्चिम एशिया की स्थिति और अन्य क्षेत्रीय और वैश्विक विषयों पर चर्चा की। जयशंकर शुक्रवार से हिंद महासागर पर शुरू होने वाले दो दिवसीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए ऑस्ट्रेलियाई शहर पर्थ में हैं।

जयशंकर श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री वोंग और अपने सिंगापुर के समकक्ष विवियन बालाकृष्णन के साथ सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। जयशंकर ने बैठक की कुछ तस्वीरों के साथ एक्स पर पोस्ट किया, आज पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री से मिलकर खुशी हुई। हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी और हिंद महासागर से

संबंधित मामलों पर अभिसरण पर अच्छा आदान-प्रदान हुआ। साथ ही इंडो-पैसिफिक, पश्चिम एशिया की स्थिति और अन्य क्षेत्रीय और वैश्विक विषयों पर भी चर्चा की।

हिंद महासागर सम्मेलन' इस क्षेत्र के देशों के लिए एक प्रमुख परामर्शदात्री मंच है, जो विदेश मंत्रालय (एमईए) द्वारा इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सम्मेलन का सातवां संस्करण ऑस्ट्रेलियाई सरकार के विदेश मामलों और व्यापार विभाग के साथ-साथ सिंगापुर के एस राजरत्नम स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज और पर्थ-यूएस एशिया सेंटर के सहयोग से 9 और 10 फरवरी को पर्थ में आयोजित किया जा रहा है।

अमेरिका बोला हिंद-प्रशांत में प्रमुख भागीदार है मालदीव

वाशिंगटन। अमेरिका ने मालदीव को स्वतंत्र, खुला, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण भागीदार बताया। साथ ही कहा कि वह द्वीपसमूह राष्ट्र के साथ सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

चीन समर्थक नेता माने जाने वाले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पदभार संभालने के कुछ महीनों बाद, दक्षिण और मध्य एशिया के लिए अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने हाल ही में मालदीव का दौरा किया। माले में लू ने रक्षा सहयोग, आर्थिक विकास और लोकतांत्रिक शासन सहित साझा प्राथमिकताओं पर चर्चा करने के लिए मोहम्मद मुइज्जू और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की।

उन्होंने मालदीव में अमेरिकी दूतावास की स्थापना पर प्रगति पर भी चर्चा की। लू ने मालदीव में लोकतांत्रिक शासन और पारदर्शिता पर चर्चा के लिए सिविल सोसायटी के सदस्यों और उच्च शिक्षा अधिकारियों से भी मुलाकात की।

एक नजर

14 फरवरी को अमेरिका की निजी कंपनी भेजेगी मून मिशन

वाशिंगटन। नासा और स्पेश एक्स की मदद से एक अमेरिकी कंपनी मिशन मून की तैयारी कर रही है। अमेरिकी कंपनी इंट्यूएटिव मशीन्स का लक्ष्य 14 फरवरी को स्पेसएक्स के फाल्कन 9 राकेट की मदद से लैंडर लांच करना है। यह नासा समर्थित कंपनी एस्ट्रोबायोटिक टेक्नोलाजी के चंद्र लैंडर के बाद सामने आई है। कंपनी पिछले महीने फ्यूल संबंधी समस्या की वजह से चंद्रमा तक अपने मिशन को पहुंचाने में कामयाब नहीं रही थी। ह्यूस्टन स्थित इंट्यूएटिव आइएम-1 चंद्र लैंडर फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से फाल्कन-9 राकेट से 14 फरवरी को 12 :57 बजे उड़ान भरेगा, जो इंट्यूएटिव मशीन्स के रोबोटिक नोवा-सी लैंडर ओडीसियस को भेजेगा। यदि सब कुछ ठीक रहा तो ओडीसियस 22 फरवरी को चंद्रमा की सतह पर उतरने वाला पहला निजी अंतरिक्ष यान बनकर इतिहास रच सकता है।

यूएनः गुटेरेस ने शांति के लिए एकजुट होने का किया आह्वान

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शांति के लिए एकजुट होने के प्रयासों का आह्वान किया है। गुटेरेस ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अपनी 2024 प्राथमिकताओं पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा यह आवश्यक है कि हम न्यायसंगत और शांति के लिए काम करें, लेकिन संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुरूप शांति के लिए काम करें। उन्होंने कहा, कल, मैंने इस वर्ष और उससे आगे की प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए महासभा को संबोधित किया। यह एक लंबा और विस्तृत एजेंडा है, लेकिन विभिन्न चुनौतियां एक समान धागे से जुड़ी हुई हैं। इसके सभी आयामों में शांति की आवश्यकता है क्योंकि शांति वह बंधन है जो बांधता है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने जोर देकर कहा कि यह राष्ट्रों के बीच गंभीर बातचीत, पुरानी संस्थाओं में सुधार और बहुपक्षीय शासन के प्रभावी, नवीनीकृत और समावेशी तंत्र के साथ बहुध्रुवीयता को अपनाने का आह्वान है।

अमेरिका ने यमन के हूती विद्रोहियों पर फिर किए हवाई हमले

वाशिंगटन। अमेरिकी सेना ने यमन के हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर फिर से हवाई हमले किए हैं। अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड ने बताया कि अमेरिकी सैन्य बलों ने गुरुवार को विस्फोटकों से लदी उन चार ड्रोन नौकाओं और सात पोत रोधी क्रूज मिसाइल लॉन्चर को नष्ट कर दिया, जिनके द्वारा लाल सागर में पोतों को निशाना बनाए जाने की आशंका थी। सेंट्रल कमांड ने कहा, वे क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के पोतों और वाणिज्यिक पोतों के लिए खतरा थे। ये कदम नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करेंगे और अमेरिकी नौसेना एवं वाणिज्यिक पोतों के लिए अंतर्राष्ट्रीय जल क्षेत्र को अधिक सुरक्षित बनाने में मदद करेंगे।

असम-मिजोरम अंतरराज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने में हुए सहमत

गुवाहटी, एजेंसी

▸▸ मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और लालडुहोमा के बीच बैठक, 2021 में हुआ था भारी विवाद

मिजोरम और असम ने शुक्रवार को लंबे समय से चल रहे अंतर्राज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सहमति जताई है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मिजोरम के सीएम लालडुहोमा को आमंत्रित किया। बता दें कि लालडुहोमा फिलहाल गुवाहटी में ही मौजूद हैं।

बैठक में सीएम सरमा और लालडुहोमा ने दोनों पूर्वोत्तर राज्यों के बीच सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सामूहिक प्रयास पर सहमति जताई है। दोनों नेताओं ने सीमा पर शांति बरतने पर भी जोर दिया। मिजोरम के तीन जिले आइजोल, कोलासिब और ममित असम के कछार, कर्मगंज और हैलनकांडी जिलों के साथ 164.6 किमी सीमा साझा करते हैं। दोनों राज्यों के बीच लंबे समय से ही सीमा विवाद चल रहा है। मिजोरम का दावा है कि बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन (बीईएफआर) 1873 के तहत 1875 में अधिसूचित इनर लाइन आरक्षित वन का 509 वर्ग मील क्षेत्र उनका है। वहीं दूसरी

तरफ असम 1933 को सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा तैयार किए गए मानचित्र में दिखाई गई सीमा को अपना क्षेत्र बता रहा है। इनर लाइन आरक्षित वन का एक बड़ा हिस्सा असम के अंतर्गत आता है। 1933 के सीमांकन के अनुसार क्षेत्र का एक निश्चित हिस्सा मिजोरम में पड़ता है। साल 2021 में असम और मिजोरम के बीच सीमा विवाद ने विशाल मोड़ ले लिया था, जब दोनों राज्यों के पुलिसबल ने सीमाओं पर गोलीबारी की थी। इस घटना में छह पुलिसकर्मी और एक असम के नागरिक की मौत हो गई थी।

तापमान में वृद्धि...

शिमला : हिमाचल के पहाड़ी हिस्सों में ताजा पूर्वानुमान के अनुसार 14 फरवरी तक मौसम के साफ रहेगा। ऐसे में तापमान में अब वृद्धि होगी। 15 फरवरी के बाद हल्का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा हालांकि उसका भी ज्यादा असर नहीं है। शुक्रवार को तेज धूप के खिले रहने से अधिकतम तापमान में तीन से नौ डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान में सबसे अधिक वृद्धि कुल्लू के सेओबाग में 8.8, शिमला में 6.6, मनाली में 6.1, मंडी, हमीरपुर व बिलासपुर में चार से पांच डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। ● एजेंसी

यूबीटी गुट के नेता की हत्या का एक आरोपी गिरफ्तार, जांच जारी

मुंबई, एजेंसी

▸▸ गुरुवार को पूर्व सभासद अभिषेक की फेसबुक लाइव में गोली मारकर की थी हत्या

मुंबई के उपनगर दहिसर में शिवसेना (यूबीटी) के पूर्व सभासद अभिषेक घोषालकर की गोली मारकर हत्या करने के मामले में मृतक हमलावर के साथी आरोपी को हिरासत में लिया गया है। मुंबई पुलिस ने बताया कि हमलावर से पूछताछ चल रही है और मामले की गहन जांच भी जारी है।

मुंबई पुलिस ने बताया मेहुल नाम के शख्स को हिरासत में लिया गया है, जिससे पूछताछ चल रही है। करीब 7 घंटे तक घटनास्थल की जांच के बाद पुलिस ने एक पिस्टल, एक जिंदा कारतूस और सीसीटीवी फुटेज बरामद किया गया है। मालूम हो कि इस मामले की जांच की जिम्मेदारी भी मुंबई क्राइम ब्रांच को दी गई है। घटना का एक वायरल वीडियो, जो गुरुवार शाम बोरीवली (पश्चिम) के उत्तरी उपनगर में आईसी कॉलोनी में हमलावर मौरिस नोरोन्हा के कार्यालय में हुआ। वहां घोसालकर को पेट और कंधे में गोली मारते देखा गया है। क्राइम ब्रांच की जांच कई पहलुओं पर केंद्रित होगी, जिसमें नोरोन्हा को हथियार कैसे मिला और उसे किसने मुहैया कराया, क्या वह नशे में था और घोसालकर पर गोलीबारी के समय मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ भी शामिल है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि देर रात मामला आगे की जांच के लिए मुंबई क्राइम ब्रांच को स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता और जांच के दायरे को देखते हुए यह निर्णय लिया गया। अधिकारी ने बताया कि क्राइम ब्रांच की एक टीम ने भी स्थानीय पुलिस के साथ घटनास्थल का दौरा किया।

गाजाः हमलों में 13 लोगों की मौत, अमेरिका बोला- इजराइल की कार्रवाई अविश्वसनीय

वाशिंगटन, एजेंसी। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा हमास की संघर्ष शर्तों को अस्वीकार करने और दक्षिणी गाजा शहर में हमलों को बढ़ाने का संकल्प करने के बाद गाजा पट्टी के राफा में इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने गाजा में इजराइल की कार्रवाई को अविश्वसनीय बताया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका संघर्ष विराम के लिए इजराइल और हमास पर लगातार दबाव डाल रहा है। बाइडन ने गुरुवार को कहा, 'जैसा कि आप जानते हैं, मेरा मानना है कि गाजा पट्टी में हो रही कार्रवाई चरम पर है। मिस्र से लगने वाली शहर राफा में गाजा की आधी आबादी आ गई है। मिस्र ने यहां कोई भी जवाबी कार्रवाई नहीं करने की चेतावनी दी है। कुवैती अस्पतालों के अनुसार, हमलों में दो महिलाओं और पांच बच्चों समेत कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई है। इजराइल के चार महीनों से जारी हवाई और जमीनी हमलों में फिलिस्तीन के 27 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इजराइल के हमलों ने अधिकांश लोगों को उनके घरों को छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया।

विज्ञान सही मौके पर अंतरिक्ष में भेजा गया है आदित्य एल-1, सौर चक्र के अत्यधिक सौर सक्रियता सुलझने की संभावना

गामा-किरण विकिरण की गुत्थी सुलझाएगा आदित्य एल-1

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : सूर्य के ध्रुवीय क्षेत्रों में उच्च-ऊर्जा गामा-किरण विकिरण उत्सर्जन की गुत्थी अभी तक नही सुलझ पाई है। इस सौर चक्र के अत्यधिक सौर सक्रियता में इस पहेली के सुलझने की संभावना सौर वैज्ञानिक जता रहे हैं।

संभव है कि भारतीय सौर मिशन आदित्य एल-1 इस रहस्य से पर्दा उठा सके। दरअसल अंतिम सौर अधिकतम के दौरान सूर्य के ध्रुवीय क्षेत्रों ने उच्च-ऊर्जा गामा-किरण विकिरण सामान्य से कई गुना अधिक उत्सर्जित होने लगती है। नासा ने इस रहस्य का पता पिछले सौर चक्र के अधिकतम दौर के दौरान किया था। यह जानकरी फर्मी अंतरिक्ष दूरबीन से 2014 में पता चली थी।



सूर्य के साथ आदित्य एल 1 की तस्वीर।

ज्ञातव्य हो सूर्य की गामा किरणों सहित विद्युत चुम्बकीय विकिरण की सभी तरंग दैर्ध्य में चमकने के लिए जाना जाता है, लेकिन यह सौर सतह पर समान रूप से वितरित होना चाहिए।

मगर ऐसा नही होने से ध्रुवीय क्षेत्रों के उच्च गतिविधि का पता लगाने वाले वैज्ञानिक इस असंतुलन की व्याख्या नहीं कर सकते हैं।

इस रहस्य को समझने के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स एंड स्पेस साइंसेज के शोधकर्ता ब्रूनो अर्सिओली का कहना है कि चालू अधिकतम सौर चक्र में यह गुत्थी सुलझ सकती है। जान लीजिए नया सौर चक्र दिसंबर 2019 में शुरू हुआ था। जिसका अधिकतम सौर सक्रियता 20 25 तक रहेगी।

वैज्ञानिक बोले- महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा भारतीय मिशन

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डॉ. वहाब उद्दीन का कहना है कि असामान्य उच्च-ऊर्जा गामा-किरण विकिरण की गुत्थी को सुलझाने में इसरो का भारतीय मिशन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इन दिनों आदित्य एल-1 को ऐसे मौके पर लॉन्च किया गया है, जब वह सूर्य अपने अधिकतम सक्रियता के दौर से गुजरता है। इस दौरान सूर्य पर होने वाले विस्फोटों को देखा जा सकता है और धरती की ओर आने वाले चुम्बकीय तूफानों का आदित्य एल 1 बखूबी देख सकता है। कोरोना जैसी गुत्थी को सुलझा सकता है।

आइलैंड में जीता चुनाव, राष्ट्रपति पद के करीब पहुंचे ट्रंप

लास वेगास। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी में उम्मीदवारी की दौड़ में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने गुरुवार को नेवादा और वर्जिन आइलैंड में भी जीत हासिल कर ली। नेवादा में उनकी प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली ने काकस के बजाय प्राइमरी चुनाव का विकल्प चुना था, इसलिए ट्रंप यहां इकलौते प्रमुख उम्मीदवार थे।

निक्की हेली रिपब्लिकन पार्टी में ट्रंप के सामने डटी हुई हैं। नेवादा में ट्रंप की जीत से उन्हें राज्य के सभी 26 डेलीगेट मिल गए। इस प्रकार वर्जिन आइलैंड से भी चार डेलीगेट हासिल कर लिए है। ट्रंप को 74 प्रतिशत तो निक्की को 26 प्रतिशत वोट मिले। औपचारिक रूप से पार्टी का नामांकन हासिल करने के लिए उन्हें 1,215 प्रतिनिधियों की आवश्यकता है और वह मार्च में इस संख्या तक पहुंच सकते हैं।